*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
10 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 113

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

सीएम हेमंत सोरेन से प्रसिद्ध उद्योगपति जेएसडब्ल्यू स्टील के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल ने मुलाकात की






## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत

**कांकेर (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोरर के पास भीषण सड़क हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत हो गयी है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गये। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। हादसा गुरुवार को कोरर के चिलहटी चौक के पास हुआ। सभी बच्चों की उम्र 5 से 8 साल के बीच थी। 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा। ड्राइवर और एक बच्चे को गंभीर हालत में कांकेर से रायपुर रेफर किया गया है। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से 7 स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत पर दुख जताते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि समाचार बेहद दुःखद है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है।

### राज्यसभा में गरजे, बरसे और ललकारे प्रधानमंत्री

# एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा : नरेंद्र मोदी

- राजनीतिक खेल खेलने वाले बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं
- कांग्रेस पर साधा निशाना, नेहरू का सरनेम नहीं रखने पर कसा तंज
- मोदी डेढ़ घंटे तक बोले, विपक्ष करता रह गया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी के तकरीबन डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान विपक्ष नारेबाजी और हंगामा करता रहा। इसी हंगामे के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने विपक्ष को ललकारा। वह सदन में बरसे और गरजे। सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। विपक्ष पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता की रोजी रोटी के लिए हमने काम किया। 140 करोड़ लोगों के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। अरे नारे बोलने के लिए भी लोग बदलने पड़ रहे हैं। मैं घंटेभर से जवाब दे रहा हूं, रुका नहीं रहा। देश के लिए जीता हूं, देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हूं। इसलिए राजनीतिक खेल खेलने वालों के अंदर-अंदर हौसला नहीं है। वे बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं।

**विपक्ष पर साधा निशाना :** प्रधानमंत्री ने कहा पिछले कुछ वर्षों में 27 लाख करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से सीधा हितधारकों के खातों में गये हैं। इससे 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रुपया, जो किसी इको-सिस्टम के हाथों में जा सकता था, वो बच गया। अब जिनको ये पैसा नहीं मिल पाया, उनका चिल्लाना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि इनकी राजनीति, अर्थ नीति और समाज नीति वोट बैंक के आधार पर ही चलती थी, लेकिन हमने रेहड़ी-ठेले पटरी वालों की चिंता की। पीएम स्वनिधि और पीएम विकास योजना के जरिए हमने समाज के एक बड़े वर्ग का सामर्थ्य बढ़ाने का काम किया है।

**नेहरू सरनेम से शर्मिंदगी क्यों?** प्रधानमंत्री ने देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु का जिक्र करते हुए गांधी परिवार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि 600 से ज्यादा योजनाएं गांधी-नेहरू के परिवार के नाम पर हैं। अगर अब किसी कार्यक्रम में नेहरू जी का नाम नहीं प्रयोग हुआ तो कुछ लोगों का खून गर्म हो जाता था, लेकिन मुझे ये समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से डरता क्यों है। क्या शर्मिंदगी है नेहरू सरनेम रखने में। इतना बड़ा महान व्यक्ति आपको और आपके परिवार को मंजूर नहीं है और आप हमारा हिसाब मांगते हो।

**इंदिरा गांधी पर भी साधा निशाना :** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का जिक्र करके भी गांधी परिवार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि जो लोग आज विपक्ष में बैठे हैं। उन्होंने राज्यों के अधिकारों को घज्जियां उड़ा दीं। मैं कच्चा-चिट्ठा खोलना चाहता हूं। वो लोग कौन थे, जिन्होंने आर्टिकल 356 का दुरुपयोग किया? वे लोग कौन हैं, जिन्होंने यह किया और चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया। एक प्रधानमंत्री ने आर्टिकल 356 का 50 पर प्रयोग किया, वह नाम है इंदिरा गांधी।

**आदिवासियों को विकास से दूर रखा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 1857 से लेकर 2014 तक हिंदुस्तान का कोई भी भूभाग उठा लीजिए। आजादी की लड़ाई में आदिवासियों का योगदान सुनहरे पन्नों से भरा है, लेकिन दशकों तक आदिवासी भाईयों को विकास से वंचित रखा गया। विश्वास का सेतु तो कभी बना ही नहीं। नौजवानों के मन में बार-बार सरकारों के लिए सवाल उठते गये। सही नीयत से आदिवासियों के कल्याण के लिए समर्पण से काम किया होता तो 21वीं सदी के तीसरे दशक में मुझे इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती। अटल सरकार में आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय और अलग बजट की व्यवस्था हुई।



### प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की मुख्य बातें

- जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा।
- एक परिवार ने 60 साल में देश में गड्ढे ही गड्ढे दिये
- देश किसी परिवार की जागीर नहीं।
- हमने द्वीपों को परमवीर चक्र पाने वाले वीरों के नाम पर रख दिया। मेजर ध्यान चंद्र के नाम पर खेल खत्न का नाम रख दिया। हमें गर्व हो रहा है।
- पहले परियोजनाएं लटकाने, भटकाने का कल्चर था। हमने टेक्नोलॉजी का प्लेटफॉर्म तैयार किया और इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट को गति देने का काम किया।
- दिनरात मेहनत करेंगे, लेकिन उम्मीदों को चोट नहीं पहुंचने देंगे।
- इनका वोट नहीं था इसलिए नॉर्थ-ईस्ट में बिजली नहीं पहुंचाई।
- हमारी सरकार ने नार्थ इस्ट में 22 घंटे बिजली देना का काम किया।
- इन्होंने राजनीति के लिए किसानों का इस्तेमाल किया। हमारी सरकार ने छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया।
- वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिकों को नीचा दिखाने के लिए प्रयास हुए।
- एक वक्त राजभवनों को कांग्रेस का दफ्तर बना दिया गया था।

### गोला में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए आजसू सुप्रीमो

# रामगढ़ के उपचुनाव में अबकी बार डेढ़ लाख पार: सुदेश महतो



गोला से अंजनी/बीरू कुमार

**रामगढ़।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि रामगढ़ उपचुनाव में अबकी बार डेढ़ लाख पार होगा। चूल्हा प्रमुखों की मेहनत से हमारे प्रत्याशी को डेढ़ लाख से अधिक वोट मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार 3 वर्षों में केवल गुमराह किया है। नौकरी के नाम पर छात्रों को छला है। बड़ी-बड़ी बातें कर हेमंत सरकार सत्ता में आयी, लेकिन उनका काम ईमानदार नहीं है। वे डर के कारण जल्दबाजी में बड़े-बड़े फैसले लेकर केवल राज्यवासियों को गुमराह कर रहे हैं। सुदेश गुरुवार को सीपीसी कॉलेज गोला में आयोजित चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सुदेश ने कहा कि हेमंत सरकार लाखों युवाओं को नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आयी। सरकार कुछ ही नौकरियां देकर जोहार यात्रा पर निकले हैं भाई। उन्होंने इशारों ही इशारों में पुलिस प्रशासन के रवैया पर भी चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि दरोगा जी आप दरोगा जी ही रहिए। सत्ता परिवर्तन होते रहता है। बेवजह किसी को टारगेट ना करें। उन्होंने गोला बीडीओ पर भी चुटकी ली है। उन्होंने कहा है कि मेरे तक खबर आयी है कि गोला बीडीओ किसी दल विशेष के लिए पार्टी बन जाते हैं। जो बिल्कुल ठीक नहीं है। सम्मेलन में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रामचंद्र साहिस, उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव विजय साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी सहित कई नेता शामिल थे।

(विस्तृत पेज 3 पर)

# झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ी, रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ गयी है। उनको रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि शिबू सोरेन को सांस लेने में तकलीफ महसूस हो रही है, जिससे उन्हें भर्ती कराने की नौबत आयी है। उनका इलाज डॉक्टरों की पूरी टीम कर रही है। उन्हें जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तब उनके पास पुत्रवधू कल्पना सोरेन मौजूद थीं। इससे पहले शिबू सोरेन की तबीयत साल 2020 में तब बिगड़ी थी जब उनको कोरोना हो गया था।


मालूम हो कि साल 2020 में कोविड संक्रमण के दौरान शिबू सोरेन क्वारंटीन थे। बाद में तबीयत बिगड़ने पर रांची के ही मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब शिबू सोरेन सांस लेने में परेशान आयी थी। एकबार फिर उन्हें इसी तकलीफ के चलते रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेदांता के सीनियर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित समेत तमाम वरिष्ठ डाक्टर उनके इलाज में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक उनका कई तरह का टेस्ट किया गया है। जिसमें इंफेक्शन की आशंका जतायी गयी है।

# राज्यपाल ने तीसरी बार लौटाया झारखंड वित्त विधेयक

- विधेयक का गंभीरतापूर्वक समीक्षा करने की दी सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को झारखंड विधान सभा से पारित झारखंड वित्त विधेयक-2022 को तीसरी बार राज्य सरकार को लौटा दिया है। साथ ही राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि इस विधेयक में उल्लेखित बिंदुओं और विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की जाये। राज्यपाल ने कहा है कि यह भारत के संविधान की अनुसूची सात के तहत राज्य सूची में समाहित है या नहीं यह देखा जाये। विधेयक में बीमा या अन्य प्रावधानों से संबंधित कोई विवरण संघ सूची या समवर्ती सूची में तो सम्मिलित नहीं है? बता दें कि भारत के



संविधान के अनुसूची सात के तहत संघ सूची-एक के क्रम संख्या 47 में बीमा से संबंधित विषय का वर्णन किया गया है। राज्यपाल ने इन बिन्दुओं पर राज्य सरकार को विधि विभाग से मंतव्य प्राप्त कर इस विधेयक को अनुमोदन के लिए भेजने का निर्देश दिया। बता दें कि यह विधेयक पूर्व में भी दो बार राज्यपाल के अनुमोदन के लिए आया था। प्रथम बार हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण में रुपान्तरण संबंधी विभिन्न विसंगतियों के कारण इस विधेयक को वापस कर दिया गया। तत्पश्चात यह विधेयक राज्य सरकार द्वारा संशोधित विधेयक को बिना झारखंड विधानसभा से पारित किये ही राज्यपाल की सहमति के लिए प्रेषित कर दिया गया। राज्यपाल ने राज्य सरकार को यह कहते हुए इस विधेयक को फिर वापस किया कि संशोधित विधेयक को झारखंड विधानसभा से पारित करा कर अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रेषित करें।

### झारखंड सरकार कैबिनेट ने 25 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# 20 मॉडल स्कूल बनेंगे आवासीय विद्यालय

- कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मियों के मानदेय में 20 फीसदी बढ़ोत्तरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य के 20 मॉडल स्कूलों को आवासीय स्कूल में बदलने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही किन मॉडल स्कूलों को आवासीय स्कूल में तब्दील किया जाएगा, उसकी सूची बनायी गयी है। वहीं राज्य में संचालित 203 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के मानदेय में 20 फीसदी बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 1234 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार तीन करोड़ 53 लाख रुपये वहन करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इनके साथ ही कुल 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**खाद्य सुरक्षा के तहत एक साल तक मिलेगा खाद्यान :** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुकों को जनवरी 2023 से एक साल तक निःशुल्क खाद्यान दिया जाएगा। इसका लाभ 20 लाख लाभुकों को होने वाला है। उधर, 22 जिला के 226 सूखाड़ घोषित प्रखंड़ों में सूखा राहत योजना के तहत राशि वितरित करने के लिए 268 करोड़ 14 लाख 35 हजार 500 रुपये झारखंड आकस्मिकता निधि से कर्ज लेने की स्वीकृति दी गयी। राज्य योजनामद में आने वाले इंटर प्रशिक्षित ऊर्दू शिक्षकों को गैर योजनामद में लाने का




निर्णय लिया गया है।

**पीपीपी मोड में डेवलप होंगे पर्यटन स्थल :** कैबिनेट की बैठक में पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड में विकसित करने संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगायी गयी। इसके तहत राज्य के पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए दिया जाएगा। चयनीत एजेंसी पर्यटन स्थलों को विकसित करेंगी और उसे संचालित भी करेगी। पर्यटन विभाग के कॉफी टेबल बुक के लिए आउटलूक ग्रुप (पत्रिका प्रकाशन) को नॉमिनेशन के आधार पर काम आवंटित किया गया। इस पर 19 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। तीन सौ कॉपी प्रकाशित की जाएगी।

**एएनएम-जीएनएम को अस्पतालों में काम करना अनिवार्य :** कैबिनेट में निर्णण लिया गया है कि राज्य सरकार की ओर से संचालित नर्सिंग संस्थानों में प्रशिक्षण लेने वाली नर्सों को अब राज्य के जिला और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में एक साल तक बांड के तहत काम करना होगा। फिलहाल यह व्यवस्था रिम्स में लागू है। अब इसे पूरे राज्य के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इस दौरान उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपये दिये जाएंगे। जो नर्सें बांड के तहत काम नहीं करेंगी, उन्हें एक लाख रुपये देना होगा।

### कैबिनेट के अहम फैसले

- सूचना आयुक्त के वेतनमान और अन्य सुविधाओं में संसोधन की स्वीकृति
- रांची में बन रहे तारामंडल के लिए चिरौंदी सेंटर को अगले तीन साल तक संचालित करने का जिम्मा आर्बिट एनिमेट कंपनी को दिया गया।
- स्टेट कमांड कंट्रोल सेंटर बनाने की स्वीकृति दी गयी। यह सेंटर विधानसभा या एचइसी एरिया में किया जाएगा।
- नेतरहाट के सनराइज प्वाइंट, नेतरहाट लेक तक कुल छह किलोमीटर तक की सड़क को दुरुस्त करने की मंजूरी।
- स्मार्ट सिटी के तहत बकाया राशि एचइसी को देने की मिली स्वीकृति।



आजाद सिपाही झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,700 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# अगले दो साल तक 'चुनावी मोड' में रहेगा झारखंड

## हर मोड़ पर होगा हेमंत सोरेन और भाजपा का आमना-सामना : यूपीए बनाम एनडीए के मुकाबले के रोमांच में तैरता रहेगा प्रदेश

आजाद सिपाही विशेष

**भारत के राजनीतिक मानचित्र पर 22 साल पहले उभरे राज्य झारखंड की वैसे तो कई खासियतें हैं, लेकिन एक खासियत ऐसी है, जो शायद दूसरे राज्यों में नहीं है। यह खासियत है कि सवा तीन करोड़ की आबादी वाला यह राज्य सियासी नजरिये से बेहद संवेदनशील है। सियासत का चाहे कोई भी स्वरूप हो, झारखंड उसमें पूरी तरह डूब कर शामिल होता है। चाहे निकाय चुनाव हो या विधानसभा का या फिर लोकसभा का ही चुनाव क्यों न हो, झारखंड का कोना-कोना मानो इसकी अनुगूंज से स्पंदित होने लगता है। अब अगले दो साल तक झारखंड की वादियों में चुनावी अनुगूंज अक्सर सुनाई देनेवाली है, क्योंकि झारखंड में 2023 और 2024 के बीच कई चुनाव होने वाले है। इसी महीने की 27 तारीख को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव है, जिसकी प्रक्रिया जारी है। पूरे झारखंड में इसकी धमक सुनाई देने लगी है। इसके बाद इस साल के मध्य में राज्य में नगर निकाय चुनाव भी कराये जा सकते हैं, जो हालांकि दलीय आधार पर नहीं होंगे, लेकिन राजनीतिक दल इसमें भी नेपथ्य में रहेंगे। निकाय चुनाव के बाद राज्य में 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जायेंगी और फिर अगले साल के अंत में विधानसभा चुनाव निर्धारित है। इन तमाम चुनावी यात्राओं में कई उतार-चढ़ाव आयेंगे, कई मोड़ आयेंगे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि हर मोड़ पर मुकाबला हेमंत सोरेन के साथ ही होगा। हरेक मुकाबले में उनके नेतृत्व में यूपीए होगा, तो भाजपा के नेतृत्व में एनडीए। झारखंड के इसी 'चुनावी मोड' के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

राजनीतिक रूप से बेहद सक्रिय रहनेवाले झारखंड के लिए वर्ष 2023 और 2024 सियासी नजरिये से बेहद अहम साल साबित होने वाले हैं। अभी 2023 की शुरुआत हुई है और राज्य की रामगढ़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर सियासी माहौल में सरगर्मी घुल गयी है। आने वाले तीन-चार महीनों के भीतर राज्य में 49 नगर निकायों के चुनाव संभावित हैं, जबकि वर्ष 2024 के पूर्वार्द्ध में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और उत्तरार्द्ध, यानी नवंबर-दिसंबर में झारखंड विधानसभा के भी चुनाव कराये जायेंगे। इन सभी चुनावों के समीकरण बहुत हद तक इस फैक्टर पर तय होंगे कि एनडीए और यूपीए- दोनों खेमों के घटक दलों के बीच आपसी एकता किस हद तक बन पाती है। झारखंड के मौजूदा सियासी परिदृश्य में यह तथ्य भी आइने की तरह साफ है कि झारखंड के मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन सभी चुनावों में एक अहम धुरी होंगे।

बात शुरू करते हैं रामगढ़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव की, जहां आगामी 27 फरवरी को वोट डाले जाने हैं। इस सीट पर 2019 में जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस की ममता देवी को हजारीबाग जिले की अदालत ने एक आपराधिक मामले में सात साल की सजा सुनायी और इसके बाद उनकी विधायकी निरस्त कर दी गयी थी। इस वजह से यहां उपचुनाव कराये जा रहे हैं। झारखंड में एनडीए के घटक आजसू ने यहां गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता देवी को प्रत्याशी बनाया है। वह 2019 के विधानसभा चुनाव में भी आजसू की प्रत्याशी थीं, लेकिन पराजित हो गयी थीं। इस चुनाव में एनडीए फोल्डर में फूट पड़ गयी थी। आजसू और भाजपा दोनों ने अपने प्रत्याशी उतार दिये थे। इस बार आजसू प्रत्याशी को भाजपा का भी समर्थन है। उनका मुकाबला यूपीए की घटक और झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस के बजरंग महतो से हो रहा है। बजरंग महतो निवर्तमान विधायक ममता देवी के पति हैं। वह अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं, ताकि सहानुभूति बटोर सकें। उन्हें झामुमो और राजद का समर्थन हासिल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद इस उपचुनाव में दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा में है, जो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का ही हिस्सा है। इसलिए हेमंत खुद चुनाव प्रचार करने आनेवाले हैं। 2019 के बाद राज्य में चार विधानसभा सीटों दुमका, बेरमो, मधुपुर और मांडर में अलग-अलग वजहों से उपचुनाव कराये गये और चारों उपचुनावों में यूपीए ने एकता बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की है।



### अप्रैल-मई में नगर निकाय चुनाव की संभावना

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के बाद राज्य में सभी 49 नगर निकायों के चुनाव कराने की घोषणा की जा सकती है। ये चुनाव बीते दिसंबर में ही प्रस्तावित थे, लेकिन मेयर के पदों पर एकल आरक्षण पर विवाद के कारण सरकार ने चुनाव टाल दिये थे। अब इस मसले पर सरकार निर्णय ले चुकी है और सब कुछ ठीक रहा, तो अप्रैल-मई में चुनाव करा लिये जायेंगे। हालांकि नगर निकायों के चुनाव दलीय आधार पर नहीं होंगे, लेकिन इसके बावजूद यूपीए-एनडीए दोनों खेमों के बीच अपने-अपने समर्थकों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोरदार आजमाइश होगी। पिछले नगर निकाय चुनावों में जीत दर्ज करने वालों में भाजपा समर्थकों की तादाद सबसे ज्यादा थी। इस बार हेमंत सोरेन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर नगर निकायों के महत्वपूर्ण पदों के लिए साझा प्रत्याशी उतारने की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भी जुटे सभी प्रमुख दल

2024 में होने वाले सबसे बड़े चुनाव, यानी लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए और यूपीए दोनों ने राज्य में अपने-अपने पक्ष में सियासी समीकरण तैयार करने की संभावनाओं और रणनीतियों पर काम शुरू दिया है। भाजपा के शीर्ष चुनावी रणनीतिकारों में एक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चाईबासा में विजय संकल्प रैली के साथ राज्य में चुनावी अभियान का आगाज कर दिया। इस रैली में अमित शाह के निशाने पर कांग्रेस नहीं, हेमंत सोरेन ही रहे। इसकी वजह यह है कि झारखंड में भाजपा या एनडीए के सामने सबसे बड़ी चुनौती हेमंत सोरेन हैं। हेमंत सोरेन ने भी अमित शाह के प्रहारों का जवाब देने में देरी नहीं की। उन्होंने अमित शाह की रैली के 17 दिन बाद चाईबासा में खतियानी जोहार यात्रा के तहत बड़ी रैली की। सोरेन ने इस रैली में साल 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से वह सभी का आशीर्वाद लेने आये हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल दीजिये, झारखंड गुजरात से ऊपर रहेगा।

यह सर्वविदित है कि आदिवासी वोट बैंक पर हेमत सोरेन और उनकी पार्टी की मजबूत पकड़ है। भाजपा जानती है कि वह इस वोट बैंक को दरकाने में जितनी सफल होगी, लोकसभा के साथ-साथ 2024 में ही होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उसकी राह उतनी आसान होगी। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन राज्य में सरकार चलाते हुए आदिवासियों और झारखंड के मूल निवासियों से जुड़े जमीनी और भावनात्मक मुद्दों पर एक के बाद एक महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति, ओबीसी-एससी-एसटी आरक्षण में वृद्धि, निजी कंपनियों में 40 हजार तक के वेतनवाले पदों पर झारखंड के स्थानीय लोगों के लिए 75 फीसदी आरक्षण जैसे फैसलों का इस्तेमाल वह तुरुप के पत्ते की तरह कर रहे हैं। हेमंत सोरेन सरकार के कई फैसलों पर पूरी तरह सहमत न होने के बावजूद राज्य में कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां उनके साथ खड़ी हैं। इसकी वजह यह कि ये दोनों पार्टियां जानती हैं कि फिलहाल झारखंड में झामुमो के बगैर चुनावी राजनीति में टिके रह पाना मुश्किल है।

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूपीए को मिल सकता है फायदा

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इनमें से 11 सीटों पर भाजपा और एक पर आजसू ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा एक सीट पर झामुमो और एक पर कांग्रेस प्रत्याशी जीता था। इस बार एनडीए के लिए यह परिणाम दोहरा पाना बड़ी चुनौती है। पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त राज्य में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। अभी राज्य में झामुमो की अगुवाई वाले गठबंधन की सरकार है। अगर कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं बनी, तो यह सरकार वर्ष 2024 तक कायम रह सकती है और ऐसे में यहां सोरेन की अगुवाई में ज्यादा बेहतर संसाधनों के साथ चुनाव लड़ने का फायदा यूपीए को मिल सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में यूपीए फोल्डर के तहत चार दलों राजद, झामुमो, कांग्रेस और झारखंड विकास मोर्चा ने 14 में से 13 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ा था। इसके बावजूद इनके हिस्से मात्र दो सीटें आयी थीं। संभावना यही है कि इस बार यूपीए फोल्डर में झामुमो, कांग्रेस और राजद एक साथ मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और हेमंत सोरेन इस एका की सबसे बड़ी धुरी होंगे। फिलहाल इनकी एकता में कोई बड़ी मुश्किल नहीं दिख रही।

विधानसभा चुनाव में होगा रोमांचक मुकाबला झारखंड विधानसभा का चुनाव अगले साल के अंत में तय है। पिछली बार एनडीए में दरार थी। भाजपा और आजसू अलग-अलग चुनाव लड़े, जिसका खामियाजा उन दोनों को भुगतना पड़ा। इस बार ये दोनों एक हैं और साथ में बाबूलाल मरांडी भी आ चुके हैं। इसलिए इस बार विधानसभा का चुनाव भी रोमांचक होगा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि 2024 के लोकसभा चुनाव और इसके बाद विधानसभा चुनाव में सोरेन की अगुवाई वाले इस गठबंधन की संभावित एका किस हद तक असर डाल पायेगी।

---

## धनबाद एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# फूड इंस्पेक्टर और बिचौलिए को 20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद एसीबी ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद और बिचौलिए रामपति तिवारी को 20 हजार की घूस लेते उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया है। रिश्वत खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के लिए लिया जा रहा था। उक्त कार्रवाई एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में की गयी है। इसके साथ ही एसीबी टीम हाउसिंग कॉलोनी स्थित अभिषेक आनंद के आवास में भी जांच कर रही है।

**गोमो के व्यवसायी ने की थी शिकायत :** मामले को लेकर एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि गोमो निवासी सह व्यवसायी रूपेश गुप्ता के द्वारा कार्यालय में शिकायत दी गयी थी।





शिकायत में कहा गया था की वे गोमो में गुप्ता फूड प्रोडक्ट नामक कंपनी चलाते है, जिसके लाइसेंस रिन्यूअल के लिए अप्लाई किया था। जिसको लेकर बीते 2 फरवरी को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया था और लाइसेंस रिन्यूअल के लिए 80 हजार की रिश्वत मांगी गयी।

**सत्यापन के बाद एसीबी ने बिछाया जाल :** शिकायत मिलने के बाद मामले का सत्यापन किया गया,जिसमे मामला सही पाया गया। तत्पश्चात एसीबी ने गुरुवार को जाल बिछाया और खाद्य सुरक्षा विभाग कार्यालय के बाहर रिश्वत का 20 हजार लेते अभिषेक आनंद और उसके बिचौलिए सेवानिवृत कर्मी रामपति तिवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

# 12 से 21 फरवरी तक नक्सलियों का प्रतिरोध दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नक्सली संगठन माओवादी 12 से 21 फरवरी तक 10 दिवसीय प्रतिरोध दिवस मना रहा हैं। यह विरोध झारखंड को माओवादी मुक्त करने के नाम पर कार्रवाई को लेकर है। इस संबंध में नक्सलियों के बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता बादल ने प्रेस नोट जारी किया है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि केंद्र सरकार और राज्य की हेमंत सरकार के निर्देश पर झारखंड को माओवादियों से मुक्त कराने के बहाने पुलिस द्वारा अभूतपूर्व बर्बर पुलिस हमले और आदिवासी मूलनिवासियों पर अघोषित युद्ध के खिलाफ 12 से 21 फरवरी तक 10 एक दिवसीय प्रतिरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। कहा है कि पारसनाथ को जैनियों का तीर्थ स्थल घोषित कर पूरे पारसनाथ के चारों ओर क्षेत्र में कब्जा करने के लिये उसके अंदर मुर्गा-बकरा आदि की बलि देने पर प्रतिबंध लगाने गैर जैनियों को घुसने पर प्रतिबंध लगाने की योजना एक साजिश के तहत सदियों हजारों वर्षों से वास करते आ रहे आदिवासियों को खदेड़ने और कॉर्पोरेट घरानों को कब्जा दिलाने की सुनियोजित योजना का ही अभिन्न हिस्सा है।

झारखंड की हेमंत सरकार केंद्र सरकार के साथ सुर में सुर मिलाकर आदिवासियों को जल-जंगल-जमीन से बेदखल करने के अभूतपूर्व बर्बर पुलिसिया हमले पर न सिर्फ चुप है, बल्कि सहयोग कर रही है। प्रवक्ता बादल ने लोगों से अपील की है कि कोल्हान के आदिवासी मूलनिवासियों पर बर्बर पुलिस हमले और असंवैधानिक अन्यायपूर्ण युद्ध के खिलाफ एकजुट होकर स्पेशल एरिया कमेटी द्वारा आहूत इस प्रतिरोध दिवस को सफल बनायें।


# पूर्व मंत्री सत्यानंद झा के वाहन को रोकने का प्रयास, पुलिस एस्कॉर्ट में पहुंचे घर

**देवघर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सत्यानंद झा बाल-बाल बचे। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री मिहिजाम से अपने घर कुंडहित लौट रहे थे। इसी क्रम में बांदो गांव के समीप अज्ञात वाहन ने पूर्व मंत्री के स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया। पूर्व मंत्री के चालक ने वाहन को भी रोका, लेकिन जैसे ही किसी अनहोनी का संदेह हुआ, तो पूर्व मंत्री के चालक ने अपने वाहन को तेज गति से भगाकर बिंदापाथर थाना पहुंचा, जहां पुलिस को सारी बातें बतायी। इसके बाद बिंदापाथर पुलिस ने पूर्व मंत्री को एस्कॉर्ट कर नाला पहुंचाया। फिर नाला पुलिस ने उन्हें उनका घर कुंडहित पहुंचाया।

# दफादार-चौकीदार के वेतन के लिए 71.20 करोड़ रुपये आवंटित

**रांची (आजाद सिपाही)।** चौकीदार-दफादारों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गयी है। बकाए वेतन की मांग को लेकर चौकीदारों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने दफादार-चौकीदारों के वेतन भुगतान के लिए 71.20 करोड़ रुपये आवंटित किया है। पिछले तीन महीनों से 24 जिलों के चौकीदारों को उनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसमें से हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है। प्रत्येक चौकीदार को 20,000 रुपये का वेतन मिलता है। साल 1870 में ग्राम चौकीदार अधिनियम लागू होने के बाद चौकीदार ब्रिटिश काल से भारत में पुलिस व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं। ये लोग अपने वरिष्ठ दफादारों को रिपोर्ट करते हैं।

# हाइकोर्ट ने किया टिस्को को नोटिस, सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश



**रांची (आजाद सिपाही)।** पश्चिम सिंहभूम के नोआमुंडी इलाके के ग्रामीणों की ओर से दायर रिट याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने टिस्को को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 3 सप्ताह के बाद होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पैरवी की. सुनवाई में प्रार्थी की ओर से बताया गया नोआमुंडी में बिना भूमि अधिग्रहण के पहले तो जैतगढ़- नोआमुंडी सड़क बना दिया गया। उसके बाद सड़क के किनारे बिना जमीन अधिग्रहण के टिस्को के माइंस के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के लिए राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। ग्रामीणों ने टिस्को के द्वारा सड़क के किनारे पाइप लाइन बिछाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# सरकार पारसनाथ पहाड़ आदिवासियों को सौंपे नहीं तो जैन मंदिर करेंगे धवस्त : सालखन मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारसनाथ पहाड़ और मरांग बुरु का मुद्दा झारखंड के लिए हॉट केक बना हुआ है। पारसनाथ पहाड़ पर आए दिन सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू भड़काऊ बयान दे रहे हैं। गुरुवार को एक बार फिर सालखन ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से बयान जारी किया है। मीडिया को संबोधित करते हुए सालखन मुर्मू ने कहा कि पारसनाथ पहाड़ी आदिवासियों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। 5 जनवरी 2023 को झारखंड की हेमंत सरकार ने पारसनाथ पहाड़ को जैन समाज को सौंप दिया है। मरांग बुरु आदिवासियों का ईश्वर है और सरकार ने इसे बेचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों का सरना धर्म को बेच दिया। सरकार ने आदिवासियों की आस्था और विश्वास के साथ कुठाराघात किया है। कहा कि वे भारत समेत विदेशों में भी मरांग बुरू बचाने के लिए आंदोलन करेंगे। सालखन बोले कि 2023 में सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे।

### 11 फरवरी को करेंगे चक्का जाम

सालखन के कहा कि 11फरवरी 2023 को झारखंड, ओडिशा, बंगाल, असम और बिहार में एक दिन के लिए रेल रोड चक्का जाम करेंगे। इससे पूर्वी भारत पैरालाइज्ड हो जायेगा। फिर भी भारत सरकार यदि राज्य सरकार के अल्पसंख्यक आयोग मरांग बुरू को वापस करने के लिए सकारात्मक पहल नहीं करती हैं तो 11अप्रैल 2023 से अनिश्चितकालीन रेल रोड चक्का जाम किया जायेगा। पारसनाथ पहाड़ आदिवासियों के हवाले करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो मजबूर होकर आदिवासी उग्र आंदोलन करेंगे। बाबरी मस्जिद का हवाला देते हुए सालखन के कहा कि पारसनाथ पहाड़ पर स्थित जैन मंदिर को ध्वस्त किया जायेगा और इसके जिम्मेवार भारत सरकार, राज्य सरकार और अल्पसंख्यक आयोग होगा।

सालखन मुर्मू ने अपनी मांग रखते हुए चेताया कि मरांग बुरु ईश्वर का मामला है। आदिवासियों की आस्था और विश्वास से जुड़ा मामला है। मौके पर आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव, रांची जिला अध्यक्ष बैजनाथ उरांव, सुमित्रा मुर्मू, रांची महासचिव गुड्डू लोहरा, रांची जोन अध्यक्ष चमरु उरांव मौजूद थे।

# चार लोगों को फंदे से लटकाकर मारनेवाला 15 लाख का इनामी नक्सली अभ्यास भुइयां ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार-झारखंड के हार्डकोर नक्सली अभ्यास भुइयां उर्फ प्रेम भुईयां ने गुरुवार को रामपुर थाना क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ 159 बटालियन स्थित परिसर में सीआरपीएफ के कमांडेंट कुमार मयंक एवं गया एसएसपी आशीष भारती के समक्ष सरेंडर किया। मूल रूप झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला 15 लाख का इनामी अभ्यास भुइयां बिहार पुलिस, एसएबी, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के दबाव में गया पुलिस के समक्ष सरेंडर किया। पुलिस नक्सली के पास से एक रायफल और 925 कारतूस बरामद किया है। बिहार-झारखंड में लूट, हत्या आगजनी जैसे 21 मामले दर्ज है।

पुख्ता सुत्रों की मानें तो नक्सली अभ्यास भुइयां नवंबर 2021 में गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के मोनबार गांव बघमरवा टोले में चार लोगों को फंदे से लटकाकर हत्या में भी शामिल था। एक परिवार के चार सदस्यों की घर में घुसकर हत्या करचारों के शवों को घर के बाहर फंदे पर लटका दिया और फिर घर को बम से उड़ा दिया। झारखंड सरकार ने प्रेम भुइंया के विरुद्ध 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था, वहीं बिहार में भी उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी का सदस्य अभ्यास भुइयां की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। वर्ष 2003 में अभ्यास भुइयां नक्सली संगठन से जुड़ा था। वर्ष 2015 में रीजनल कमांडर बनाया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.3 °c | 11.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.41 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.26 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## आजसू चूल्हा प्रमुखों की महाजुटान देख सुदेश और चंद्रप्रकाश बमबम

# एक साथ 12 हजार चूल्हा प्रमुखों ने ली शपथ

### ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना सीपीसी कॉलेज

**सीपीसी कॉलेज परिषर से बीरू कुमार**



**रामगढ़।** सीपीसी कॉलेज गोला में आयोजित आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में प्रमुखों की महाजुटान देख कर पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी गदगद हो गये। कॉलेज का पूरा परिसर सफेद टोपी से पटा नजर आया। हर तरफ चूल्हा प्रमुखों का हुजूम देखने लायक था। चूल्हा प्रमुख का हौसला और उनकी उड़ान पार्टी के नेता को जीत के प्रति आश्वस्त कर रहा था। पार्टी सुप्रीमो का भाषण से लेकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के भाषण पर पूरा परिसर तालियों से गूंज रहा था। जोश से लबरेज चूल्हा प्रमुखों ने अपने नेताओं को स्पष्ट करा दिया कि इस बार सुनीता चौधरी को भारी अंतर से जीतने के लिए कोई नहीं रोक सकता है। भीड़ ने भी उसी ओर इशारा कर रहा था। भीड़ के कारण गोला सिकरी रोड घंटो जाम रहा।

आजसू पार्टी और दिल्ली विधायक सह पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की राजनीतिक दूरदर्शिता और रणनीति ने एक नया इतिहास रच दिया है। पहली बार किसी राजनीतिक पार्टी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 हजार से अधिक चूल्हा प्रमुखों को एक साथ शपथ दिलायी है। शपथ के दौरान चूल्हा प्रमुखों ने अपने नेताओं के समक्ष शपथ लिया है कि इस बार उपचुनाव में हमारी जीत तो होगी ही। इसके अलावा हर परिवार के दुख-दर्द में पूरा जीवन समर्पित कर देंगे।

सुदेश महतो ने भी शपथ समारोह में स्पष्ट संदेश दिया है कि चूल्हा प्रमुखों का असली काम चुनाव के बाद ही शुरू होगा, क्योंकि चुनाव के बाद हर परिवार से चुल्हा प्रमुख मिलेंगे और उनके अंदर की पीड़ा को समझेंगे। साथ उसका समाधान भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी में चूल्हा प्रमुखों का सर्वमान्य स्थान है।

**ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना सीपीसी कॉलेज :** इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह सीपीसी कॉलेज गोला बना है। सीपीसी कॉलेज परिसर में चूल्हा प्रमुखों की उमड़ा जनसैलाब ने स्पष्ट कर दिया कि पार्टी की नीति और सिद्धांत को जमीन पर उतारने का मजबूत रणनीति के तहत काम हो रहा है। इसके अलावे हर ओर पार्टी के झंडा बैनर लहरा रहा था।

## चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, सुदेश महतो ने चूल्हा प्रमुखों को दिलायी शपथ

# विपक्ष को राशन की नहीं, शासन की चिंता : सुदेश महतो

### इस बार नाटक नौटंकी नहीं चलेगा : चंद्रप्रकाश चौधरी

### नेता व कार्यकताओं में सुदेश ने भरा जोश, दिखा उत्साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** चूल्हा प्रमुख के रूप में हमने 12000 नेता दिया है, जो प्रमुख अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वे हर घर जाकर परिवार से मिलेंगे और केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगे। इसके अलावा जिन परिवारों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें दिलाने का काम करेंगे उक्त बातें गुरुवार को गोला के सीपीसी कॉलेज में आयोजित चुनाव प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहीं। उन्होंने कहा कि हमारा सर्वप्रथम नेता चूल्हा प्रमुख है, अगर मेरे पास सांसद विधायक भी बैठा हो तो उस वक्त चूल्हा प्रमुख पहुंचेंगे तो उन्हें पहली प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मेरे नजर में सांसद और विधायक से ऊपर चूल्हा प्रमुख है।

**तीन वर्षों में 557 नौकरियां ही देकर जोहर यात्रा में घूम रहे हैं हेमंत :** श्री महतो ने कहा कि विपक्ष 2019 में जनता को गुमराह कर सत्ता में आये और तीन वर्षों में युवा, बेरोजगार छात्र, गरीब, किसान को केवल ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो को जनता की चिंता नहीं है, उन्हें केवल शासन करने की चिंता है। हेमंत सोरेन ने 2019 में 1 लाख 50 हजार युवाओं को नौकरी देने की बात बोल कर सत्ता में बैठे, लेकिन तीन वर्षों में मात्र 557 नौकरियां ही देकर जोहर यात्रा में घूम रहे हैं। सोरेन परिवार कभी भी राज्य का भला नहीं सोचा है। शुरुआत से ही सोरेन परिवार अलग राज्य नहीं होने के लिए कई हथकंडा अपनाया, आंदोलन बेचा है। इन्हें राज्य नहीं पैसा प्यारा है, अगर उनकी नीति स्पष्ट और ईमानदार होता, तो 1993 में ही हमारा झारखंड अलग होता, लेकिन उस वक्त इस परिवार ने आंदोलन को बेच कर राज्य को गिरवी रख दिया। लेकिन हमारी पार्टी ने मुखर होकर आंदोलन किया। जिसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंडी जनमानस की पीड़ा को समझा और 2000 में अलग राज्य झारखंड दिया।

**16 दिन मेहनत करनी है, आपके बीच विधायक सुनीता चौधरी खड़ी रहेंगी :** सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि 16 दिन यानी 384 घंटा ही आपको मेहनत करनी है। इतनी मेहनत के बदौलत 16 दिन बाद आपके रामगढ़ को नया विधायक मिलेगा, जिसका नाम सुनीता चौधरी होगा। उन्होंने कहा कि हमारा चूल्हा प्रमुख विपक्षियों को पानी पिलाया, क्योंकि हमारा केडर हर परिवार से जुड़ा है। इसलिए विपक्ष अपना नाटक नौटंकी बंद कर ले, क्योंकि इस बार उनका कोई भी हथकंडा नहीं चलने वाला है।

**अबकी बार डेढ़ लाख पार :** भीड़ को देखकर सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ उपचुनाव में नया नारा भी दिया है, जिसमें कहा है कि अबकी बार डेढ़ लाख पार वोट मिलेगी, जिसका श्रेय केवल हमारे चूल्हा प्रमुख हो जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी प्रमुख के रूप में 12000 नेता बनाया है जो हर परिवार का सुख दुख खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि हर एक प्रमुख को 10 चूल्हा परिवार को देखने के दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि केवल चुनाव के लिए चूल्हा प्रमुख नहीं बनाया गया है, उनका असली काम चुनाव के बाद शुरू होगा। जब वह हर परिवार से मिलेंगे और सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलायेंगे।

**चूल्हा प्रमुख शपथ सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब :** रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर गोला के सीपीसी कॉलेज में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के समर्थक और चूल्हा प्रमुख पहुंचे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो के अलावा कई दिग्गज शामिल हुए। सम्मेलन में पूरा कॉलेज परिसर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पार्टी के नेता-कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया।

# न्यायालय का सम्मान करना सीखें, न्यायालय ने दोषी करार दिया है : चंद्रप्रकाश चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सम्मेलन को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि न्यायालय का सम्मान करना सीखें, जबकि न्यायालय ने दोषी करार दिया है और उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने चूल्हा प्रमुखों से कहा कि पार्टी के संदेशों को घर घर लेकर जायें। साथ ही सरकार का जो भी झूठा वादा है, उसे जनता के बीच रखें और आजसू पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। उन्होंने रामगढ़ की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि रामगढ़ की उन्नति के लिए आजसू पार्टी को वोट दें। यह दुर्भाग्य है कि पिछले 3 वर्षों में रामगढ़ पीछे चला गया है। विकास का झूठा वादा करने वाले लोग अपना चेहरा छुपा रहे हैं। पिछला चुनाव में नाटक नौटंकी करके वोट लेने का काम किया था, लेकिन इस बार जनता जाग चुकी है, कोई भी नाटक नौटंकी नहीं चलेगा। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि रामगढ़ उपचुनाव सरकार की विफलता का चुनाव होगा, निश्चित तौर पर जनता यह उपचुनाव में सरकार को जवाब देगी। कांग्रेस पार्टी और सरकार को जवाब देने के लिए हमारे चूल्हा प्रमुख तैयार हैं। सरकार ने चुनाव से पूर्व कहा था हर एक घर में एक नौकरी, बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता, किसानों का ऋण माफ करने का सहित कई वादा कर सरकार में काबिज हुए, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। ना तो स्थानीय नीति और ना ही नियोजन नीति किसी भी तरह का कोई भी वादा पूरा नहीं किया। सिर्फ और सिर्फ जनता को झूठा वादा कर उनसे वोट ले लिया।



## आपलोगों के आशीर्वाद से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को दूंगी नयी दिशा : सुनीता चौधरी

आजसू नेत्री सह एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यकाल में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पूरे राज्य में सबसे आगे था। लेकिन जबसे यहां परिवर्तन हुआ, विकास के मामले में सबसे आगे रहने वाला रामगढ़ आज सबसे निचले पायदान पर पहुंच चुका है। पिछले 15 सालों में चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को सजाने और संवारने का काम किया। आपलोगों के प्यार, समर्थन और आशीर्वाद से मैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को नयी दिशा देने का कार्य करूंगी। सुनीता चौधरी ने तमाम लोगों से 27 फरवरी को एक-एक वोट अपने पक्ष में देने की अपील की।

# उम्दा क्वालिटी और समय पर डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध है बसारगढ़ हेरीटेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** न्यूकोनेटिक ट्रेडकॉम एलएलपी अपने नये बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट, बसारगढ़ हेरीटेज की भव्य लॉचिंग रविवार को करने जा रही है। बसारगढ़ हेरीटेज अत्याधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हटिया, रांची में अवस्थित है। यह प्रोजेक्ट रांची एयरपोर्ट बिरसा मुंडा से छह किलोमिटर, हटिया रेलवे स्टेशन से तीन किलोमिटर की दूरी पर है। अच्छे स्कूल, अस्पताल, मार्केट सभी निकटतम दूरी पर है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबी इसके निर्माण में मिवान तकनीक का प्रयोग है, जो समान्यतः मेट्रो सिटीज के भवन निर्माण में प्रयोग किया जाता है। जिस तकनीक के प्रयोग से भवन निर्माण में बहुत कम समय लगता है और भवन की मजबूती भी बहुत उम्दा होती है। साथ ही साथ टाटा टिस्कॉन हमारे इस प्रोजेक्ट में जेवी -संयुक्त उद्यम, जिसको टाटा जॉय के रूप में भी जाना जाता है। हमारे इस प्रोजेक्ट में सभी टीएमटी टाटा कम्पनी लगाया जा रहा है। टाटा हमारा इस प्रोजेक्ट का ब्रांड एंबेसडर है। इन अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग और आधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण इसके कीमत को प्रबंधकों ने बहुत ही रीजनेबल रखा है। बसारगढ़ हेरीटेज आरइआरए/जेआरइआरए से अपरूभड है और इसे एनजीटी का भी क्लीयरेंस प्राप्त है। प्रबंधकों ने बताया कि प्रोजेक्ट के इच्छुक ग्राहकों को प्रमुख बैंकों एसबीआइ, आइसीआइसीआइ बैंक, इलाहाबाद बैंक और केनरा बैंक से लोन फाइननेंस कराने की भी सुविधा उपलब्ध है।

बता दें कि बसारगढ़ हेरीटेज में 1, 2, 3, बीएचके अपार्टमेंट के साथ साथ प्रीमियम गुणवत्ता के पेंटहाउस भी उपलब्ध होंगे। झारखंड वासी अपने बजट और अपनी आवश्यकता अनुसार किसी भी साइज का फ्लैट बुक कर सकते है।

प्रोजेक्ट में प्रबंधकों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में 65% खुली जगह, जॉगिंग ट्रैक, ढका हुआ स्विमिंग पूल, धोबी दोस्त, दवा दोस्त, मार्केट, इत्यादि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। बसारगढ़ हेरीटेज अपने उम्दा क्वालिटी और समय पर डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी।

**वृष** विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामले दूर होंगे। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन** हर्ष-विषाद की समानता रहेगी। उदर रोग, बुखार आदि से परेशान हो सकते हैं।

**कर्क** बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। घर और बाहर आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुरता से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे। रोजी-रोजगार की स्थिति मजबूत होगी।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** संतान पक्ष की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता दरवाजे पर दस्तक देगी। सरकारी कार्य में प्रगति होगी। धनलाभ होगा।

**मकर** रोजगार संबंधी समस्याएं हल होंगी। कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।

**कुंभ** नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न कर सकते हैं।

**मीन** आजीविका में परिवर्तन। दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं। नये मेहमान का आगमन होगा।

## पीएलएफआइ के एरिया कमांडर जेठा कच्छप को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर जेठा कच्छप को झारखंड हाइकोर्ट ने बेल दे दी है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अम्बुज नाथ की खंडपीठ में जेठा कच्छप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता सुजय दयाल ने अदालत में पक्ष रखा।

**सिविल कोर्ट ने दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है :** बता दें कि जेठा कच्छप को रांची सिविल कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के केस में दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जेठा के ऊपर खूंटी और रांची के अलग अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। अदालत ने न्यायिक हिरासत की अवधि के आधार पर दोषी को बेल दी है।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. 68-KUR-TRD-OT-2022-23

कार्य का नाम : तीन वर्षों की समयावधि के लिए तालचेर स्टेशन में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के साउथ बलन्दा साइडिंग एवं देउलबेड़ा साइडिंग के सभी लोडिंग स्पर में बाहरी एजेंसी द्वारा आइसोलेटर (Isolators) का संचालन।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में) : 59,95,322.10, EMD (रुपये में) : 1,19,900/-, निविदा दस्तावेज की लागत (रुपये में) : 5,900/-, पूरा होने की अवधि : 1095 दिन।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक : 15.02.2023 निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 01.03.2023 को 1300 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD) खोरधा रोड

PR-990/N/22-23

कोर्ट नोटिस

न्यायालय, सिविल जज, सीनियर डिवीजन-I, गुमला
टा. सुट नं.- 32/2015
जॉय प्यारा बारला ....... वादी
बनाम
श्रीमति दीप्ति डहंगा वगैरह ..... ...प्रतिवादी गण
नोटिस बनाम प्रतिवादी सं.-3 व 4
(3) संदीपा बारला, पिता-स्व. चोन्हास बारला
(4) श्रीमती मधु होरो, पति - विजय होरो
दोनों निवासी ग्राम-दुन्दुरिया आनन्दपुर थाना वो जिला-गुमला स्थाई पता-खिजुरिया टोली बरियातु थाना-बरियातु, मोराबादी जिला-रांची।

चूं वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आप दोनों को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय में बंटवारा वाद दायर किया गया है जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतू न्यायालय द्वारा नजारत व निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परन्तु आप लोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।

अतः आप दोनों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि आप लोग दिनांक 10.03.23 को समय 11: 00 A.M. बजे या उसके पूर्व न्यायालय में कार्य अवधि में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद को सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

इस नोटिस आज दिनांक 8.2.23 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर
सिविल जज, सीनियर डिवीजन-I
गुमला

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# होटल में छात्रा के साथ दुष्कर्म

## अश्लील फोटो वायरल : आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छात्रा के साथ होटल के कमरे में दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर राजधानी रांची के चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोप है कि युवक फोनकर परेशान कर रहा था, अश्लील फोटो भी वायरल की गयी। वहीं स्टेशन रोड स्थित एक होटल में हाथ पैर बांधकर 3-4 फरवरी रात दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। छात्रा का आरोप है कि अनिकेत उर्फ सुधीर कुमार नामक युवक अनजान नंबर से फोन कर अश्लील भाषा में बात करता था। उसने युवती को बताया था कि महाराष्ट्र के नासिक में कॉल सेंटर में काम करता है।

नौ नवंबर को कॉल कर बोला कि रांची आ गया हूं, तुम रांची स्टेशन मिलने आ जाओ। युवती ने अकेले मिलने से मना कर दिया। छात्रा रांची स्थित एक गर्ल हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। युवक ने हॉस्टल पहुंचकर हंगामा करने की धमकी दी। कुछ दिन बाद हॉस्टल पहुंचकर मिलने बुलाया और जबरन अपने साथ स्टेशन रोड



स्थित एक होटल ले गया। वहां हाथ, पैर व मुंह बांधकर आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब हॉस्टल लौटने की जिद करने लगी तो आरोपी होटल से फरार हो गया। 10 नवंबर को किसी तरह भागकर हॉस्टल पहुंची। इसके बाद आरोपी हॉस्टल के पास आकर परेशान करने लगा. इसकी शिकायत हॉस्टल संचालिका से की। बीते 3 फरवरी को करीब 10 बजे आरोपी कॉल कर स्टेशन रोड स्थित होटल बुलाया, नहीं आने पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी, लेकिन छात्रा कॉलेज चली गयी, वहां से लौटकर जब हॉस्टल पहुंची तो हॉस्टल की सहेली द्वारा आपत्तिजनक फोटो दिखाया गया। फोटो हटवाने के लिये शाम को स्टेशन रोड पहुंची, आरोपी पहुंचकर जबरन साथ ले जाने की जिद करने लगा। विरोध करने पर उसे और उसके माता पिता को जान से मारने की धमकी दी। डरकर जब होटल पहुंची, तो आरोपी दरवाजा बंद कर मारपीट किया। इसके बाद हाथ पैर बांधकर मोबाइल छीनकर रातभर दुष्कर्म किया। चार फरवरी को फोन पर मामले की जानकारी परिजनों की दी। पुलिस बीते मंगलवार को पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अनिकेत उर्फ सुधीर कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# इक्फाई विवि को भारतीय सीएसआर कॉन्क्लेव में सीएसआर में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए मिला पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवददाता**

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड को राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद, भारत सरकार के तहत, एमईपीएससी (प्रबंधन और उद्यमिता और व्यावसायिक कौशल परिषद) के सहयोग से महाबोधि कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा आयोजित इंडियन सीएसआर कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स 2022 में सामाजिक आउटरीच ग्रामीण विकास के लिए एक अकादमिक संस्थान द्वारा सीएसआर में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए पुरस्कार मिला। डॉ मनीष मिश्रा, समूह प्रमुख, रणनीति, एनएसडीसी मुख्य अतिथि थे और सुश्री अनीता चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन सोसाइटी फॉर




ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) और डॉ ओपी गोयल, सीइओ, एनएसडीसी के सलाहकार और संचालन समिति के सदस्य, प्रधान मंत्री कौशल कार्यक्रम में विकास योजना विशिष्ट अतिथि थे। जूरी द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड को ग्रामीण विकास में सर्वश्रेष्ठ सीएसआर कार्यान्वयन के लिए, ग्रामीण युवाओं को कुशल बनाने पर विशेष ध्यान देने के साथ झारखंड राज्य में इसकी सीएसआर पहलों की स्थिरता, विस्तार और प्रभाव जैसे कारकों पर विचार करते हुए यह पुरस्कार दिया गया। उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों को बधाई देते हुए, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का श्रेय हमारे कर्मचारियों और छात्रों को जाता है, जो हमारी विभिन्न सामाजिक आउटरीच पहलों पर काम कर रहे हैं।

# प्रिंस खान के साले शाहबाज को हाइकोर्ट से नहीं मिली बेल



**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को धनबाद के चर्चित नन्हे खान हत्याकांड के अभियुक्त शाहबाज उर्फ शहवाज आलम को बेल देने से हाइकोर्ट ने इंकार कर दिया। न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने शाहबाज द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। शाहबाज ने खुद को बेकसूर बताते हुए हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। बहस के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने जमानत याचिका का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। बता दें कि 24 नवंबर 2021 को नन्हे खान की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके बाद दिसंबर 2021 में धनबाद पुलिस ने शाहबाज को गिरफ्तार किया था। इस केस का मुख्य आरोपी प्रिंस खान अब तक फरार है। शाहबाज प्रिंस खान का साला है।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये आइपीएस अखिलेश वारियर

**रांची (आजाद सिपाही)।** आईपीएस अखिलेश वारियर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये हैं। वह झारखंड कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी है। राज्य सरकार ने उन्हें विरमित कर दिया है। अखिलेश वारियर पिछले साल ही दो साल की स्टडी लिव से वापस लौटे थे। राज्य सरकार के द्वारा विरमित किये जाने बाद आईपीएस अखिलेश वारियर पीएमओ के अधीन आने वाले एनटीआरओ में एनालिस्ट के पद पर योगदान दिया है। केंद्र सरकार ने अखिलेश वारियर को जल्द से जल्द विरमित करने के लिए झारखंड सरकार को पत्र भेजा था। इसके बाद उन्हें विरमित कर दिया गया।

## शारदा ग्लोबल के छात्रों का जेइइ मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** शारदा ग्लोबल स्कूल की आयुषी ने जेईई मेन में 95.7246668 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। तुषार ने 85.6525722, अविनाशन ने 82.9762178 और रश्मिका ने 81.0519109 परसेंटाइल प्राप्त किया है। विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर और डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भवष्यि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के कारण यह सफलता हासिल हुई है।

## डीएवी हेहल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची के 40 से अधिक विद्यार्थी जेईई मेंस की परीक्षा में सफल हुए हैं। जिसमे निलेश कुमार को 99 परसेंटाइल, अभिनव श्रीवास्तव, जया कुमारी और प्रिंस पटवा को 98.68 परसेंटाइल मिला है। प्राचार्य एम के सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की अप्रैल में होने वाली जेईई मेंस परीक्षा में और अच्छा प्रदर्शन करें।

# महाशिवरात्रि को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि त्योहार को लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के साथ बैठक की । बैठक में मंदिर में पूजा प्रारंभ होने, सरकारी पूजा शुरू एवं समाप्त होने, भक्तों के लिए मंदिर खोलने के समय, भक्तों के मंदिर में प्रवेश एवं निकास, साज-सज्जा, सामान्य बिजली से संबंधित कार्य सहित त्योहार के दृष्टिकोण से किए जाने वाले कार्यों को लेकर मंदिर समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही मंदिर विकास समिति के सदस्यों के सुझाव भी लिये गये। प्राप्त सुझावों पर डीसी ने बैठक में ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में शिव बारात निकाले जाने वाली झांकियों और इससे संबंधित तैयारी को लेकर भी चर्चा की।

शिव बारात के अपने गंतव्य स्थान से निकलने को लेकर आवश्यक तैयारी, मंच निर्माण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को अंतिम रुप दिया गया। महाशिवरात्रि में शिव बारात गाड़ीखाना चौक होते हुए कोर्टसराय रोड, जेजे रोड, अपर बाजार, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, महावीर चौक होते हुए पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगा, जहां विवाह संपन्न होगा। इस पूरे रुट पर साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर डीसी ने कई आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया ।

# श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 11 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आगामी 11 एवं 12 फरवरी को श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव दुर्गा बाटी में मनाया जायेगा। महामंत्री मुटू जालान ने कहा कि 11 फरवरी को लक्ष्मी नारायण मंदिर से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें 251 महिलाये एवं पुरूष पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में श्याम प्रभु के पवित्र निशान के साथ भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालुगण चलेगें। इसका मुख्य आकर्षण श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की मनोहारी झांकी होगी। शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर महोत्सव स्थल दुर्गा बाटी पहुंचेगी। सुरेश बजाज के नेतृत्व में 501 पुरूष एवं महिलाओं द्वारा सुन्दर कांड का पाठ किया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्री श्याम प्रभु संग खेले जाने वाली




पुष्पों की होली है। इसमें रंग जमाते, धूम मचाते, पारम्परिक राजस्थानी गीत संगीत संग धमाल और घूमर करते पुरूष और महिलाएं शामिल होंगे। रात्री 10 बजे 51 विवाहित जोड़ों द्वारा श्याम प्रभु की महाआरती के साथ ही श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव का भव्य समापन होगा। सभी सदस्य तन मन और धन से महोत्सव कि सफलता के लिए बाबा श्याम की सेवा में लगे हुए हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए कमिटी का गठन किया गया है। इसमें नीरू तोदी को महोत्सव संयोजक बनाया गया है। महामंत्री शिव कुमार जालान मुंटू, प्रचार संयोजक अमीत चैधरी, महोत्सव संयोजक विमल झुनझुनवाला, अध्यक्ष श्रवण जालान है। इस कार्यक्रम की जानकारी महामंत्री मुटू जालान ने दी।

# झोपड़ी में आग लगा कर जिंदा जला दिया

**जमीन खाली नहीं करने की सजा एक बुजुर्ग को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** जमीन खाली नहीं करने की सजा एक बुजुर्ग को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर दियारा निवासी मटरू सिंह को किराए की जमीन नहीं खाली करने पर उन्हीं के गांव के कुछ लोगों द्वारा बुधवार रात करीब 11 बजे उनकी झोपड़ी में आग लगाकर उन्हें जिंदा जला दिया गया। फूस के घर में आग लगने से आग की लपटें अचानक बढ़ने लग गयी। आसपास के लोगों ने शोर किया, तो कुछ दूर घर में सोए छोटे बेटे पिता की जान बचाने पहुंचा। बड़ी मशक्कत से गांव वालों की मदद से आग को बुझाया गया, लेकिन 60 वर्षीय मटरू सिंह गंभीर से झुलस गये थे और घर का सारा सामान आग में जलकर राख हो गया था। घर में एक गाय व गाय के दो बच्चे भी झुलस कर घायल हो गये।

**रास्ते में ही बुजुर्ग ने तोड़ा दम :** गांव वालों ने इस बात की सूचना मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश को दी। थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। बुजुर्ग मटरू सिंह को इलाज के लिए रात में लगभग एक बजे साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू ने झुलसे मटरू सिंह का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। आग से जलने के बाद लहर व जलन बुजुर्ग बर्दाशत नहीं कर पाए और भागलपुर पहुंचने के 20 किलोमीटर पहले ही दम तोड़ दिया। इस मामले को लेकर मृत बुजुर्ग के पुत्र रुदल सिंह ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से हम लोग भुसकारी रजक की जमीन पर परिवार व गोतिया के लोग करीब दस घर बनाकर रह रहे हैं। किराए के रूप में जमीन के मालिक को प्रति वर्ष 3 हजार देते आ रहे हैं। पिछले करीब 2 वर्षों से मेरे ही गांव के कुछ लोग जमीन खाली करवाने को लेकर लगातार हमसे विवाद करते रहते थे।

**गांव के लोगों ने ही लगा दी आग :** मृतक के पुत्र ने कहा कि आरोपियों का कहना था कि यहां से मकान हटाओ, हम लोग इस पर खेती करेंगे। इसी बात को लेकर बुधवार शाम छिगोरी सिंह, विश्वनाथ सिंह, सूरज सिंह, उमेश सिंह, संतोष सिंह ने उनके साथ मारपीट की। इसकी शिकायत मुफस्सिल थाना प्रभारी से की गयी। इसके बाद हम सब अपने- अपने घर चले गए थे। रात 11:10 बजे अचानक से पिताजी के घर में आग की लपटें उठने लगी। इसे देख मेरा भाई पिताजी को बचाने दौड़ा तो देखा कि सूरज सिंह, उमेश सिंह, छिगोरी सिंह व अन्य 5 लोग यहां से भाग रहे थे। इसके बाद गांववालों की मदद से आप पर काबू पाया।

# साहिबगंज में 11 करोड़ की लागत से उधवा में बनेगा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर रेस हो गया है। सभी जिलों में हेल्थ सब सेंटर खोले जा रहे हैं। इस बीच साहिबगंज के उधवा में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खोलने की योजना है, जहां पर 11 करोड़ की लागत से हॉस्पिटल का निर्माण कराया जायेगा। इससे वहां के लोगों को इलाज से लेकर दवाएं मुहैया कराई जायेगी। साथ ही बीमारी होने पर लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना होगा।

### 1.92 एकड़ में होगा निर्माण

कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के लिए साहेबगंज डीसी के आदेश के बाद 1.92 एकड़ जमीन हस्तांतरित करायी गयी है। झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को योजना के क्रियान्वयन के लिए डीपीआर भी सौंपा जा चुका है। इस हेल्थ सेंटर में 1 मेजर आपरेशन थिएटर और एक माइनर आपरेशन थिएटर बनाया जायेगा। वहीं सभी तरह की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे कि मरीजों को कोई परेशानी न हो। इसके अलावा डॉक्टरों के लिए फ्लैट भी बनाया जायेगा, जिससे कि डॉक्टर 24 घंटे वहां मौजूद रहेंगे।

# कांग्रेस एमएलए दीपिका पांडे मामले में सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दीपिका पांडेय की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। अब हाइकोर्ट इस मामले में 28 फरवरी को सुनवाई करेगा, तब तक हाइकोर्ट ने दीपिका पांडये के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है।

कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनके खिलाफ गोड्डा जिले के मेहराम थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी गौतम कश्यप ने मारपीट करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दीपिका पांडे के द्वारा दाखिल याचिका में कहा गया कि उनके खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की गयी है और प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त की जाये।

## मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 : राजा मेंहदी और मुकेश भट्ट बने प्लेयर ऑफ द मैच

# कांची ने रोमांचक मुकाबले में मयूराक्षी को 5 रन से हराया वहीं भैरवी ने गंगा को 125 रन से रौंदा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीएयू स्टेडियम में मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 में बुधवार को पहले मुकाबले में कांची ने मयूराक्षी को 5 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की वहीं दूसरे मुकाबले में भैरवी ने गंगा को 125 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच राजा मेंहदी के 52 और रियाज आलम के 32 के बीच 9.3 ओवर में 93 रन की ओपनिंग साझेदारी के बावजूद कांची की टीम निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर मात्र 134 रन ही बना पाई। मयूराक्षी की ओर से विक्की, संजय और मुकेश ने 2-2 विकेट लिए। 135 रन के




विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए मयूराक्षी की टीम ने ठोस शुरूआत की। ओपनिंग बल्लेबाज आशुतोष और विजय ने 9.1 ओवर में 84 रन बनाए। इसके बाद विजय, प्रिंस और आशुतोष ने गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलते हुए अपने विकेट गंवाए और टीम निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 129 रन ही बना पाई। आशुतोष ने 39, विजय ने 33 और प्रिंस ने 19 रन बनाए।

**आज का मुकाबला**
मैच 1
सुबह 8.30 बजे
दामोदर बनाम अमानत
मैच 2
दोपहर 12.30 बजे
सकरी बनाम शंख

दिन का दूसरा मुकाबला एकतरफा रहा। पहले खेलते हुए प्लेयर ऑफ द मैच मुकेश भट्ट के 60, राकेश सिंह के 30 और पिंटू दुबे के 27 रन की बदौलत भैरवी ने 8 विकेट खोकर 186 रन बनाए। ये इस वर्ष के मीडिया कप में किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। गंगा की ओर से राज वर्मा ने 30 रन देकर 5 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी गंगा की टीम 11.3 ओवर में मात्र 61 रन पर सिमट गई और मैच 125 रन के भारी अंतर से हार गई। गंगा की ओर से सोहन ने 21 और संजीव ने 11 रन बनाये। भैरवी के विकास को 4 और सुनील सिंह को 3 विकेट मिले।

प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार बेरमो विधायक अनूप सिंह ने दिया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पत्रकार और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## संजय सेठ केंद्रीय भारी उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव से मिले

# एचइसी पुनरुद्धार पर बातचीत की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** रांची के सांसद संजय सेठ और भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय जायसवाल ने नई दिल्ली में केंद्रीय भारी उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव विजय मित्तल से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में सांसद संजय सेठ ने एचइसी के पुनरुद्धार की दिशा में पहल किए जाने तथा एचइसी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अब तक बकाया वेतनमान नहीं मिलने सहित कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने श्री मित्तल को यह भी अवगत कराया कि एचइसी के भरोसे कर्मी व उनके हजारों परिवार



का जीविकोपार्जन निर्भर है । इस मौके पर रमा शंकर प्रसाद, लीलाधर सिंह एचइसी के अधिकारी प्रेम शंकर पासवान, पुलेन्दु दत्त मिश्रा, रंजन नायक ने भी संयुक्त सचिव एवं सीएमडी एचइसी नलिन सिंघल को निम्नलिखित समस्याओं से अवगत कराया और इन बिंदुओं पर अविलंब पहल करने का आग्रह किया । जिन बिंदुओं पर पहल करने की बात कही इनमें मुख्य रूप से कोल लेटरल गारंटी, कैपिटल गेन, टैक्स, टाउन शीप बकाया भुगतान, झारखंड सरकार द्वारा एचइसी का जमीन अधिग्रहण का बकाया भुगतान शामिल है । संयुक्त सचिव विजय मित्तल से मुलाकात के बाद सांसद ने कहा कि सारी बातों को श्री मित्तल ने गंभीरता से सुना है। इन बातों को गंभीरता से सुनकर सार्थक पहल की बात कही। बता दें कि एचइसी के कर्मियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### चेकिंग में 9 लाख 40 हजार रुपये धराये, जांच-पड़ताल के बाद छोड़ा

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन द्वारा उपचुनाव को लेकर गोला थाना के समीप की जा वाहन जांच के दौरान 9 लाख 40 हजार पकड़ा गया। जिसे बाद में जांच पड़ताल में सही पाये जाने पर छोड़ दिया गया। हालांकि जांच के नाम पर हर्ष पेट्रोल पंप के मालिक गोपाल चौधरी को घंटों थाना में बैठाया गया। इधर जिला प्रशासन द्वारा गठित एफएसटी टीम ने उनके साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जाकर उक्त पैसा को जमा कराया गया। दिया। दंडाधिकारी सुमन पटेल ने बताया कि जब्त रुपये के मामले में सभी कागजात सही पाये गये। इधर पेट्रोल पंप के मालिक गोपाल चौधरी ने बताया कि उक्त पैसा पेट्रोल पंप के तीन दिन का बिक्री का था।इसका सारा प्रमाण देने के बाद भी उन्हें दो घंटे तक थाना में बैठाकर उन्हें बेवजह परेशान किया गया।

### जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर 125 पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में दो-तीन मार्च को जी-20 शिखर सम्मेलन की दो बैठकें होनी है। इसे लेकर गुरुवार को डोरंडा स्थित जैप 1 के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में पुलिसकर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 125 पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। इनमें डीएसपी और सब-इंस्पेक्टर शामिल थे। इसका उद्घाटन एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने किया। मौके पर उन्होंने जवानों को कई टिप्स दिये। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों को आईजी एचआर अखिलेश झा, डीआईजी रांची अनीश गुप्ता, डीआईजी स्पेशल ब्रांच अनुप बिरथरे, डीएसपी सिटी और साइबर डीएसपी ने भी पुलिस पदाधिकारियों को कई जानकारियां दी। इस दौरान किस प्रकार विदेशी मेहमानों से व्यवहार होना चाहिए, सुरक्षा से संबंधित व्यवस्था कैसे देना है, मेहमानों के ठहराव सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इससे पूर्व पिछले सप्ताह दिल्ली से आयी केंद्रीय टीम ने झारखंड मंत्रालय में झारखंड के वरिष्ठ आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के साथ बैठक कर जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों की जानकारी ली। यहां पर्यटन स्थल की सुरक्षा से लेकर जी-20 देशों के प्रतिनिधियों के ठहरने तक के पुख्ता इंतजाम होंगे। पिछले कई दिनों से रांची और आसपास के पर्यटन स्थल जैसे प्रमुख लेक, जलप्रपात, पार्क आदि का अधिकारी जायजा ले चुके हैं। केंद्रीय टीम के सदस्यों ने भी पर्यटन स्थलों का जायजा लिया है और अधिकारियों के साथ सुरक्षा एवं वहां ठहरने के को लेकर बैठक की है।

### गोली कांड को लेकर कांके थाना का घेराव




रांची (आजाद सिपाही)। कांके थाना क्षेत्र के होचर गांव में पिछले दिनों दिनांक 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को लगभग शाम 4:00 बजे युवा समाजसेवी राजू साहू को कुछ अज्ञात अपराधियों ने जानलेवा हमला करते हुए गोली मार कल जख्मी कर दिया था। जबकि घटनास्थल पर मिले हत्यारों का देसी कट्टा सहित दो मोबाइल फोन एवं सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सुपुर्द किया गया, लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारों को पकड़ने में पुलिस विफल रहा है,सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ कर कानूनी कार्रवाई की मांग एवं कांके क्षेत्र में गिरती कानून व्यवस्था के तहत आए दिन गोलीबारी एवं हत्या, लूट, चोरी की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ कांके थाना परिसर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे कांके क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा तीन सूत्री मांग पत्र कांके थाना के इंस्पेक्टर संजीव कुमार को सौंपा गया। साथ ही 5 दिनों के भीतर अपराधियों को पकड़ने का आग्रह अल्टीमेटम देते हुए उचित कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी के साथ थाना प्रभारी के द्वारा आश्वस्त किए जाने के बाद धरना प्रदर्शन को समाप्त किया गया।

### सरकार गरीब कृषक और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले झारखंडी समाज का विकास नहीं चाहती

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने गुरुवार को कहा कि हमीन कर बजट की बात कर चालू वित्तीय वर्ष के 31 जनवरी 2023 तक मात्र 53 फीसदी ही योजना मद व्यय राशि में खर्च होना झारखंडी समाज के साथ धोखा करना है। उन्होने यह भी कहा कि महज 51 दिन में बाकी 27 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करना एक बड़ी चुनौती है । नायक ने आगे कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति में अब महज 51 दिन बचे हैं। तीन मार्च को अगले वित्तीय वर्ष का बजट सरकार पेश करने जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष के बजट की बात करें तो योजना व्यय में से 31 जनवरी 2023 तक 53 फीसदी ही राशि खर्च हो पायी हैं। जबकि 47 फीसदी राशि अभी भी विभिन्न विभागों के पास पड़े हुए हैं। सरकार के लिए शेष बचे हुए दिनों में 27 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करना एक बड़ी चुनौती होगी और खर्च भी किये जाने का प्रयास किया गया तो वह मार्च लुट होगा। जो राज्य हित और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले झारखंडी समाज के हित में नहीं है और हेमंत सरकार नहीं चाहती कि झारखंड के गरीब कृषक परिवार और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले झारखंडी समाज का विकास हो।

### महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त जनता त्रिपुरा में बदलाव के लिए तैयार : बंधु



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि महंगाई, बेरोजगारी और अन्य गंभीर समस्याओं से त्रस्त जनता बदलाव के लिए तैयार है। त्रिपुरा में होनेवाले आगामी विधानसभा चुनाव में इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल धर्म और राजनीति के नाम पर राजनीति कर लोगों को लड़ाया है। जबकि कांग्रेस जोड़ने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता और नेता मिलकर नफरत और अराजकता की राजनीति को परास्त करेंगे। तिर्की यह बातें गुरुवार को त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के दौरान जमीनी कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ बूथ स्तर पर बैठक के दौरान कही। बंधु तिर्की को त्रिपुरा में स्टार प्रचारक बनाया गया है। तिर्की एक सप्ताह से त्रिपुरा में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल और केवल लोगों के बीच आपसी मतभेद को बढ़ाकर और उसे कायम रख किसी भी प्रकार से सत्ता में बने रहना चाहती है। लेकिन भाजपा को यह समझना चाहिये कि अब समय बहुत ही बदल चुका है और एक ही तरीके से जनता को बार-बार ठगना काफी मुश्किल है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा त्रिपुरा में होनेवाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए घोषित 40 स्टार प्रचारकों में शामिल तिर्की को विशेष रूप से अनेक स्थानों पर त्रिपुरा के कांग्रेस कार्यकताओं ने सम्मानित किया। उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस प्रतीक चिह्न की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि एक मुस्लिम कांग्रेस कार्यकर्ता ने उन्हें सुप्रसिद्ध त्रिपुरेश्वरी मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया, जिस देवी के नाम पर त्रिपुरा प्रदेश का नाम पड़ा है। तिर्की ने कहा कि यही कांग्रेस की खूबसूरती और परंपरा है, जहां हम सभी धार्मिक प्रेम व सद्भाव को हमेशा बनाये रखने का न केवल प्रयास करते हैं, बल्कि कायम भी रखते हैं।

#### एकीकृत ई-मार्केट प्लेटफॉर्म एनसीडीइएक्स ई-मार्केट्स के अधिकारियों के साथ बैठक

# किसानों की आय को बढ़ाना लक्ष्य : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में एकीकृत ई-मार्केट प्लेटफॉर्म एनसीडीईएक्स ई-मार्केट्स के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक राज्य में कृषि एवं किसानों के कल्याण के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाये जाने तथा किसानों के आय वृद्धि पर केंद्रित रहा। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि यहां के किसानों के आय में वृद्धि करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। झारखंड के किसानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का उचित मूल्य उन्हें मिल सके इस निमित्त एक बेहतर बाजार प्रबंधन तैयार करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों के ऑनलाइन बिक्री के लिए डिजिटल मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनइएमएल पायलट प्रोजेक्ट के तहत जल्द 4 से 5 जगहों का चयन करें तथा बेहतर कार्य योजना बना कर संबंधित विभाग को रिपोर्ट समर्पित करें। मुख्यमंत्री ने एनइएमएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनइएमएल समय-समय पर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के कर्मियों तथा किसानों को आधुनिक तकनीकों का उपयोग किस प्रकार की जाये, इसका प्रशिक्षण देकर उनका क्षमतावर्धन करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वनोपज अधिक मात्रा में पाये जाते हैं। माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस की खरीद-बिक्री के लिए एनइएमएल सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. के साथ समन्वय बना कर एक बेहतर बाजार प्रबंधन की सुविधा यहां के किसानों को उपलब्ध कराये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके इस निमित्त राज्य सरकार बाजार मैनेजमेंट पर बल दे रही है।

इस अवसर पर एनइएमएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मृगांक परांजपे ने मुख्यमंत्री के समक्ष कार्य योजना से संबंधित एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी रखा।

मृगांक परांजपे ने कहा कि एनइएमएल झारखंड सरकार के साथ साझेदारी कर राज्य के किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर राज्य के लाखों किसानों के जीवन स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने निमित्त हमारी संस्था प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि के सीइओ संजीव कुमार, सचिव जयप्रकाश शर्मा, एनइएमएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मृगांक परांजपे, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट यशवंत सिंह, सहायक मैनेजर रितेश कुमार सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जीएम ने परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा गुरुवार को मुख्यालय, हाजीपुर में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में पावर प्वायंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं की कार्य प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। बेहतर कोल कनेक्टिविटी प्रदान करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 160 किमी लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण रेल परियोजना पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत 72 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष का निर्माण निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिए जाने की संभावना है। इसी तरह करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण (32 किमी) में से 22 किमी. का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा शेष पर कार्य तीव्रगति से जारी है। बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम पहुंच हेतु 13.70 किमी लंबे बंधुआ-पैमार सरफेस लाईन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि 12.30 किमी लंबे आर.ओ.आर. (रेल ओवर रेल) का निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिए जाने की संभावना है । इसके साथ ही बख्तियारपुर-बाढ़ तीहरी लाईन एवं करनौती-बख्तियारपुर तथा अथमलगोला-बख्तियारपुर सरफेस ट्रायंगल का कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है जबकि 4.5 किमी लंबा बख्तियारपुर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी तरह कोडरमा-तिलैया नयी लाइन (65 किमी) में से तिलैया-खेरौंद (25 किमी) का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है तथा शेष पर कार्य जारी है। महाप्रबंधक ने करौटा पटनेर-मनकट्ठा सरफेस ट्रायंगल (10 किमी), ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड पर डाउन ट्रेन के लिए गोमो फ्लाई ओवर एवं धनबाद-चंद्रपुरा बाईपास (मतारी-गोमो-टेलो - 22 किमी), तथा गढ़वा रोड आरओआर (6.5 किमी), टोरी-शिवपुर थर्ड लाईन (41.5 किमी) आदि परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उपरोक्त परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से कोयला खदानों से विद्युत घरों तक कोयला के सुगम परिवहन में मदद मिलेगी एवं विद्युत घरों में कोयला की और तेजी से आपूर्ति सूनिश्चित हो सकेगी।

## फिजियोथेरेपी परिषद का निबंधन-पत्र जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फिजियोथेरेपी चिकित्सकों को झारखंड राज्य भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) काउंसिल द्वारा कुल 20 निबंधन - पत्र सौंपा गया। झारखंड राज्य गठन के बाद फिजियोथेरेपी परिषद् का गठन पहली बार हुआ है। इसके अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, उपाध्यक्ष डॉ अभय कुमार पांडेय और निबंधक सह सचिव डॉ अजीत कुमार हैं। झारखंड राज्य भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) परिषद् राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सकों और फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों का निबंधन के अलावा राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा से संबंधित सभी तरह के फैसलों के लिए सरकार को सलाह देगी। इसके अलावा इस चिकित्सा में प्रैक्टिस करने के लिए मापदंडों का निर्धारण करेगी। अब झारखंड राज्य में किसी भी अस्पतालों, क्लीनिक तथा फिजियोथेरेपी कॉलेज में फिजियोथेरेपी चिकित्सा में प्रैक्टिस अथवा अध्यापन आदि करने के लिए सभी फिजियोथेरेपिस्ट का काउंसिल से निबंधन आवश्यक है। निबंधक सह सदस्य सचिव डॉ अजीत कुमार ने कहा कि अब राज्य भर में फिजियोथेरेपी चिकित्सा में प्रैक्टिस करने के लिए परिषद् से निबंधन अनिवार्य होगा। इसके साथ ही विभिन्न फिजियोथेरेपी कॉलेजों को निबंधन के साथ ही परिषद् के मापदंडों का पालन करना होगा। उपाध्यक्ष डॉ अभय कुमार पांडेय ने कहा परिषद् के गठन से राज्य में फर्जी या झोलाछाप फिजियोथेरेपिस्ट और संस्थानों पर लगाम लग सकेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने काउंसिल से रजिस्टर्ड सभी फिजियोथेरेपिस्ट चिकित्सकों को बधाई दी।

## एसबीयू में एनुअल स्पोर्ट्स मीट- उमंग का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट-उमंग 2023 का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के द्वारा विश्वविद्यालय का स्पोर्ट्स ध्वज को फहराने के बाद खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलायी गयी। विश्वविद्यालय के चार हाउस यथा चाणक्य हाउस-ग्रुप कैप्टन प्रवीण कुमार एवम अंजली कुमारी, विश्वेश्वर्या हाउस- ग्रुप कैप्टन नवीन परमाणिक एवम अर्पिता ओझा, पतंजलि हाउस- ग्रुप कैप्टन वृति रजनीश एवं प्रीतम महतो तथा रामानुजन हाउस- ग्रुप कैप्टन राहुल कुमार पांडेय, निधि सिंह एवं आकांक्षा दुबे ने मार्च पास्ट करते हुए विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ध्वज को सलामी दी। हिमांशु रंजन, अभिषेक आर्या, साक्षी गुलगुलीया एंड चिन्मय रंजन ने मशाल जलाकर उमंग जंबल मार्च किया तत्पश्चात कुलपति ने विभिन्न रंग-बिरंगे गुब्बारों के गुच्छ को आसमां में छोड़ कर विविधता, अनेकता में एकता का संदेश देते हुए तालियों की जोरदार गड़गड़ाहट के बीच वैविध्य सामूहिकता एवं परस्पर एकता का संदेश देते हुए शानदार शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति को प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि सकारात्मक व्यक्तित्व के विकास के लिए खेल गतिविधियों में शामिल होना आवश्यक है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने स्पोर्ट्स मीट- उमंग के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने स्पोर्ट्स मीट उमंग की शुभकामनाएं दी। फुटबॉल बॉयज ग्रुप में पतंजलि हाउस में रामानुजन हाउस को परास्त करते हुए विजय श्री अपने नाम की। क्रिकेट गर्ल्स ग्रुप में रामानुजन हाउस ने चाणक्य हाउस को पराजित करते हुए विजेता बनने में कामयाब रहा। क्रिकेट बॉयज ग्रुप में रामानुजन हाउस ने पतंजलि हाउस को बड़ी बढ़त के साथ पराजित की। बास्केटबॉल गर्ल्स ग्रुप में पतंजलि हाउस नहीं रामानुजन हाउस को मात देते हुए खिताब प्राप्त करने में कामयाब रहे। बास्केटबॉल बॉयज ग्रुप में पतंजलि हाउस ने चाणक्य हाउस पर बढ़त बनाते हुए प्रथम स्थान पाने में कामयाब रहे। टग ऑफ वार गर्ल्स ग्रुप में रामानुजन हाउस ने पतंजलि हाउस को पराजित कर अपना लोहा मनवाया।

प्रथम दिन के समापन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक द्वारा सभी विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीए इंग्लिश ऑनर्स थर्ड सेम का छात्र रोहित मुखर्जी एवं बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर की छात्रा मानसी सिंह के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता स्पोर्ट्स ऑफिसर सुभाष नारायण शाहदेव के द्वारा प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार, डॉ सुबानी बाड़ा, प्रो एसबी दंडिन, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, अजय कुमार, प्रवीन कुमार, आशुतोष द्विवेदी, डॉ राधा माधव झा, प्रो अमित गुप्ता, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ आरोही आनंद, डॉ नित्या गर्ग, डॉ नीतू सिंघी, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ कुनाल सिंहा, डॉ मुकेश सिंह, अनुभव अंकित, स्पोर्ट्स ऑफिसर सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन, गौरव दास, अमरेंद्रदत्त द्विवेदी, प्रो राजीव रंजन, डॉ नम्रता चौहान, डॉ अर्चना मौर्या, चंद्र शेखर महथा, अंजना सिंह उपस्थित थीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज



अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। मालूम हो कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अस्वस्थ होने पर आज उन्हें बेहतर इलाज के लिए ओरमांझी स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखभाल में उनका उपचार किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री से मिले उद्योगपति जेएसडब्ल्यू स्टील के अध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में देश के प्रसिद्ध उद्योगपति जेएसडब्ल्यू स्टील के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल ने मुलाकात की। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### एनसीसी के महानिदेशक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान एडीजी एनसीसी बिहार-झारखंड मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए अमरजीतनाथ मिश्रा का स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी के साथ पूरे यात्रा में शामिल रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जमशेदपुर निवासी अमराजीतनाथ मिश्रा को रांची महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित करते हुए महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अख्तर अली ने कहा कि अमरजीत ने जो काम किया, वो अविश्वनीय है। प्रदेश अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि अमरजीत मिश्रा से आम कार्यकर्ता को सीखने की जरूरत है। सम्मानित करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि भूषण राय, निरंजन पासवान, पूर्व युवा महानगर अध्यक्ष राजीव रंजन, प्रभात कुमार, जफर इमाम, सब्बीर अंसारी, रमजान अंसारी, गुलाम रब्बानी, फिरोज आलम, वारिश कुरैशी, मेराज अंसारी आदि शामिल रहे।

### संत माइकल्स स्कूल में आशीर्वाद समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। संत माइकल्स स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती के फोटो पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अध्यापिका रंजना चौबे ने कविता के द्वारा बच्चों को प्रेरित किया।डॉ किरण प्रसाद ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि समय को ध्यान में रखते हुए धैर्य पूर्वक परीक्षा लिखें। प्रधानाचार्य श्री रंजीत कुमार बच्चों को संबोधित करते हुए भावुक हो गए थे,उन्होंने बच्चों को आगामी परीक्षा की शुभकामनाएं दी। जाते-जाते बच्चों को स्मृति चिन्ह भी प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया। तत्पश्चात अर्पित कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु कुमार देव एवं स्नेहा के द्वारा किया गया।

### मानवाधिकार आयोग ने जेल में कैदी की मौत पर डीसी से मांगी जांच रिपोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। खेलगांव थाना स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद विचाराधीन कैदी बाबू जन सिंह की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मानवाधिकार आयोग ने मामले में रांची डीसी से जांच रिपोर्ट मांगी है। आयोग द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद रांची डीसी ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को पत्र लिखकर आग्रह किया है।

### संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार कर दल विशेष के प्रवक्ता बन रहे स्पीकर : दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने भाजपा को नेता प्रतिपक्ष चुनने की सलाह दी है। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष आसन की गरिमा धूमिल कर रहे हैं। उनके बयान से संवैधानिक मर्यादाएं तार-तार हुई हैं। ऐसा लगता है जैसे विधानसभा अध्यक्ष किसी दल विशेष के आधिकारिक प्रवक्ता बन गए हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का उनका कोई नैतिक और संवैधानिक अधिकार नहीं है। अच्छा होता वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना विधायक दल के नेता चुनकर विधानसभा अध्यक्ष को लिखित दे दिया है। जहां तक दलों के विलय का मामला है, चुनाव आयोग ने उस पर अपनी संवैधानिक मुहर लगा दी है। बावजूद इसके इसे न्यायाधिकरण के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में उलझा दिया गया है। फैसले को भी लटकाया,अटकाया जा रहा है।

# अनिश्चितता दूर हो

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बुधवार को लोकसभा में परंपरा के मुताबिक सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस दौरान सदन में जिस तरह का माहौल रहा और जैसी बहस हुई, वह देश में स्वस्थ लोकतंत्र की मजबूत जड़ों को लेकर आश्वस्त करने वाला है। बेशक, इस दौरान तीखे भाषण हुए। विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाये और सरकार की ओर से उसका जवाब भी दिया गया, लेकिन यह तो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसदीय चर्चा का अभिन्न हिस्सा होता है। खास तौर पर मौजूदा सत्र की बात की जाये तो विपक्ष की ओर से सबसे बड़ा मुद्दा अडाणी मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच की मांग है। अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद इस ग्रुप के शेयरों में बड़ी गिरावट आई और उसके लगाये आरोपों का भारतीय कारोबारी समूह ने जवाब भी दिया। इससे जुड़े पहलुओं पर बैंकिंग और शेयर बाजार नियामकों की ओर से भी पहल हुई। ऐसे में संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग इस मुद्दे का सियासी पहलू ही है। इससे बड़ी बात है कि नियामक संस्थाओं की ओर से इस मामले पर तस्वीर जल्द से जल्द साफ हो। उसका कारण यह है कि शेयर बाजार किसी भी तरह की अनिश्चितता को ठीक नहीं मानता। इसलिए जितनी जल्दी तस्वीर साफ होगी, उतनी ही जल्दी इस मामले का साया स्टॉक मार्केट से हटेगा। विपक्ष ने पहले इसी मुद्दे पर सदन ठप कर रखा था। फिर उसने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में शामिल होने का फैसला किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के क्रम में सरकार पर कई आरोप लगाये। इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सत्ता पक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सदन के मंच का दुरुपयोग किया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का समापन विपक्ष पर चुटकी लेते हुए किया। उन्होंने कहा कि जैसे सच सुनने के लिए साहस की जरूरत होती है, वैसे ही झूठे और गंदे आरोप सुनने के लिए भी हिम्मत और धैर्य की जरूरत होती है। ऐसा साहस और धैर्य दिखाने के लिए उन्होंने साथी सदस्यों का हंसते हुए धन्यवाद किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के क्रम में सरकार पर कई आरोप लगाये। इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सत्ता पक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सदन के मंच का दुरुपयोग किया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का समापन विपक्ष पर चुटकी लेते हुए किया। उन्होंने कहा कि जैसे सच सुनने के लिए साहस की जरूरत होती है, वैसे ही झूठे और गंदे आरोप सुनने के लिए भी हिम्मत और धैर्य की जरूरत होती है। ऐसा साहस और धैर्य दिखाने के लिए उन्होंने साथी सदस्यों का हंसते हुए धन्यवाद किया।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के क्रम में सरकार पर कई आरोप लगाये। इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सत्ता पक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सदन के मंच का दुरुपयोग किया है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

8 मार्च 2019 को तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली की उपस्थिति में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी गयी थी। इस एक्सप्रेस-वे की संकल्पना कुछ इस तरह थी कि वह पिछड़े क्षेत्र जो मुख्य मार्ग से दूर हैं, उन्हें जोड़ा जाये। सड़क को इस तरह बनाया जाए, जिसमें आधुनिक तकनीक का समावेश हो।

# निवारण, उपचार तथा पुनर्वास : ड्रग के विरुद्ध 3-स्तरीय उपागम

**डॉ वीरेंद्र कुमार**



'भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की प्रमात्रा' रिपोर्ट सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) तथा राष्ट्रीय ड्रग निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) द्वारा वर्ष 2019 में जारी की गई थीजिसमें भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की बढ़ती अभिवृत्ति को दशार्या गया था। अनेक ड्रग परिपाटी के भाग रहे हैं तथा ये आज भी देश के कुछ हिस्सों में बने हुए हैं। तथापि, ड्रग का दुरुपयोग परंपरागत उपयोग से परे पहुंच गया है तथा यह युवाओं के मध्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के एक मुद्दे के रूप में प्रकट हो रहा है। चिकित्सा शोध के अनुसार, यह स्वीकृत किया गया है कि ड्रग की लत अथवा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग का विकार एक क्रोनिक व रिलेप्सिंग स्वास्थ्य संबंधी अवस्था है जो जेनेटिक, जैविक, परिवेश तथा जीवन शैली से संबंधित कारकों की वजह से होती है तथा इसका उपचार, परामर्श, जीवन शैली में बदलाव तथा दवाइयों से चिकित्सा उपचार करके किया जा सकता है। इसलिए किसी भी समाज में ड्रग संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक सूचना संपन्न व बहु-आयामी कार्यनीति अपनाने की जरूरत होती है जो समय के अनुसार ड्रग आपूर्ति का समाधान करती है और ड्रग की मांग में कटौती होती है। सरकार के नकोर्ड तंत्र ने बड़े पैमाने पर ड्रग के दुरुपयोग संबंधी समस्या का समाधान करने मदद की है। इसके दिशा तथा अभिसरण के परिणामस्वरूप सभी एजेंसियों एवं हितभागियों द्वारा एकीकृत कार्रवाई की गयी है, जो एकल प्लेटफार्म पर नशीले पदार्थों की दुरुपयोग की समस्या का समाधान कर रहे हैं।

**राष्ट्र की सेवा में समर्पित 25 नशामुक्ति उपचार सेवा केंद्र (एटीएफ)**

ड्रग के दुरुपयोग तथा अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने ट्विट किया कि मैं, हमारे समाज से ड्रग के संकट का उन्मूलन करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत सभी की प्रशंसा करता हूं। जीवन को बचाने का प्रत्येक ऐसा प्रयास महत्वपूर्ण है। आखिरकार, ड्रग्स अपने साथ अंधकार, विनाश तथा विध्वंस ही लेकर आती है।

सरकार के नकोर्ड तंत्र ने ड्रग के दुरूपयोग की समस्या का समाधान करने के लिए बड़े स्तर पर सहायता की है। इसके निर्देशन एवं अभिसरण के फलस्वरूप नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के विरुद्ध संघर्ष कर रहे सभी एजेंसियों तथा हितभागियों द्वारा एकल प्लेटफार्म पर एकीकृत कार्य करना संभव हुआ है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशामुक्त भारत अभियान, एक समुदाय आधारित जन-आंदोलन अभियान, की शुरूआत 15 अगस्त, 2020 को देश के 272 सर्वाधिक असुरक्षित जिलों में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध की गयी थी। जन-आंदोलन के दूसरे कदम के रूप में वर्ष 2022 में अन्य 100 सर्वाधिक असुरक्षित जिलों को इस सूची में जोड़ा गया था।

नशामुक्त भारत अभियान के जन्म के समय से परामर्श - संबंधी कार्यकलापों के माध्यम से बेहतरीन समुदाय संपर्क हेतु सक्रिय रूप से संकल्पना बनाने एवं कार्य करने वाले हितभागियों की सहायता से ड्रग की मांग में कटौती में बड़े परिवर्तन किये गये हैं। आज की तारीख तक 9.3 करोड़ से अधिक लोगों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में जागृत किया गया है, जिनमें 3 करोड़ से अधिक युवा तथा 2 करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इस मिशन में 2.7 लाख से अधिक शैक्षिक संस्थाओं ने भाग लिया है।

नशामुक्त भारत अभियान महिलाओं, बच्चों, शैक्षिक संस्थाओं तथा सिविल सोसायटी संगठनों की सहायता कर उन्हें इस कार्रवाई में आगे लाता है। इस अभियान में 8000 से अधिक मास्टर स्वयंसेवकों का मजबूत बल है जो नशीले पदार्थों के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों, सबसे दुरस्त क्षेत्रों में नशीले पदार्थों के साथ संघर्षरतलोगों के पुनर्वास तथा निवारण की प्रक्रिया का संदेश देने के लिए प्रशिक्षित तथा जानकार हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में जनसामान्य से जुड़ने तथा सांस्कृतिक रूप से गहरा प्रभाव डालने और नशीले पदार्थों की मांग को अंतः प्रभावित करने के लिए कदम उठाने हेतु कई कार्यक्रम जैसे मैराथन, लोक संगीत, स्थानीय खेल-कूद कार्यक्रम, नाव अथवा साईकिल रैलियां तथा कई अन्य कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। यह आश्रित लोगों तक पहुंचने तथा उनकी पहचान के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, परिसरों तथा स्कूलों के साथ भागीदारी करने को प्रतिबद्ध है; सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के साथ अस्पतालों तथा पुनर्वास केंद्रों में परामर्श और उपचार सुविधाओं पर बल देते हुए यह अभियान ड्रग्स के उपयोग के बढ़ते ट्रेंड के लिए आरंभ से अंत तक एक संकल्प है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अंब्रेला स्कीम नशीली दवा की मांग में कमी की राष्ट्रीय कार्य योजना निवारक शिक्षा, जागरूकता, पुनर्वास उपचार, समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को वापस लाने तथा गरिमा जीवन जीने के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, एनजीओ/अन्य स्वैच्छिक संगठनों, जिला और सरकारी अस्पतालों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ड्रग्स के साथ संघर्षरत लोगों को निःशुल्क सुविधाएं प्रदान करते हुए देश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों हेतु 341 एकीकृत पुनर्वास केंद्र (आइआरसीए), 49 समुदाय आधारित संगति?परक इंटरवेंशन (सीपीएलआइ), 72 आउटरिच और ड्रॉपइन केंद्र (ओडीआइसी) तथा 14 जिला नशामुक्ति केंद्र (डीडीएसी) हैं। लाभवंचितों, उनके परिवारों तथा सामाजिक दायरे को चुनौतयों की जानकारी देने में सहायता करनातथा उनके लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना।

प्रगति के इस दौर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय राष्ट्रीय ड्रग्स निर्भता (एनडीडीटीसी) एम्स, नयी दिल्ली के सहयोग से नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए 25 उपचार सुविधाएं (एटीएफ) प्रदान करने को तैयार हैं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अभियान, नशामुक्त भारत अभियान के बैनर के तले राष्ट्र को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए 25 उपचार सुविधाएं समर्पित की। ये 25 नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए उपचार सुविधाएं देशभर में सरकारी अस्पतालों में स्थित है इन्हें देश के अधिकतर शहरों तथा जिलों को कवर करने के लिए बढ़ाया जायेगा। सिमडेगा, झारखंड अथवा आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में जिला अस्पतालों से लेकर सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश अथवा शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, बैनमिना, कश्मीर जैसी बढ़ी अकादमिक संस्थाएं इसमें शामिल हैं।

ये नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों हेतु उपचार सुविधाएं (एटीएफ) 25 जिलों के सरकारी अस्पतालों में स्थापित की जाएंगी तथा सामान्य स्वास्थ्य देखभाल ढांचे के रूप में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के रोगियों का उपचार करेगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग इस स्कीम को पूरी तरह से वित्तपोषित करता है तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों, निःशुल्क दवाओं एवं टिकाऊ अवसंरचना सहायता सेवाओं के प्रावधान में भाग लेने वाले सरकारी अस्तपालों की सहायता करता है।

जैसा कि गृह मंत्री ने संसद में कहा, हमारी सरकारी नीति बहुत स्पष्ट है, जो ड्रग का सेवन कर रहे हैं वे पीड़ित हैं। हमें उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए तथा पीड़ितों को उनके पुनर्वास हेतु अनुकूल माहौल देना चाहिए। नशीले पदार्थों के दुरूपयोग का मुद्दा अत्यधिक महत्वपूर्ण सामाजिक समस्या है, जो आयु समूहों, लैंगिक भिन्नता, समुदायों एवं क्षेत्रों में समाज के वर्गों में कटौती करता है तथा परिवारों एवं व्यक्तियों की व्यक्तिगत वृद्धि को प्रभावित करता है। पुनर्वास के अवसर प्रदान करते हुए इससे पीड़ितों से जुड़े कलंक को समाप्त करने तथा युवाओं में ड्रग्स को पहली बार न छूना के विचार को प्रभावी रूप से अंतगृहीत करते हुए नशीले पदार्थों के मामले के समाधान के लिए बहुआयामी कार्यनीति आवश्यक है। अभियान सफलतापूर्वक इन विचारों को आकर्षित करता है तथा नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे आने हेतु जनता का समर्थन चाहता है।

**(लेखकः सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में बूथ मजबूती पर पार्टी का फोकस

**अतिथियों ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर की जिला कार्यसमिति के बैठक एनएच 33 स्थित रिसोर्ट में संपन्न हुई। गुरुवार को आयोजित चतुर्थ कार्यसमिति बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत अन्य वरीय नेता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष गूँजन यादव ने अतिथियों का स्वागत कर महानगर द्वारा किये गए सांगठनिक कार्यों की जानकारी दी। वही जमशेदपुर महानगर के सभी बूथों की स्थिति व आगामी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आगामी 11 फरवरी को पार्टी के पितृपुरुष श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को सभी बूथों में समर्पण दिवस के रूप में मनाने की बात कही। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यकताओं ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत की। मौके पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय नेतृत्व ने 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। 2014 में जब देशवासियों के आशीर्वाद और विश्वास से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तबसे देश में जातिवाद,वोट बैंक और परिवारवाद की राजनीति का अंत हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में विकास और सुशासन की राजनीति की शुरूआत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 वर्षों के शासन में समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हुआ। 11 करोड़ शौचालय का निर्माण, 9 करोड़ो लोगों को उज्वला योजना में निःशुल्क गैस कनेक्शन, पीएम आवास योजना में तीन करोड़ परिवार को पक्के मकान समेत घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने कहा जनता के आशा एवं आकांक्षा के अनरूप कार्य करना है। संवाद, संपर्क और समन्वय के आधार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का कार्य कर लाभुक से संपर्क करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा झामुमो-कांग्रेस सरकार का मिशन है कमीशन। हेमंत सरकार ने कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 के माध्यम से पुनः 2 प्रतिशत मंडी शुल्क लगा दिया। जो कि पूरी तरह से अव्यवहारिक है। इसे अविलंब वापस लिया जाना चाहिए। महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संगठन मजबूती पर जोड़ देते हुए बूथों को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। मंडल अध्यक्ष अपने मंडल अंतर्गत सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति गठन की दिशा में कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने मंडलों में प्रवास करने का निर्देश दिया। महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुडड ने महानगर के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को बूथ कार्यकताओं के संग नियमित रूप से सुनने का आह्वान किया।उन्होंने सरल एप्प के माध्यम से डाटा प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने शक्ति केंद्र के सशक्तिकरण पर मंडल अध्यक्षों को कई निर्देश दिए। बैठक में विगत दिनों में दिवंगत हुए महानगर के विभिन्न मंडलों से भाजपा कार्यकताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मंच संचालन महामंत्री अनिल मोदी व धन्यवाद मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा ने किया। मौके पर पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, विवेक विकास, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, शंभू चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनोद सिंह, कल्याणी शरण, राजन सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, रमेश हांसदा, राजकुमार श्रीवास्तव, भरत सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, योगेश मल्होत्रा, अनिल सिंह, डॉ राजीव, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, जिला पदाधिकारी में सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुचीराम बाउरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बिनानंद सिरका, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद निसार समेत मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, बिनोद राय, फातिमा शाहीन, हन्नु जैन, सुनील सिंह मुंडा, संतोष ठाकुर, ध्रुव मिश्रा, सुरेश शर्मा, अजय सिंह, बबलू गोप, हेमंत सिंह, दीपक झा, संजय तिवारी, राजेश सिंह, प्रशांत पोद्दार, बरजंगी पांडेय, संजय कुमार सिंह, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हलदर दास, सुदीप कुमार डे, त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, पवन सिंह, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, अमिताभ सेनापति, निशांत कुमार, बिमल बैठा, श्वेता कुमारी, दिनेश शर्मा, रेणु झा, रूबी झा, राजपति देवी, श्रीराम प्रसाद, दीपक पारीख, अनमोल वर्मा, काजू शांडिल समेत अन्य शामिल रहे।

# झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ ने सौंपा मांग पत्र

**राकेश पांडेय ने संघ की मांग को मान्यता प्रदान करने के लिए कुलपति, कुलसचिव सहित वित्त समिति के सभी सदस्यों के प्रति जताया आभार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान घंटी आधारित शिक्षकों को परीक्षा कार्य के कक्षा के रुप में मान्यता देने हेतु एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में परीक्षा के दौरान एक पाली का तीन कक्षा के रुप में मान्यता प्रदान करने तथा दोनों पालियों में परीक्षा ड्यूटी करने वालों को चार कक्षा प्रदान करने का मांग किया गया। मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के वित्त समिति में मामले को पारित करने की बात कही।

राकेश पाण्डेय ने संघ की मांग को मान्यता प्रदान करने के लिए कुलपति, कुलसचिव, वित्त सलाहकार, वित्त पदाधिकारी सहित वित्त समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदू, डॉ. बी.डी सिन्हा, डॉ. गोपीनाथ पाण्डेय, डॉ इमरान अहमद, डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. अनामिका, डॉ. कल्याणी झा, डॉ. रुचिका तिवारी, डॉ. फिरदौस जाबीन, डॉ. सोनी सिन्हा, डॉ. नम्रता कुमारी, शोभा कुमारी, डॉ. प्रियंका कुमारी, दानिश हमाद, डॉ. सत्यानंद साह, डॉ. मुरारी लाल वैद्य, डॉ. प्रशांत खरे, डॉ. अंजना सिंह, सिमौन सोरेन के आलावे अन्य शामिल रहे।

# ट्रस्ट ने किया ग्रामीण महिलाओं का सम्मान

**महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए चार चेंजिंग रूम कराया उपलब्ध**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में जुगसलाई व पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनता से जुड़े समस्याओं का कार्य संस्कृति सोशल वेलफेयर ट्रस्ट लगातार कर रही है। ट्रस्ट के संचालक मुनमुन चक्रवर्ती ने अब ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं की सम्मान के प्रति काफी संवेदनशील है। ट्रस्ट ने घाघीडीह, नागाडीह एवं हरहरगुट्ट बड़ा तालाब के किनारे महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए चेंजिंग रूम का निर्माण कर सरानीय पहल की है। जिसका विधिवत उद्घाटन ट्रस्ट के प्रमुख मुनमुन चक्रवर्ती के द्वारा महिलाओं के उपस्थिति में नारियल फोरकर किया गया।

मौके पर उपस्थित सभी ग्रामीण महिलाओं ने मुनमुन चक्रवर्ती के प्रति आभार जताई। इस अवसर पर मुनमुन चक्रवर्ती ने बताया समाज मे महिलाओं की सम्मान जरूरी है। इसी उद्देश्य से चार चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया। उन्होंने बताया तालाव किनारे चेंजिंग रूम का निर्माण होने से महिलाओं को काफी सोहलियत होगी। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्र के अक्सर महिलाएं तलाव व नदी में स्नान के बाद कपड़े बदलने में काफी परेशानी महसूस करती थी। ग्रामीण महिलाओं की समस्या पर बिचार करते हुए अलग अलग तलाव किनारे चार चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया। ताकि महिलाओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना होसके। उन्होंने बताया सभी जगह टीना का सीट से घेरकर जंग रूम का मजबूती से निर्माण किया गया। मौके पर संस्था के सचिव राजीव दत्ता, सोमा चटर्जी, गुलशन सोनकर, राणा दास,मंजू दास,सुनंदा सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण महिलाएं शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गढ़वा जिले से कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता साहेबगंज में 'हाथ से हाथ जोड़ो' कार्यक्रम में होंगे शामिल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा श्रीकुण्ड हाई स्कूल गुमानी, साहेबगंज मैदान से 'हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा' का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के के हाथों किया जाएगा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के झारखंड प्रभारी अर्जुन मोड़वाड़िया, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगिर आलम सहित तमाम कांग्रेस के मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सहित राज्य के तमाम जगहों से कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। गढ़वा जिले से भी बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाग लेंगे। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, प्रदेश सचिव अरविंद कुमार तूफानी, प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे शामिल थे।

### एनएच 75 अधिग्रहण भूमि मुआवजे को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 अधिग्रहण भूमि मुआवजे की राशि को लेकर बिलासपुर पंचायत भवन में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राज महेश्वर और अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार श्री बंशीधर नगर की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय मार्ग 75 का मुआवजा को लेकर संभंधित लोगो से वार्ता की गयी। बैठक में बिलासपुर और गंगटी के वैसे रैयत जिनका जमीन एनएच में जा रहा है, उनसे विचार-विमर्श हुआ। इसमें हनुमंता कला, हनुमंता खुर्द एवं जोरमा के भी रैयत शामिल हुए। ज्यादातर रैयतों ने शिकायत की कि उनको मुआवजा की राशि कम दी जा रही है, इस पर कई लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। जिला भूअर्जन पदाधिकारी ने सहानुभूति पूर्वक उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिनको भी मुआवजा को लेकर कोई शिकायत है तो लिखित आर्बिट्रेशन में मामला भेजें, वहां सुनवाई होगी और सुनवाई के पश्चात ही निर्णय लिया जाएगा। अभी वर्तमान में सभी रैयत अंचल कर्मियों के साथ सहयोग करें और अपना भूस्वामित्व प्रमाण पत्र भेजने के लिए उपयुक्त वंशावली जमा करें एवं जिनका ऑनलाइन रसीद नहीं कट रहा है या जिनका अपग्रेडेशन नहीं हुआ है। अपने-अपने कागजात लेकर संबंधित हल्का के कर्मचारी से एवं अंचल निरीक्षक से संपर्क करें एवं आवश्यक कागजात दें। जिन रैयत का जमीन अधिग्रहित किया जा रहा है उनको प्राथमिकता के आधार पर अंचल कार्यालय में उनके कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।

### 11 फरवरी को झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखंड के हजारों कार्यकर्ता लेंगे भाग : ताहिर अंसारी



**रमना (आजाद सिपाही)।** आगामी 11 फरवरी को हाई स्कूल के मैदान में होनेवाले झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर पार्टी नेता ताहिर अंसारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी। जानकारी देते हुवे वरिष्ट नेता ताहिर अंसारी ने कहा बताया कि राज्य में हेमंत सोरेन सरकार जनहित से जुड़ी कई योजनाएं संचालित कर रही है। जिसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जिसे लेकर विधानसभा के प्रत्येक प्रखंडों में कार्यक्रता सम्मेलन के माध्यम से भाजपा के करतूत के बारे में जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीस साल तक राज्य में शासन करने वाले भाजपा सरकार को आदिवासी सरकार बनने पर पेट में दर्द हो रहा है। बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखंड के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। जिसका तैयारी अंतिम चरण में है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, रोहित वर्मा, अनुज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** आदिम जनजाति के लोगों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना, वक्ताओं ने कहा

# सभी पार्टियों ने दलित एवं आदिम जनजाति परिवारों को सिर्फ ठगने का काम किया है

**1932 के खतियान के नाम पर सरकार ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन उनलोगों के पास तो जमीन ही नहीं है, ऐसे में वे लोग इसके लाभ से वंचित रह जायेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रमना।** भारतीय आदिम जनजाति विकास परिषद एवं भारतीय भुइयां विकास परिषद पलामू प्रमंडल के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय के समक्ष गुरुवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के पूर्व मड़वनिया पंचायत सचिवालय से जुलूस निकाला गया जो प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1932 के खतियान के नाम पर हेमन्त सोरेन सरकार ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन उनलोगों के पास तो जमीन ही नहीं है। ऐसे में वे लोग इसके लाभ से वंचित रह जाएंगे। सरकार भाजपा की हो या कांग्रेस की सभी पार्टियां गरीब, दलित, आदिवासी एवं आदिम जनजति परिवारों को सिर्फ ठगने का काम किया है। 75 प्रतिशत किसान सूखा राहत योजना के लाभ से अभी वंचित हैं। चार महीना से राशन नहीं मिलने के कारण आदिम जनजति परिवारों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उतपन्न हो गयी है। वहीं आदिम जनजति परिवार की बहु-बेटियों के साथ दुष्कर्म कर हत्या की जा रही है। लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल के नाम बीडीओ को 16 सूत्री मांगपत्र सौपा गया। जिसमें वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं 2008 के तहत आश्रित परिवार को वन पट्टा देने, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन की राशि प्रतिमाह पांच हजार रुपया करने, वंचित परिवारों को अविलंब राशन कार्ड निर्गत करने, केंद्रीय विद्यालयों में आदिम जनजाति परिवार के बच्चों का सीधा नामांकन करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता विजय कोरवा, नरेश भुइयां, सहबीर भुइयां, परीखा भुइयां, उमेश भुइयां, गणेश भुइयां, मंगरी देवी, बसमति देवी सहित बड़ी संख्या में आदिम जनजति परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा में वार्षिक खेलकूद सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जोसेफ कुट्टी ने सभी बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, पेंटिंग, डांस, म्यूजिक क्लास पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक तनाव को दूर करने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अलग एक्टिविटी पर भी ध्यान देना चाहिए। जिससे उनका चरित्र निर्माण में कोई कमी ना रह जाए। इसलिए विद्यालय में वर्ष भर समय-समय पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। साथ ही साथ की सत्र 2022-23 वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से विद्यालय में शुरू की जाएगी। जिसके लिए सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही हमारे विद्यालय को सीबीएसई न्यू दिल्ली से प्लस टू तक की मान्यता प्राप्त हो जाएगी। अब गढ़वा जिले के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना होगा। हमारे यहां डिजिटल क्लासरूम, हाइटेक कंप्यूटर लैब के साथ-साथ साइंस लैब की सारी आधुनिक सुविधाएं विद्यालय में उपलब्ध हैं, जिससे सभी छात्रों को सरलता से समझाया जा सकेगा। इससे हमारे विद्यालय के विद्यार्थी नीट, इंजीनियरिंग, सिविल सर्विस जैसी परीक्षाओं में सरलता से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सभी अभिभावक और मीडिया को भी सहयोग के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिये। मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने तालियों से प्रधानाध्यापक की बातों को सुना एवं उनका अभिनंदन किये।

# पीएचसी रमकंडा में हुई 60 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच

**गर्भावस्था में सही समय पर जांच जरूरी, मां बनना जिंदगी का सबसे सुखद एहसास : डॉ कुलदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमकंडा।** गढ़वा जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रमकंडा में 60 गर्भवती महिलाओं को एएनसी अर्थात प्रसव पूर्व जांच की गयी। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने बताया कि मां बनना जिंदगी का सबसे सुखद एहसास है। जिस पल गर्भ में भ्रूण आता है, उस पल से एक नयी जिंदगी शुरू हो जाती है। इसलिए गर्भावस्था में बहुत जरूरी है कि महिलाओं का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाये। मां और उसके पेट में पल रहे बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल, उन्हें जरूरी परामर्श देना और साधन उपलब्ध कराना ही प्रसव पूर्व देखभाल है। डॉ चौधरी ने यह भी कहा कि आमतौर पर प्रसव बिना किसी समस्या के हो जाता है। लेकिन कई बार अचानक जटिल समस्याएं सामने आ जाती हैं। इसलिए गर्भावस्था के दौरान विशेष ख्याल रखना जरूरी है। आमतौर पर आने वाली जटिलताओं में गर्भावस्था में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, प्रीएकलैंपशिया, मिसकैरेज, खून की कमी आदि शामिल है। प्रसव पूर्व जांच कराना बहुत जरूरी है ताकि समय से पता चल सके कि मां और बच्चे कितने स्वस्थ हैं। प्रसव पूर्व जांच में मुख्यतः हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, ब्लड सुगर, एचआईवी आदि की जांच की जाती है। प्रसव के पहले ही जांच से संभावित बीमारियों का पता चल जाता है, जिससे प्रसव के दौरान होने वाली परेशानियों में काफी कमी आती है और इससे होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। गर्भावस्था के संपूर्ण अवधि के दौरान कम से कम चार बार एन्टी नेटल चेकअप जरूरी है। मेडिकल टीम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, सीएचओ सुचिता लकड़ा, लैब टेक्नीशियन सत्येंद्र कुमार शामिल थे। सहिया रीता देवी, चिंता देवी, अनीता देवी, सोनी देवी के साथ बबीता देवी, गुलशन खातून, लाडली खातून, सुनीता देवी, खुशबू देवी सहित काफी संख्या में गर्भवती महिला उपस्थित थे।

## जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा की टीम रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 9 फरवरी से 12 फरवरी तक पटना के पाटलिपुत्र स्टेडियम में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता मैं भाग लेने के लिए गढ़वा जिला 15 सदस्य एथलेटिक्स टीम की घोषणा आज गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने की टीम में दीपांजलि कुमारी गुप्ता, पुष्पा कुमारी, प्रदीप कुमार चौधरी, रिया कुमारी, अंकित कुमार चौधरी, संध्या कुजूर, उषा कुमारी, मोहित उरांव, सजनटी कुमारी, अख्तर अंसारी, अकाश कुमार मेहता, अंकित कुमार, टीम के कोच अमित कुमार सिंह और टीम मैनेजर रंजीता कुमारी को बनाया गया। गढ़वा जिला एथलेटिक संघ ने सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट में आज पटना के लिए पटना सिंगरौली एक्सप्रेस से रवाना किया। इस अवसर पर संघ संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, शारीरिक शिक्षक रजत कुमार, आलोक श्रीवास्तव, राजन केसरी, राजू पाठक आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, अनुमंडल –सह– जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा।**

**आम सूचना।**

कोडरमा जिले के सभी कृषक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि जिला कृषि पदाधिकारी कोडरमा द्वारा दिनांक 15.02.2023 को प्रखण्ड परिसर कोडरमा में जिला स्तरीय **''कृषि मेला –सह– उद्यान प्रदर्शनी''** का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी हेतु प्रादर्श / उत्पाद लेकर आप सभी इस प्रदर्शनी को सफल बनायें।

समय सारणी:–
प्रादर्श का निबंधन – 9:00 बजे पूर्वा0 से 11:00 बजे तक
मेले का उद्घाटन – 12:00 बजे

**उत्पादों की सूची।**

| क्र0 सं0 | उत्पाद का नाम | क्र0 सं0 | उत्पाद का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सरसो का पौधा–02 जड़ सहित | 14 | ब्रोकली–02 पौधा जड़ सहित |
| 2 | मटर का पौधा–03 फली सहित | 15 | फ्रेंचबीन– लत्तर में 25 फली सहित |
| 3 | ईख का पौधा–02 पूर्ण पौधा | 16 | कद्दू–01 |
| 4 | अरहर का पौधा–01 पूर्ण पौधा | 17 | कोहडा–01 |
| 5 | आलु–01 पौधा 04 फली सहित | 18 | मशरूम – छता सहित |
| 6 | बैगन –02 पौधा 04 फली सहित | 19 | अदरक–05 पौधा सहित |
| 7 | टमाटर–02पौधा जड़ सहित | 20 | हल्दी–05 पौधा सहित |
| 8 | मिर्चा –01 पौधा 10 फली सहित | 21 | प्याज –05 पौधा सहित |
| 9 | शिमला मिर्च–01पौधा 02फली सहित | 22 | अमरूद–03 डाली सहित |
| 10 | गाजर –06 पौधा सहित | 23 | पपीता –02 |
| 11 | फूलगोभी –02 पौधा जड़ सहित | 24 | केला –01 (हत्था) |
| 12 | पात्तागोभी –02 जड़ सहित | 25 | नींबू– 04 डाली सहित |
| 13 | मूली –02 पौधा सहित | | |

जिला कृषि पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 289787 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**

**आम सूचना**

विभागीय राज्यादेश सं0– 40 दिनांक– 11.11.2022 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन गुमला जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक लाभुक / कृशक / स्वयं सहायता समूह / सहकारी समिति / महिला मण्डल / एफ०पी०ओ० जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक 15.02.2023 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में जमा कर सकते हैं।8

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे० / इकाई / संख्या में)

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Dragon Fruit (int. package with drip irrigation and trellis) | 1 Ha. |
| 2 | Strawberry (int. package with drip irrigation and & mulching) | 1 Ha. |
| 3 | Banana (TC) (int. package with drip irrigation) | 1 Ha. |
| 4 | Pineapple (Sucker) (int. package with drip irrigation) | 1 Ha. |
| 5 | Papaya (int. package with drip irrigation) | 1 Ha. |
| 6 | Mango | 12 Ha. |
| 7 | Citrus | 2 Ha. |
| 8 | Litchi | 2 Ha. |
| 9 | Aonla | 3 Ha. |
| 10 | Guava | 15 Ha. |
| 11 | Sapota | 2 Ha. |
| 12 | Vegetable Hybrid | 6 Ha. |
| 13 | Cut Flowers- Small & Marginal Farmers | 7 Ha. |
| 14 | Bulbous Flowers- Small & Marginal Farmers | 7 Ha. |
| 15 | Loose Flowers- Small & Marginal Farmers | 7 Ha. |
| 16 | Spices (Seed Spice and Rhizomatic spices) | 10 Ha. |
| 17 | Aromatic Plant (other aromatic plants) | 25 Ha. |
| 18 | Rejuvenation/replacement of senile plantation including canopy management | 1 Ha. |
| 19 | Creation of Water Resources ( Community tanks/on farm ponds/on farm water reservoirs with use of plastic/RCC lining) | 0.09 Unit |
| 20 | Water Harvesting system for individual (for storage of water in 20mx20mx3m ponds/tube wells/dug wells) | 3 Unit |
| 21 | Plastic Mulching | 5 Ha. |
| 22 | Anti Bird/Anti Hails Nets | 5 Ha. |
| 23 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production – HDPE Vermibed | 6 Nos. |
| 24 | HRD Training of Farmers (within the State) | 25 Nos. |
| 25 | HRD Training of Farmers (Outside the State) | 5 Nos. |
| 26 | HRD Exposure Visit of Farmers (Outside the State) | 5 Nos. |
| 27 | Pack House/On farm collection & Storage Unit) | 1 Nos. |
| 28 | Evaporative /low energy cool chamber (8MT) | 6 Nos. |
| 29 | Preservation Unit | 8 Nos. |
| 30 | Low Cost Onion storage structure (25 MT) | 5 Nos. |
| 31 | State Mobile Vending Cart/platform with cool chamber | 1 Nos. |

नोट :–
1. पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. SC- 12 प्रतिशत, ST-26 प्रतिात, महिला–30 प्रतिशत, दिव्यांग–3 प्रतिशत का नियमानुसार प्रथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा।
4. जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला के द्वारा लाभुकों / कृशकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
5. योजना के कार्यान्वयन में लाभुकों को टोकन की उपलब्धता अनिवार्य होगी। बिना टोकन प्राप्त किये किसी प्रकार का लाभ देय नहीं होगा।
6. आवेदन कार्यालय में 15.02.2023 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि / पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
8. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा।
9. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र / कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
गुमला

PR 289666 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (22-23)_D

**खबर का असर :** भाजपा नेताओं ने जमा दो उवि कांडी में 10 छात्रों के फार्म भरे जाने में हो रही लापरवाही के मामले की ली जानकारी

# बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जाना शर्मनाक : रामलला दुबे

**भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त गढ़वा से मामले की बारीकी से जांच कर दोषियों पर नियमसंगत कार्रवाई करने का आग्रह किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में 10 छात्रों के फार्म भरे जाने में हो रही लापरवाही के मामले की समाचार के माध्यम से जानकारी के पश्चात गुरुवार को भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विद्यालय जाकर मामले की जानकारी ली और छात्रों का भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने का आग्रह किया।

मुद्दे पर चर्चा करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के प्रभार में शिक्षक अरविंद कुमार जब से प्रभारी प्रधानाध्यापक बने रहे तब से विद्यालय राजनीति का अड्डा बन गया, विद्यालय में पढ़ाई कम अपितु विद्यालय अखाड़ा ज्यादा बन कर रह गया। उन्होंने विद्यालय में बार-बार हो रही लापरवाही का जिम्मेदार विभाग के वरीय अधिकारियों को ठहराया।

उनका कहना था कि विद्यालय का जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व समाचार पत्रों के माध्यम से बार बार मामला उठता है। उसके बावजूद भी तत्कालीन प्रभारी प्रधानाचार्य अरविंद कुमार पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा होता है कि आखिर विद्यालय में हो रही लापरवाही पर अधिकारी किसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले विद्यालय में निरीक्षण करने आयी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी जांच के नाम पर महज खाना पूर्ति की। विद्यालय में प्रबंधन समिति के गठन का कोई मतलब ही नहीं रह गया है। बिना प्रबंधन समिति की बैठक के ही विकास मद की राशि की बंदरबांट की जा रही है। अब नया मामला आठवीं कक्षा के बच्चों से टीसी, अवैध तरीके से एडमिशन के नाम पर राशि लेकर फर्जी रसीद देना ऐसे मामलों को लेकर बच्चों के भविष्य से जो खिलवाड़ किया जा रहा है वह काफी शर्मनाक है। उन्होंने उपायुक्त गढ़वा से मामले की बारीकी से जांच कर दोषियों पर नियमसंगत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मौके पर विनोद प्रसाद, लखन चंद्रवंशी, रामप्रवेश चंद्रवंशी, मणिकांत सिंह, सुरेश पासवान व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तमाड़ मोड़ में लगे डॉ अंबेडर की प्रतिमा : भाजपा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से खूंटी कचहरी के समीप तमाड़ मोड़ पर संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। इस संबंध में भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र नायक के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला और उन्हें हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खूंटी जिले में बाबा साहेब की एक भी प्रतिमा नहीं है। ऐसे में कचहरी के समीप तमाड़ मोड़ पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित हो, ताकि अनुसूचित जाति के लोगों के साथ-साथ अंबेडकर वादी लोग राष्ट्रहित में बाबासाहेब के अमूल्य योगदान को याद कर सके। ज्ञापन में डीसी से अनुरोध किया गया है कि बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। वहीं, डीसी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में एससी मोर्चा के लखींद्र नायक, राजेश्वर बैठा, कृष्णा राम, जीतन स्वांसी, राजेंद्र नायक आदि शामिल थे।

## तमाड़ में वाहन के धक्के से युवक की मौत



**रडगांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ 33 पर रड़गांव में अज्ञात कार की चपेट में आकर 23 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान जाहीद अंसारी उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। वह अब्दुल हमीद का बेटा था। बुधवाक की शाम सात बजे अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी। उसे आनन-फानन में रिम्स अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सोनाहातू में ग्राम प्रधान संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत सचिवालय में गुरुवार को ग्राम प्रधान संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जगतपाल बड़ाईक ने की। बैठक में राजस्व ग्राम सारमाली के ग्राम प्रधान जनक सिंह मुण्डा के निधन पर शोक प्रकट किया गया। ग्राम सभा की समस्या और समाधान के बारे चर्चा, ग्राम सभा की सशक्त करने, वार्षिक वनभोज आयोजित करने आदि विषयों पर भी चर्चा की गयी। इस मौके पर गोपाल सिंह मानकी, फनीभूषण सिंह मुंडा, भोलेश्वर सिहं मुंडा, भूतनाथ सिंह मुण्डा, युगल किशोर सिंह मुण्डा, धिरज सिंह मुण्डा, अनिल सिंह मुण्डा, रबि सिंह मुण्डा, राजकिशोर सिंह मुण्डा, मनोहर पातर, लेलिन पाहन आदि थे।

## सोनाहातू के बड़ाईटांड़ गांव में तीन दिवसीय रामायण पाठ शुरू

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड तेतला पंचायत के बड़ाईटांड़ गांव में गुरुवार को तीन दिवसीय रामायण पाठ का शुभारंभ की गई। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ राजाराम महतो एवं सोनाहातू भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी ने संयुक्त रूप से किया। डॉ राजाराम महतो ने तुलसीदास के कलियुग में हरि नाम जपने पर चर्चा की। उन्होंने तीन बार सुबह शाम दोपहर हरि नाम लेने को कहा। इस मौके पर पूर्व शिक्षक नंदलाल महतो, रामदास महतो, विष्णु महतो, भद्रु महतो, कृष्ण कोइरी, रामायण प्रेमी, सुलेखा कुमारी, रीता कुमारी, गंगाधर महतो, सुखराम बेदिया एवं एकल विद्यालय रातु संच के प्राचार्य रामगढ़ खूंटी ओरमांझी के प्राचार्य उपस्थित थे।

## सुखद सत्संग समिति शाखा के कार्यालय का उद्घाटन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पांचपरगना सुखद सत्संग समिति शाखा सोनाहातू के संतों की ओर से बुधवार को सोनाहातू स्थित गोपेश्वर कम्पेलेक्स बाजार टांड़ में केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम समिति के असित कुंडू,परेश राम महतो, महेंद्र नाथ महतो, राधामोहन सिंह मुंडा, राधा बल्लभ सिंह मुंडा, आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। इसके पूर्व महेंद्र नाथ महतो के द्वारा गीता पाठ का प्रवचन किया गया। कार्यालय उद्घाटन के बाद सेवानिवृत्त शिक्षक असित कुंडू ने सभी सदस्यों को उर्जा भरते हुए सत्संग को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए कई मार्गदर्शन दिए। उद्घाटन कार्यक्रम में संतोष जायसवाल, प्रदीप कुमार माझी, भुवनेश्वर महतो, हरिपद महतो, हेमसागर महतो, गोपेश्वर महतो, पूरन महली, उत्तम कुमार दास, खगेश महतो, मुकेश महतो, डॉ सोहन महतो, अशोक कुमार जायसवाल, परिक्षित महतो, अजय कुमार कुंडू, बिष्णु चरण महतो आदि उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति भुगतान व अन्य मांग को लेकर मंत्री चंपाई सोरेन से छात्रों ने की मुलाकात

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के परिवहन व कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मिलकर पोस्ट-मैट्रिक सत्र 2022-23 छात्रवृत्ति के लिए ई-कल्याण पोर्टल खोलने और अविलंब छात्रवृत्ति भुगतान करने की मांग की। केंद्रीय अध्यक्ष नीतीश पटेल और झारखंड छात्र मोर्चा के महासचिव राजू कुमार ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के गरीब छात्रों को सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति मैट्रिक के लिए सत्र 2022-23 का अबतक फॉर्म नही भराया गया है। जबकि अब सत्र खत्म होने को है। ऐसे में छात्रवृत्ति के भरोसे पढ़ने वाले लाखों गरीब छात्रों का भविष्य संकट में है।

### किसानों को 50 फीसदी अनुदान राशि पर कृषि यंत्र देने का दिया निर्देश

# उन्नत खेती की दिशा में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बनें किसान : शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई आत्मा शासकीय निकाय की बैठक में आधारित कार्य योजना के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान बनाई गई कार्य योजना पर विचार-विमर्श के बाद उसका अनुमोदन किया गया। डीसी ने प्रखण्ड स्तरीय प्राशिक्षण और अंतर राज्य प्राशिक्षण पर चर्चा की। साथ ही प्राशिक्षण के लिए कई स्थानों का चयन किया गया। इसी क्रम में डीसी ने निर्देश दिया कि परिभ्रमण के लिए उन्नत खेती और तकनीकी बिंदुओं पर भी किसानों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इसके लिए केवीके के सहयोग से आइआइदएनआरजी के



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

परिभ्रमण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत कुल 100 हेक्टेयर खेत में गरमा मूंग का प्रत्यक्षण कराने की स्वीकृति दी गई। साथ ही डीसी ने कृषि यंत्रों को 50 फीसदी अनुदान पर किसानों को देने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे प्रचारित कर किसानों को लाभान्वित करने का निर्देश भी दिया। बैठक के दौरान आत्मा कर्मियों का निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला स्तर पर कृषि मेला लगाने के संबंध में भी चर्चा की गई। डीसी ने बताया कि किसानों को कृषि संबधी जानकारी देने के लिए 16 फरवरी को कृषि मेले का आयोजन कर्रा प्रखंड की किसान पाठशाला में किया जाए। साथ ही ड्रेगन फ्रूट, स्वीटकॉर्न, स्ट्रॉबेरी और औषधीय पौधों के उत्पादन आदि के अलावा वैज्ञानिक खेती के संबंध में भी चर्चा की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि डेयरी व मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी कृषकों को उचित लाभ दिया जाए। साथ ही बत्तख पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर पशुपालकों को जागरूक किया जाए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि उन्नत खेती की दिशा में बढ़ कर किसान आत्मनिर्भर बनें और अपनी आजीविका बढ़ाएं।

## कॉमरेड भूतनाथ मंडल का निधन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची जिला किसान सभा सदस्य एवं सिल्ली अंचल किसान सभा अध्यक्ष सह वरिष्ठ माकपा नेता कॉमरेड भूतनाथ मंडल का इलाज के दौरान गुरुवार को रिम्स अस्पताल में निधन हो गया। उक्त खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। झारखंड राज्य किसान सभा राज्य अध्यक्ष सह माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा कि कॉमरेड भूतनाथ मंडल का पार्टी एवं किसान सभा के प्रति योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। इस दुःख की घड़ी में पत्नी, बेटों एवं परिजनों के प्रति हमारी संवेदना हैं। वहीं सिल्ली लोकल कमेटी सचिव अमर महली, अरूण महतो, चितरंजन महतो, संतोष कुम्हार, जितेंगे महतो, दिपक सोनार, सदानंद सोनार, रविपद बेदिया, निलकांत सिंह मुंडा, बद्री नारायण साहू आदि ने शोक प्रकट किया।

## एनके महाप्रबंधक ने किया मानकी बस्ती का दौरा, लोगों की समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने गुरुवार को मानकी बस्ती का दौरा किया। बुधवार की शाम में मोर्चा ने बस्ती की समस्या को लेकर महाप्रबंधक से दौरा करने का आग्रह किया था। महाप्रबंधक ने इस दौरान मानकी बस्ती के ग्रामीणों के साथ बिजली के जर्जर पोल, टूटी फूटी नालिया, पानी की समस्या से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में एकमात्र कुंआ है जो गर्मी के दिनों में सूख जाता है। जिस कारण पीने की पानी की काफी समस्या होती है। साथ ही ग्रामीणों ने गांव में सड़क बनवाने का भी आग्रह किया। ग्रामीणों की समस्या को दूर करने के लिए



मानकी बस्ती का दौरा करते महाप्रबंधक संजय कुमार।

महाप्रबंधक संजय कुमार ने दौरे में उनके साथ आए सिविल अधिकारी को गांव में डीप बोरिंग कराने का निर्देश दिया। वहीं महाप्रबंधक ने कहा कि मानकी बस्ती के जर्जर हो चुके बिजली के पोल को बदला जाएगा। उन्होंने विद्युत एवं यांत्रीक विभाग के प्रमुख को जर्जर बिजली के पोल का सर्वे कर इसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने एवं सड़क बनवाने को लेकर भी निर्देश दिया। इस मौके एसओ ईएंडएम एस चट्टोपाध्याय, सिविल अधिकारी आभाष त्रिपाठी, कन्हाई पासी, रामधारी गंझू, अमर भोगता, कामेश्वर गंझू, आनंद गंझू, चिंटू, भुनेश्वर गंझू, दिलेश्वर महतो, बीरेंद्र यादव, फुलो देवी, रुक्मणी देवी आदि मौजूद थे।

## बीरबाकी को प्रखंड का दर्जा नहीं मिलने से नाराज होकर फिर से आंदोलन का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की ।** प्रखंड के तोड़ाग गांव में गामीणों ने बैठक की। जिसमें बीरबाकी को पखंड का दर्जा नहीं मिलने से नाराज लोगों ने फिर से आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रुप से उपस्थित आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा ने लोगों के हक अधिकार व विकास के लिए जागरूक होने की अपील की। साथ ही जनजातिय भाषा विकास के लिए तमाड़, बुंडू व अड़की प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में मुंडारी कुरुख भाषा की पढ़ाई जरुरी करने की मांग की। लगे हाथ बिरबांकी को प्रखंड का दर्जा दिलाने के लिए क्षेत्र के लोगों को एकजुट हो कर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा मुंडारी भाषा में लोगों को संबोधित करते हुए हाषा भाषा संस्कृति को बचाए रखने के लिए आगे आने की अपील की। तोड़ांग मुखिया मानुसाय मुंडा ने अपने पंचायत क्षेत्र में जन सेवा में हमेशा तैयार रहने की पतिबदता जाहिर की। मौके पर मनोज मुंडा, परीक्षित मुंडा, शंभू मिर्धा, मुनिराम मुंडा एवं चार मौजा के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नौकरी और मुआवजा को लेकर रैयतों की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक हेसालोंग गंझू टोला स्कूल में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के नवाडीह शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा और संचालन सुरेश प्रसाद साहू ने किया। बैठक में मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल के लिए अधिग्रहित जमीन के नौकरी मुआवजा को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि रेल लाइन में अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी मुआवजा को लेकर पिछले वर्ष धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद सीसीएल पिपरवार प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों, अंचल प्रशासन की मौजूदगी में वार्ता हुई थी और रैयतों को आश्वासन दिया गया था कि दो माह के अंदर इस मामले पर सकारात्मक पहल होगा, लेकिन 13 माह बीत जाने के बाद भी रैयतों को नौकरी मुआवजा को लेकर कोई पहल होता नहीं दिख रहा है। इससे रैयतों में असंतोष व्याप्त है। रैयतों ने एक बार फिर सभी संबंधित अधिकारियों को नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया है अगर इस बार कोई पहल नही किया गया तो रैयत भी अब चुप बैठने वाले नही है। 15 दिनों के अंदर कोई पहल नहीं किया गया तो सीसीएल के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में कुलदीप प्रसाद, हेमलाल गंझू, दुर्गा भोगता, चिरंजीवी प्रसाद, शुकुल साहू, त्रिभुवन कुमार, राधेश्याम प्रसाद, सुरेंद्र गंझू, श्रवण कुमार भोगता, विनय टोप्पो, उमाशंकर साहू, बिनोद मुंडा, अनिल कुमार गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, रूपन गंझू, सुकरा गंझू, ताहिर अंसारी, बीफा गंझू सहित कोनका, नवाडीह, मायापुर, महुलिया, हेसालोंग गंझू टोला, पियार टॉड, अगरवा के ग्रामीण मौजूद थे।

## तमाड़ पुलिस ने नष्ट किया 200 किलो महुआ

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के लुंगटु गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर पुलिस ने करीब 200 किलो अवैध जावा महुआ नष्ट कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर फिर से उक्त अवैध धंधा शुरू किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों की देखभाल एवं बाल विवाह की रोकथाम पर चर्चा

# जनप्रतिनिधि बच्चों को योजना का लाभ दिलाने में भूमिका निभायें: सौमी चक्रवर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला समाज कल्याण, बाल संरक्षण इकाई की ओर से गुरुवार को मुरहू प्रखंड सभागार में अनाथ, परित्यक्त, अभ्यर्पित और कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को प्रायोजन, पालन-पोषण देखरेख कार्यक्रम से जोड़ने और बाल विवाह की रोकथाम पर चर्चा के लिए हितधारकों की बैठक हुई। जिसमें बच्चों से जुड़ी इस योजना से अधिक से अधिक लोगों को कैसे जोड़ा जाए और ग्रामीणों को कैसे जागरूक किया जाए, इस पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को सीनी संस्था की सौमी चक्रवर्ती ने योजना के संबंध में विस्तार कताया। उन्होंने कहा कि



बाल संरक्षण इकाई की बैठक में उपस्थित पधाधिकारीगण।

प्रयोजन कार्यक्रम विषम परिस्थितियों में कमजोर बच्चों के लिए पारिवारिक देखरेख और संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम है। इसके तहत प्रति माह प्रति बच्चे दो हजार रुपये की सहायता सरकार की ओर से दी जाती है। फॉस्टर केयर या पालन देखभाल एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें बच्चा आमतौर पर अपने सगे-संबंधियों के साथ नहीं, बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ रहता है। इसके लिए भी सरकार सहायता देती है। कठिन परिस्थिति में रह रहे बच्चों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए जनप्रतिनिधि और फ्रंटलाइन वर्करों को आगे आना होगा। प्रतिज्ञा संस्था के चंदन सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से मुरहू प्रमुख एलिस ओडेया, उप प्रमुख अरुण कुमार साबू, प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी मोनिया लता, सीडब्ल्यूसी सदस्य मो शाहजहां, संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत देखरेख) मो समीमुद्दीन, एलपीओ पुतुल कुमारी, सीनी संस्था से सौरभ, मनीषा सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और सेविका उपस्थित थी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## एसडीओ ने रनिया में किया विद्यालयों का निरीक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी अनीकेत सचान ने गुरुवार को जिले के सुदूरवर्ती रनिया प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रनिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अनुमंडल पदाधिकारी ने रनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों के लिए स्कूल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीओ रनिया की सोदे पंचायत स्थित प्लस 2 हाई स्कूल पहुंचकर विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उक्त विद्यालयों की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही गई। एसडीओ सचान ने विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार करते हुए बच्चों की शत पतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन में सहयोग करें अधिकारी: पीडीजे



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर डालसा सभागार में गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, उत्पाद विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, नगर पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वैसे लोग भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि वे मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे। वहीं, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मनोरंजन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए गणेश स्पोर्टिंग के चार खिलाड़ियों का हुआ चयन




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पाटलिपुत्रा कॉम्प्लेक्स पटना में आयोजित 18 वीं राष्ट्रीय अंतरजिला जुनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के लिए गणेश स्पोटिंग क्लब राय के चार एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इससे क्लब के साथ कोयलांचल का भी नाम रोशन हुआ है। यह प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगा, जो 12 फरवरी तक चलेगा। इस बाबत गणेश स्पोर्टिंग क्लब के सचिव सह प्रशिक्षक गणेश महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे देश के 599 जिलो के 5472 बालक एवं बालिका अंडर 14 एवं 16 आयु वर्ग के एथलेटिक्स खिलाड़ी भाग ले रहे है। इस प्रतियोगिता के लिए चयनित गणेश स्पोर्टिंग के खिलाड़ियों में आकाश कुमार महतो, निखिल उरांव,सुमित उरांव, संदीप गंझू शामिल है। यह सभी खिलाड़ी गुरुवार को राय स्टेशन से पटना के लिए रवाना हुए इनके साथ कोच के रूप मे गणेश कुमार महतो भी रवाना हुए।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच किट सामग्री वितरित



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुटाप में बुधवार को कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यार्थियों को सरकार की ओर से दो साल का नोटबुक निःशुल्क बांटा गया। साथ में सभी को किट सामग्री भी दी गईं। नोटबुक और किट सामग्री का वितरण हुटाप के मुखिया शिवरथ मुंडा के हाथों किया गया। मौके पर विद्यालय अध्यक्ष सुनील ठाकुर, प्रधानाध्यापक फूलचंद दीगवार, ब्रजलाल प्रसाद आदि थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपर्युक्त बरियातु थाना काण्ड संख्या–340/20, दिनांक–22/11/2020, धारा–302 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त सानू बहादूर क्षेत्री उर्फ सानू क्षेत्री, पिता–लक्ष्मण बहादूर क्षेत्री, सा0–अराधना सिंह लेन, नीचे टोला, एदलहातु, थाना–बरियातु, जिला–राँची (झारखण्ड), के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईस्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त सानू बहादूर क्षेत्री उर्फ सानू क्षेत्री कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर राँची। –9431102090

थाना प्रभारी, बाजार, राँची। –9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 289768 (Police)22-23*D



e-Procurement Cell

**Office of the Superintending Engineer**

**Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice (Very Urgent)**

Tender Reference No.-BCD/SECNC/33/BCD, Building Division Chaibasa/2022-23 — Date:-09-02-2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Hostel-3 in the Campus of Residential High School Kundrugutu under Bandgaon Block in the District of West Singhbhum for the Year-2022-23 | Rs. 78,59,300.00 | 6 (Six) Months | 15.02-2023 | 21.02.2023 11:00 AM | 22.02.2023 11:30 AM | 23.02.2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची

PR 289745 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (22-23)_D

## वर्षों से टूटी पड़ी बलसोकरा सड़क का किया शिलान्यास, चार करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण

# अब नहीं रुकेगा विकास का पहिया : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हों प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में गुरुवार को योजनाओं की नींव रखी। चान्हो के ग्राम मुरतो मे कालीकरण रोड से जितिया जतरा टांड़ तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास, चान्हो के बेयासी पीएमजीएसवाई रोड से सिसई पथ का शिलान्यास, बलसोकरा में मिडिल स्कूल से बड़ी मस्जिद होते हुए पाहन टोली तक 4.5 किमी पथ निर्माण का शिलान्यास, बिजुपाड़ा तांती अखड़ा के पास जलमीनार का शिलान्यास, सोंस मुस्लिम कब्रिस्तान मे जलमीनार का शिलान्यास, बलसोकरा करम टोली में तालाब जीर्णोद्धार का शिलान्यास शामिल है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जो भी जायज मांगें हैं, उसे पूरी की जायेगी। ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।



परियोजनाओं का उद्घाटन करती मांडर विधायक शिल्पी नेता तिर्की।

सिसई जाने के लिए सड़क की स्थिति काफी खराब थी। मैंने वादा किया था कि विधायक बनते ही सड़क का निर्माण कराया जायेगा। जिसे आज पूरा किया। वहीं, जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने भी विधायक को विकास का पर्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि हमारी विधायक जनता की परेशानी को दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि हमें ऐसा मेहनती और योग्य विधायक मिला है। क्षेत्र मे जल एक बड़ी समस्या है। हर गांवों में पानी से संबंधित बहुत सारी समस्या सुनने को मिलती थी। पानी की समस्या को निदान करने का प्रयास किया गया। बलसोकराऔर मसमानो कब्रिस्तान में जलमीनार जिला परिषद आदिल अजीम के द्वारा की गई थी। इसका शिलान्यास क्षेत्र के विधायक शिल्पा नेहा तिर्की और आदिल अजीम ने संयुक्त रूप से किया। वहीं चार करोड़ के भारी-भरकम लागत से वर्षों से टूटी पड़ी बलसोकरा सड़क का शिलान्यास भी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। अपेक्षित भीड़ ना होने से विधायक ने नाराजगी जताई। इस मौके पर पूर्व प्रमुख भोला उरांव, दिलीप सिंह, ईश्तियाक अंसारी, इरशाद खान, जुल्फिकार अली, ऐनुल अंसारी, मोरहा उरांव, अल्फर्ड मिंज, जावेद अंसारी, जगदीश गोप, जहुर अंसारी, मारवाड़ी उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, रहमतुल्लाह अंसारी, इमरान अंसारी, फिरोज अंसारी समेत अन्य लोग ग्रामीण उपस्थित थे।

## गांव का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को प्रखंड के घाघरा गांव का दौरा किया। लोगों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को उन्हें अवगत कराया। विधायक ने कहा कि गांव का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए ग्रामीण समस्याएं बताएं। उन समस्याओं का हर हाल में समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार गांव की हर बुनियादी जरूरत को ध्यान में रख कार्य कर रही है। सरकार आपकी हर



समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही हैं। शिक्षा, सड़क, बिजली व पानी की समस्याओं को निदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है इसका लाभ महिलाएं जागरूक होकर योजनाओं का लाभ अवश्य उठाए। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे गांव में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं की सूची तैयार करें ताकि कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोददसिर हक पंचायत की मुखिया रमेश उरांव करमा उरांव मोजिबुल ओहदार,सरवन खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## आइएचएम में वसुधैव कुटुंबकम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** जी 20 शिखर सम्मेलन के थीम वसुधैव कुटुंबकम के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची द्वारा झारखंड राज्य के विभिन्न पर्यटन हितधारकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिरसा मुंडा हवाईअड्डा, रांची से सीआईएसएफ, पीएसए, एयरलाइंस, एयरपोर्ट अथॉरिटी, ग्राहक सेवा से संबंधित कर्मचारियों एवं पतरातु लेक रिजॉर्ट के कर्मियों को प्रक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान झारखंड राज्य के कुल 150 पर्यटन हितधारकों को सॉफ्ट स्किल के अंतर्गत बात करने के तौर तरीके, व्यवहार शैली, व्यक्तिगत एवम सौंदर्य स्वच्छता, संचार और शिष्टाचार, अतिथियों के साथ अच्छे व्यवहार करने के तरीके से खुद को अच्छे से प्रदर्शित करना, किस प्रकार बिना बताए खुद की पहचान दूसरे को करा सके, संवाद-संचार तथा अपने राज्य को जानने जैसे विषयों पर आईएचएम रांची के व्याख्याता रवि कुमार एवम विनीत सिन्हा द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इसके बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही सभी उपस्थित लोगों की ओर से ट्रैवल फॉर लाइफ का शपथ भी लिया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग के लिए धन्यावद दिया।

## आदिवासी समाज को बदनाम करने की रची जा रही साजिश : वीणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** महाराजा महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान ट्रस्ट के नेतृत्व में संस्थान की बैठक हुई। जिसमें महाराजा मदरा मुंडा से संबंधित पूजन स्थलों का आदिवासी रीति रिवाज से पूजा करने पर चर्चा की गई। कहा गया कि मुंडा का कस्टम और यूसेज रूड़ी प्रथा को भारतीय संविधान के तहत अधिकार दिया गया है जिसमें पर्व त्योहारों के मौके पर मुर्गे, बकरे, एवं भेड़ कि बलि देकर देवताओं के प्रति आस्था प्रकट करने का अधिकार है। बैठक में कहा गया कि मुंडा समाज में प्रार्थना करने का कोई



रिवाज नहीं है। हमारे धर्म में धर्मगुरु या धर्म बहन का कहीं कोई प्रचलन नहीं है। वहीं मुंडा समाज में कई धार्मिक स्थानों पर नारियों का प्रवेश वर्जित रखा गया है। कुछ सामाजिक व्यवस्था में कहा गया है कि नारियों को हल चलाना, छप्पर बनाना मना है। मुंडाओं का जन्म से लेकर मृत्यु तक कई अनुष्ठानों में बलि देने की प्रथा है। बैठक में कहा गया कि इधर कुछ दिनों से आदिवासी समाज के नाम पर कुप्रथा फैलाने का षड्यंत्र ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें बलि प्रथा को गलत बताया गया है। जिसका आदिवासी समाज घोर विरोध करती है। बैठक में कहा गया कि समाज को तोड़ने वालों से शक्ति से निपटने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सुतियाम्बे गढ़ स्थिति महाराजा मद्रा मुंडा के आदम कद प्रतिमा को स्नान कराकर पर फूल माला एवं धूप दीप देकर पूजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्षता वीणा मुंडा, पहलवान सिंह मुंडा, प्रदीप पाहन, विकास मुंडा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शौचालय का निर्माण और सूखे पेड़ कटवाने को लेकर जिप सदस्य और मुखिया को सौंपा ज्ञापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बनो और बनाओ मंच के तत्वाधान में सदस्यों ने जिला परिसद सदस्य रामअवतार केरकेट्टा और खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें सदस्यों ने बताया कि नामकुम अंचल कार्यालय के समीप चौक के आसपास कोई शौचालय नहीं है। जिससे रोड में आने जाने वाले राहगीरों एवं महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कार्यालय के समीप रोड के पास एक पूराना सुखा पेड़ है। जिसे कटवाने, शौचालय निर्माण कराने एवं पंचायत स्तर पर राशन वितरण कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में बनो और बनाओ मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष रामाधार सिंह, सचिव अखिलेश यादव, नीरज कुमार, रघुनाथ साहू, श्रीकांत सिंह, राम किशुन महतो आदि शामिल थे।

## सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोलने में राजाडेरा डाकघर अव्वल

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को धरातल पर सार्थक करने में डाक विभाग काफी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस योजना अंतर्गत ही डाक विभाग द्वारा इन दिनों सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोलने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत डाकघरों में खाता खोलकर लोग अपनी बेटियों को उज्वल भविष्य की सौगात दे सकते हैं। इस अभियान के तहत राजाडेरा



डाकघर के पोस्टमास्टर सह प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक नें निर्धारित लक्ष्य से अधिक खाता खोलकर पूरे रांची प्रमण्डल में अव्वल स्थान हासिल किया है। वहीं डाक विभाग के वरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं पोस्टमास्टर रामकुमार दीपक के नेतृत्व में पूर्वी अनुमंडल क्षेत्र के सभी ग्रामीण डाकघरों में डाककर्मियों द्वारा विशेष कैंप कर अधिक से अधिक सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोला जा रहा है। बतातें चलें कि बेटियों की शिक्षा और शादी की विशेष चिंता को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से इस योजना को शुरू किया गया है। योजना में 250 की न्यूनतम राशि के साथ 10 वर्ष की आयु की बालिका के माता-पिता और अन्य अभिभावक द्वारा खाता खोला जा सकता है। इसमें एक वर्ष में न्यूनतम 250 रुपये और अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक जमा किया जा सकता है। खाता खोलने पर 21 वर्ष में परिपक्वता और इसके पूर्व 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद 50 फीसदी तक राशि निकाल सकते हैं। सचिव रामकुमार दीपक ने बताया कि सुकन्या खाता खोलने के लिए एस ड्राइव चल रहा है जिसमे सभी ग्रामीण डाककर्मियों को सुकन्या का खाता खोलने का एक लक्ष्य दिया गया है।

## अंडर-19 जिला टीम में हुआ बुंडू सोनेट क्रिकेट क्लब की चार लड़कियों का चयन






**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के चार लड़कियों का अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट टीम में चयन हुआ है। जिसमें क्षेत्र में खुशी की लहर हैं। जिसमें चयनित खिलाड़ियों में सुप्रिया रानी, काजल कुमारी, रिंकी कुशवाहा एवं प्रिया एक्का शामिल हैं। जेएससीए अंडर-19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता टीम शुक्रवार को बोकारो रवाना होगी। विदित हो कि शुक्रवार को टीम के साथ बोकारो में खेलने के लिए प्रस्थान करेंगी, जिसमें सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के संचालक जीतू कुमार ने उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए इस राज्य और देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी हैं। क्लब के कोच अहसान अंसारी, विष्णू स्वांसी, राजेश गुप्ता, चंचल भट्टाचार्य, एसपी गौतम, सुब्रोतो घोष, अजातशत्रु अशोक महतो, चैता महतो, शिव महतो, मंगल देवी,भूमिका देवी, सुनीता लोदा, सीमा सिंह आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## रातू रोड दुर्गा मंदिर परिसर से बाइक चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर के परिसर से गुरुवार की रात आठ बजे रांची पिस्का मोड़ निवासी संदीप गुप्ता की बाइक चोरी हो गई। संदीप ने बताया कि अपने एक दोस्त के साथ बाइक में सवार होकर दुर्गा मंदिर गया हुआ था।

## 44वां केंद्रीय श्रीरामकृष्ण किसान मेले के पहले दिन उमड़ी किसानों की भीड़

# बिना भेदभाव के झारखंड सरकार कर रही सभी का विकास: मंत्री बादल पत्रलेख

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** दो दिवसीय 44 वां केंद्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेला स्थान गेतलसूद प्रक्षेत्र अनगड़ा प्रखंड में गुरुवार को आयोजित हुआ। पहला दिन धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मेले का आयोजन रामकृष्ण मिशन आश्रम एवं अनगड़ा प्रखंड के विवेकानंद सेवा संघों की ओर से की गई है। मेला में बतौर मुख्यतिथि राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के अलावा खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। मेला की अध्यक्षता स्वामी भवेषानन्द जी महराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची एवं संचालन डॉ रविन्द्र कुमार सिंह ने किया। मेला का उद्घाटन मंत्री ने स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद फसल प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मेले में इस वर्ष फल, सब्जी, कंदीय फसल, एवं हस्तकला आदि के कुल 557 नमुनों का निबंध



मेले का उद्घाटन करते मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक राजेश कच्छप व अन्य।

कराया गया है। इस वर्क किसान मेला का थीम प्रकृतिक/जैविक कृषि से ही स्वस्थ मिट्टी-स्वस्थ-फसल, स्वस्थ-समाज रखा गया है। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी जी के अगनीमंत्र के साथ की गई। स्वामी भवेषानंद जी महराज ने अतिथियों का स्वागत सह परिचय देते हुए कहा कि दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से सात गांवों को जैविक गांव बना दिया गया है। इसके अलावा नवागढ़ पंचायत को आदर्श आदिवासी पंचायत के रूप मे विकसित करने का संकल्प लिया गया है, जो भारत वर्ष में एक मात्र पंचायत होगा। इस पंचायत को जैविक एवं योगिक पंचायत के नाम से भी जाना जाऐगा। वहीं कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में रामकृष्ण मिशन के कार्यों की काफी शहारना की। साथ ही सरकार द्वारा चलाऐ जा रहे कार्य भी गिनाऐ। कहा कि वर्तमान सरकार बिना किसी से भेदभाव किया विकास कार्य किए जा रही है। मुख्य अतिथि के हाथों सर्वश्रेष्ठ विवेकानंद सेवा संघ का पुरस्कार ओबर विवेकानंद सेवा संघ को दिया गया। पुरस्कार ओबर विवेकानंद सेवा संघ के सदस्य युगल किशोर बेदिया को दिया गया। साथ ही अनगड़ा प्रखंड के सर्वश्रेष्ठ सफलतम किसान का पुरस्कार संतोष बेदिया बरवाटोली को दिया गया। मेला में अतिथि के रूप में विकास कुमार जिला कृषि पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, अनुराधा मुण्डा, पूर्व वीससूत्री ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार,प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, पंसस फाल्गुनी शाही मौजूद थे। वहीं, मेला को सफल बनाने में किसान मेला के अध्यक्ष भुवनेश्वर बेदिया, सचिव कमल बेदिया, कोषाध्यक्ष लालो कुमार महतो, स्वामी निशिचितानन्द जी महराज, ब्रह्माचारी देवात्मा चैतन्य महाराज, मेला प्रभारी सोमरा बेदिया, पहलू बेदिया, प्रदीप कुमार महतो, जगदीश भोगता, नरेंद्र बेदिया, श्रवण कुमार मुखियार, सुरेश महतो,आकला कुम्हार, दुतीलाल बेदिया, बालेश्वर बेदिया, शिवचरण बेदिया आदि की भूमिका रही।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जंगली हाथियों ने रौंदी आलू की फसल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया पंचायत के टेंगरिया गांव में बुधवार की रात लगभग 10.30 बजे चार जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के गंदवा उरांव के आलू फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं गंदवा उरांव ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन व वन विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और जंगली हाथियों से सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

### कैंब्रिज पॉलिटेक्निक के 16 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस सिलेक्शन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक के 16 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन आईटी क्षेत्र की ग्लोबल कंपनी टेक महिंद्रा ने किया है। इनका चयन वर्चुअल मोड में आयोजित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद किया गया। मालूम हो कि 2020/23 बैच के चयनित विद्यार्थियों में 13 कंप्यूटर साइंस इंजीनयरिंग व 3 इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी शामिल है। चयनितों में आनंद कुमार, आकाश कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, खुशी मिश्रा, अक्षय कुमार सिंह, जिया कुमारी, मानसी सागर, सत्यम कुमार, ऋषि राज अंबास्था, श्यामा कुमारी, सक्षम कुमार, चंदन शर्मा, हर्ष कुमार सिंह सभी कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं सुमित कुमार, शुभम कुमार सिंह व सुवम कुमार इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के विद्यार्थी है। संस्थान की मीडिया सेल प्रभारी प्रो रितु सिंह ने बताया कि कंपनी का हेड ऑफिस पुणे में है। जबकि विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन भुवनेश्वर में होगा। कंपनी के एचआर मैनेजर सैयद सहाबुद्दीन ने चयनितों को नियुक्तिपत्र दिया। इनकी ज्वाइनिंग अगस्त 2023 माह में होगी। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह व प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### बेड़ो में व्यवसाय करने को लेकर पंजीकरण आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन टीआरआईएफ की ओर से बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए गैरकृषि व्यवसाय करने के लिए शुक्रवार को समय 10 बजे पंजीकरण किया जायेगा। इस अवसर का वैसे युवक व युवती जो बेरोजगार है और कोई व्यापार करना चाहते है लेकिन पूंजी के अभाव के कारण नहीं कर पा रहे है इनके लिए टीआरआईएफ के तरफ से एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया। जिसमें 18 से 35 उम्र के युवक युवतियां आवेदकों के रुचि अनुसार व्यवसाय के कुल लागत का 30 फीसदी से 40 फीसदी पूंजी के रूप में सहयोग किया जा सकता है। प्रखंड के सभी बेरोजगार महिला व पुरुष जो व्यवसाय करना चाहते है वे अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### राजी पढ़हा के घायल प्रखंड समिति का एसीएस अध्यक्ष में पूछा कुशलक्षेम

**कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अदिबासी छात्र संघ के अध्यक्ष अवधेश उरांव कुडू प्रखंड के बड़की चापी पहुंच सड़क दुर्घटना में घायल हुए राजी पढ़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति कुडू के मंटू लोहरा का कुशलक्षेम पूछा और हादसे के लिए दु:ख जताया। इस दौरान जिला राजी पढ़हा के उपदिवान जतरू उरांव भी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि रामगढ़ जिले के पतरातु से घर लौटने के क्रम में चंदवा-खलारी पथ के ढोठी मालम पुल के पास बाइक के अनियंत्रित हो जाने के कारण कुडू प्रखंड के बड़कीचापी निवासी मंटू लोहरा गिरकर घायल हो गए थे।

### बेड़ो व इटकी में एमडीए कार्यक्रम का शुभारंभ आज से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एमडीए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम शुक्रवार से आरंभ होगा, जिसे 25 फरवरी तक बेड़ो व इटकी प्रखंड में चलाया जाएगा।कार्यक्रम शुभारंभ शुक्रवार को सीएचसी बेड़ो व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित्रा कुमारी ने बताया कि 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सुनिश्चित है। इसके सभी वार्ड में शुक्रवा को बूथ पर और 11 फरवरी से 25 तक घर-घर जाकर सभी लक्षित जनसंख्या को दवा खिलाया जाना है। इस दौरान दो वर्ष से उपर के आयु के सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा की एक खुराक खिलाया जाना सुनिश्चित है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़कर उम्र के हिसाब से डीईसी एवं एलबेंडाजोल की एकल खुराक दवा सभी को खिलाना है, ताकि प्रखंड को फाइलेरिया रोग यानि हाथी पाव से मुक्त किया जा सके। वहीं मॉनेटरिंग के लिए डाक्टर व सुपरवाइजर की टीम बनाई गई है। साथ ही दवा के प्रतिकूल प्रभाव जैसे उल्टी,पेट दर्द, चक्कर,बुखार के लिए रैपिड रिस्पांस टीम बनाई गई है।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में शुरु हुआ ज्ञान वृद्धि कार्यक्रम



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में ज्ञान वृद्धि कार्यक्रम गुरुवार से शुरू किया गया। पहले दिन वाईबीएन विश्वविद्यालय की मार्केटिंग टीम और एनएसएस ने सेंट एनीज स्कूल रांची के कक्षा 9-12 के छात्रों के लिये ज्ञान वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके सफल कार्यान्वयन के लिये समन्वय और सहयोग डॉ आशीष सरकार डीन, स्कूल ऑफ फामेर्सी और डॉ ए सुमति, डीन, स्कूल ऑफ नर्सिंग ने किया। साथ ही डॉ ज्योति रानी, सहायक कुलसचिव शैक्षणिक ने सभी का समर्थन किया। बतातें चले की सेंट एनीज स्कूल से 56 विद्यार्थी एवं 2 शिक्षकों सुभाषनी और सोमा मैम के साथ प्राचार्य सिस्टर सेलिना बारा सेंट एनीज स्कूल को उनके स्कूल प्रांगण से वाईबीएन विश्वविद्यालय लाया गया। फिर विद्यार्थीयों को स्कूल ऑफ फामेर्सी कवाली ले जाया गया। जहां छात्रों को वाईबीएन विश्वविद्यालय की फामेर्सी लैब का परिचय शिक्षक अनित, सुरुचि, नेहा, संजीव और अफरीन द्वारा दिया गया। लैब के कार्यों को बताया गया। छात्रों को स्कूल ऑफ फामेर्सी कवाली से वाईबीएन यूनिवर्सिटी के मुख्य परिसर लाया गया और मीटिंग हॉल में सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) डॉ ज्योति रानी द्वारा वाईबीएन विश्वविद्यालय का परिचय और सिस्टर सेलिना बारा प्रिंसिपल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में वाईबीएन विश्वविद्यालय की डीन प्रवेश मिस्टर आर एन बिरंची प्रवेश प्रभारी और एनी मिंज प्रवेश प्रबंधक, एनएसएस-समन्वयक इं. कौशल किशोर और डॉ अंजनी कुमार सिंह का रहा।

### हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर मांडर में कांग्रेसियों ने निकाला जुलूस

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय से गुरुवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत मांडर ब्लॉक से लेकर सोसई आश्रम तक भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे जोश से हिस्सा लिये। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, शेरोफिना मिंज, सरिता तिग्गा, होसे उरांव,तबारक खान, रसीद खान, मंगा उरांव आदि थे।

## महुअरि मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि पंचायत महुअरि आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी और सेविका सरिता देवी व पंचायत सचिव सूर्यदेव राम ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया सरिता कुमारी ने बच्चों को सफाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को लगातार बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देना भी अभिभावक का मौलिक कर्तब्य है। उन्होंने कहा कि ठंड के दिनों में नौनिहाल को गर्म वस्त्र देना पुण्य का कार्य है। उन्होंने अभिभावकों से भी प्रतिदिन बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। मौके पर सेविका सरिता देवी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र पर अब बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ सुलभ रूप से बेहतर शिक्षा भी दी जा रही है। मौके पर वार्ड सदस्य शोभा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया उमा देवी , वार्ड सदस्य बिंदेश्वरी मेहता, संतोष सिंह समेत आंगनवाड़ी केंद्र के दर्जनों बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

## सिगसिगी पंचायत सचिवालय में भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत सचिवालय में भाजपा ग्रामीण मंडल कार्य समिति की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी एवं संचालन महामंत्री राधाकृष्ण साव ने किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,आशीष पांडेय,सतेंद्र नारायण सिंह,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी एवं भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व वंदे मातरम,भारत माता के उदघोष के साथ किया गया। बैठक में मिशन 2024 में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए बूथों को सशक्त करने पर जोर देते हुए पन्ना प्रमुख सहित मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो को जन-जन तक पहुचाने का संकल्प लिया गया। साथ ही हर महीने सभी दस पंचायत में हर घर जाकर पार्टी को मजबूत बनाने का सुझाव व प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद उपेंद्र तिवारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन की घोषणा की गयी। मौके पर शिवबंश मिश्रा,रामब्रत दुबे,शिव कुमार,अनिल पासवान, संजय मेहता,रामानंद तिवारी,क्यास चौधरी,रमेश पाल,श्यामनारायण राम,प्रदीप चंद्रवंशी, बली चंद्रवंशी धनंजय तिवारी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग
- 825301फैक्स/फोन - 06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com /eenhhazari-jhr@nic.in

TENDER CANCELLATION NOTICE

इस कार्यालय की अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना - **NH/HAZARIBAGH/ 2022-23/07** जो PR No. - **287913 (Road) 22-23 (D)** द्वारा दिनांक **20/21.01.2022** को समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित किया गया है जिसे अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
रा०उ० पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
PR 289779 Road(22-23).D

कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार), सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा
E-mail: cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक: -143 (DHS)कोडरमा, दिनांक:- 08.02.2023

नियुक्ति संबंधी सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा अंतर्गत विभिन्न पदों पर अनुबंध आधारित नियुक्ति हेत प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2021, 11/2022 एवं 12/2022 के तहत द्वितीय चरण में नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा हेतु योग्य एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची www.koderma.nic.in पर प्रकाशित कर दी गई है । सूची के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति हेतु आयोजित होने वाले अग्रेत्तर प्रकिया में शामिल किया जायेगा ।

प्रकाशित की गई योग्य एव अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची पर यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 11.02.2023 के अप0 3.00 बजे तक अपनी आपति लिखित रूप से हाथों हाथ या ई-मेल (cs.koderma4@gmail.com) के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं । उक्त अवधि के उपरांत किसी भी परिस्थिति में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगा ।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा
PR 289789 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(पर्यटन शाखा)

इच्छा की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत पर्यटक स्थलों का रख-रखाव, प्रबंधन, मरम्मति, रंग-रोगन एंव साफ सफाई कराया जाना है। उक्त के निमित् वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।

अत: इच्छूक व्यक्ति/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति Expression of Interest का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में **उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए** जिला पर्यटन कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 17-02-2023 को अपराह्न 02:00.बजे तक हाथों-हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति समाहरणालय सभागार में दिनांक 17-02-2023 को अपराह्न 04:00 बजे खोला जायेगा।

**नोट:- उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट *www.koderma.nic.in* पर देखा जा सकता है।**

ह0/-
उपायुक्त,कोडरमा
PR 289797 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs )22-23*D

## पर्यावरणविद ने छतरपुर अनुमंडल के दो लोगों के श्राद्ध में शामिल होकर किया पौधरोपण

# श्राद्ध में पौधरोपण से देवता होते हैं प्रसन्न: कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर(पलामू)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के अलग - अलग गांवों के दो श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पौधरोपण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया। छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में स्वं मनजीत राम और मुरुमदाग पंचायत के भीखही निवासी स्वं हरीभुइयां के धर्मपत्नी सरती कुंवर के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। वहीं परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने



श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलायी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधरोपण कर उसकी सेवा करना चाहिए। इससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवों को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने स्वं मनजीत के असामयिक मृत्यु पर उनके घर जाकर परिजनों को न सिर्फ हर संभव मदद करने की भरोसा दिलाई बल्कि हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा रहने की प्रतिबद्धता भी दुहरायी।

### ये रहे उपस्थित

मौके पर स्वं मनजीत राम के पिता नरेश राम और स्व. सरति कुंवर के पुत्र दिनेश भुइयां एवं मुरुमदाग पंचायत के मुखिया भोला सिंह, डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, मनोज यादव, अशोक यादव, मुकेश यादव, रामा सिंह, विकास कुमार, अमरेंद्र कुमार रवि, शमीम अंसारी, नारद भुइयां,भरथि भुइयां संतोष उरांव उपस्थित थे।

## डीसी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को पांकी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डन से आवासीय विद्यालय में रह रहे बच्चियों की जानकारी ली साथ ही विभिन्न वर्ग के छात्राओं संग अलग-अलग विषयों पर सवाल-जवाब किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने वर्ग 7 की छात्राओं को वायुमंडल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी इसके



अलावे उन्होंने कई अलग-अलग वर्ग के बच्चियों संग संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने व खूब मेहनत से पढ़ाई करने की बात कही। उपायुक्त श्री दोड्डे ने विद्यालय के किचन व होस्टल के अन्य कमरों का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने वार्डन को किचन की साफ-सफाई रखने व बच्चियों को मेन्यू के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण खाना परोसने की बात कही। वहीं अकाउंटेंट को विद्यालय में निर्बाध बिजली की आपुर्ति सुनिश्चित कराने की बात कही साथ ही शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई कराने पर भी बल दिया। मौके पर पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सांसद वीडी राम ने अपने संसदीय क्षेत्र में जंगली जानवरों के आतंक का मामला सदन में उठाया



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सांसद में पलामू एवं गढ़वा जिले में जंगली जानवरों के आतंक का मामला उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू एवं गढ़वा जिला में आजकल जंगली जानवरों का आतंक इस कदर बढ़ा हुआ है कि लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गए हैं। गढ़वा जिला के रंका, रमकंडा, चिनियां, भंडरिया एवं बड़बड़ प्रखंड में एवं पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। तेंदुए द्वारा अब तक दो लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है और एक व्यक्ति तथा एक बच्चा अस्पताल में इलाजरत है। वन विभाग के द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है तेंदुए को पकड़ने के लिए। महाराष्ट्र से एक शिकारी को भी बुलाकर इस कार्य में लगाया गया है परंतु कोई लाभदायक परिणाम नहीं निकला है। स्थानीय वन विभाग के पदाधिकारियों का यह प्रयास नाकाफी है। इसके साथ-साथ हाथियों के द्वारा भी बार-बार बड़गड़ एवं भंडरिया प्रखंड के निवासियों के घरों को गिरा दिया जा रहा है उनके घरों में रखे अनाज को खा लिया जा रहा है एवं फसलों को बर्बाद कर दिया जा रहा है।नीलगायों का भी आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है खासकर हुसैनाबाद अनुमंडल एवं बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत। नीलगायों का प्रकोप तो इतना बढ़ गया है कि किसानों ने कई प्रकार की फसलों को उपजाना बंद कर दिया है क्योंकि वन विभाग के द्वारा क्षतिपूर्ति की जो राशि भी यदा-कदा दी जाती है वह अत्यंत कम होती है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से वन एवं पर्यावरण मंत्री से करबद्ध प्रार्थना है कि वे पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को इन जंगली जानवरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने का कष्ट करे।

## स्ट्रॉबेरी की खेती से सुदूरवर्ती क्षेत्र के महिला और पुरुष को मिला रोजगार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती जोर पकड़ रही है क्योंकि इससे किसानों को अच्छा मुनाफा मिल रहा है। स्ट्रॉबेरी की खेती के साथ अनेक प्रकार के सब्जियों का खेती कर हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के अत्यंत सुदूरवर्ती इलाकों के किसान युवाओं को समान रूप से रोजगार के पर्याप्त अवसर प्रदान कर रहे हैं। प्रखण्ड के सरसोत पंचायत अंतर्गत बरवाडीह स्थित लुकुवा मौजा के साढ़े चौदह एकड़ जमीन में स्टावेरी, बैगन, लौकी, टमाटर, पता गोभी आदि फसलों का खेती कर किसान उपेन्द्र मेहता, सत्येंद्र मेहता, विरेंद्र मेहता और मुन्ना मेहता के माध्यम से 70 से 80 बेरोजगार महिंला व पुरुषों को रोजगार का साधन मिला है।इस संबंध में किसान उपेन्द्र मेहता ने बताया कि इस सीजन से पहले सिर्फ साग सब्जी का ही खेती कर रहे थे।इस बार विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी का खेती किया जिससे काफी अच्छा मुनाफा हुआ और यहां बेरोजगारों को भी रोजगार का अवसर मिला। देश के रांची, पटना, कलकत्ता,गोवाहाटी, भुवनेश्वर आदि बड़े शहरों में स्ट्रॉबेरी का काफी मांग है।जिससे अच्छे मुनाफे हो रहे हैं।

## मोबाइल चोर के विरुद्ध महिला ने करायी नामजद प्राथमिकी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डंडिला गांव निवासी धर्मेंद्र राम की पत्नी रीता देवी ने मोबाइल एवं पर्स लेकर भागने वाले चोर के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मिस्टर सिद्दीकी नामक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उक्त महिला के लिखित शिकायत पर केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

## 109 बाइक चालकों का लगा जुर्माना

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हरिहरगंज की पुलिस प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं की रोक थाम के लिए 31 जनवरी 2023 से लगातार अभियान चला रही है। इस दौरान गुरुवार को बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर अब तक 109 बाइक जप्त करते हुए चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।साथ ही जप्त बाइक को परिवहन विभाग और न्यालय में भेजा गया और जुमार्ना भी लगा। बावजूद इसके बाइक चालकों को हेलमेट पहनने की आदत नहीं लगी।हालांकि इस अभियान का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है। जिसका नतीजा है कि कई बाइक चालको और सवारों को हेलमेट पहनने की आदत लग रही है। वहीं इस अभियान के दौरान बाइक सवार को पकड़े जाने पर कुछ राजनीतिक दलों के द्वारा बाइक को छोड़वाने के लिए पुलिस के पास कॉल भी आते हैं।

## सतबरवा में धूमधाम से रविदास जयंती मनायी



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को आंबेडकर मुहल्ला सतबरवा में धूमधाम से संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई गई। जिसका उद्घाटन आरडी राम,जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, समाजसेवी आशीष सिन्हा, समाजसेवी कमलेश प्रसाद ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदलाल राम तथा संचालन रमेश राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास, बाबा भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माला चढ़ाकर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने बारी बारी से संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, समाजसेवी अजय उरांव, सुनील मिश्र, निर्दोष कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कृषि,
पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड
जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा
नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी की उपयोजना सब मिशनऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन
(इमेल- daolohardaga@gmail.com & atma.lohardaga@rediffmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लोहरदगा द्वारा नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी योजना की उपयोजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत प्रकाशित विज्ञापन सं0 Pr288916 Lohardaga (20-21D) दिनांक 10.12.2021 के तहत विज्ञापित पद प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (**BTM**) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों (**ATM**) के प्राप्त आवेदनों की **Scrutiny** कर **NIC lohardaga** के **website www.lohardaga.nic.in and ATMA** लोहरदगा के बेबसाइट www.atmalohardaga.co.in में सूची upload किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा यदि कोई आपत्ति हो तो प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन तिथि से लेकर 15.02.2023 तक लिखित रूप से आपत्ति जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक, आत्मा लोहरदगा के कार्यालय में **11AM** से **5PM** तक निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे, उक्त तिथि के बाद किसी भी अभ्यर्थी की आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा। विशेष जानकारी हेतु मो0 77599-60096 पर संपर्क किया जा सकता है।

-ह0-
PR.NO.289720 Lohardaga(22-23):D
जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा

कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी
ज्ञापांक........................खूँटी, दिनांक........................

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रान्तर्गत खूँटी हेल्थ क्लब में रायफल सूटिंग, Training-cum-Practice Centre हेतु दिनांक 17.02.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माताओं से निम्नांकित शर्त्तों पर दर निविदा मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त दर निविदा (EOI) दिनांक 17.02.2023 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा (EOI) समर्पित करने वाले के प्रोपराईटर/प्राधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र0 | सामान विवरणी | दर प्रति अदद |
|---|---|---|
| 1 | Steel Almirah of 6'X3' | |
| 2 | Electronic Pulleys with Rope | |
| 3 | BAUER Natural Air Compressor | |
| 4 | Shooting Table of 12X60X75cm Dimension | |
| 5 | Providing lighting system of 1500 Lux on the firing line, 1500 Lux on target and 500 Lux general, with complete fitting | |
| 6 | Air Rifle peep sight | |
| 7 | Air Pallets | |
| 8 | Paper taret (for Air Rifle) | |
| 9 | Paper Target (for Air Pistol) | |
| 10 | Stand for Rifle | |
| 11 | Shooter's Kit | |
| 12 | Installation and other wooden works/ labour work | |
| 13 | Air Cylinders | |
| 14 | Air Rifle open side | |
| 15 | Air Pistol | |
| 16 | Chairs | |

नोट:- निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/-
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी।
PR 289659 (Urban Development) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० -22/2022-23

1. विभाग का नाम - पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता - कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय - 14/02/2023 के अपराह्न 04.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय - 21/02/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में)जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान) - 22/02/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय - 22/02/2023 के अपराहन 04.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम - कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता गुमला।
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर - 7488491963
9. ई-प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर - 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला में चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवश्यक 125x115 मि0मि0 व्यास के हैण्ड पम्प I.M.-II & I.M.-III (65 मि0मि0 एवं 50 मि0मि0) के लिए अद्यतन संशोधित आई0एस0-15500 (पार्ट-1- 7)/2004 के अनुसार स्पेयर पार्टस की आपूर्ति वर्ष 2021-22 | 36,92,318.00 | 74,000.00 | 5000.00 | 45 Day |

निविदा की नियम एवं शर्ते :- विस्तृत जानकारी वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
PR 289703 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा।
(कैम्प कार्यालय कोडरमा)
(E.Mail : scochatra@gmail.com)

आम सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश संख्या-62, दिनांक-01.02.20223 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agriculture Mechanization (SMAM) उपयोजना हेतु अनुदान पर कृषि उपकरण बैंक में (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह/Enterpreneurs/Lamps/Pacs/FPOs/ Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन आदि के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों को व्यक्तिगत कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 एवं 60 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार है। विहित आवेदन पत्र दिनाक 15.02.2023 तक जमा किया जा सकता है।

| क्र0 | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान (राशि लाख में) |
|---|---|---|---|
| | | OSP | |
| 1 | कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 10 | 80 प्रतिशत या 10.00 लाख रु0 |
| 2 | कोनोविडर | 13 | 50 प्रतिशत या 1200 रु0 |
| 3 | मिनी राईसमील | 03 | 60 प्रतिशत या 240000 रु0 |
| 4 | मिनी दालमील | 03 | 60 प्रतिशत या 150000 रु0 |
| 5 | मेजसेलर | 03 | 50 प्रतिशत या 10000 रु0 |
| 6 | नेपशेक स्प्रेयर | 13 | 50 प्रतिशत या 750 रु0 |
| 7 | सोलर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 12 | 50 प्रतिशत या 1800 रु0 |
| 8 | पावर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 13 | 50 प्रतिशत या 3100 रु0 |
| 9 | प्लास्टिक मलचिंग लेयरिंग मशीन | 03 | 50 प्रतिशत या 75000 रु0 |
| 10 | सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील | 06 | 50 प्रतिशत या 18000 रु0 |
| 11 | जीरो टील मल्टीक्रोप ड्रील | 06 | 50 प्रतिशत या 18000 रु0 |
| 12 | रोटावेटर (5 फीट तक) | 06 | 50 प्रतिशत या 35000 रु0 |
| 13 | मल्टीक्रोप थ्रेशर | 06 | 50 प्रतिशत या 40000 रु0 |
| 14 | पैडीथ्रेशर | 06 | 50 प्रतिशत या 40000 रु0 |
| 15 | पावरवीडर | 06 | 50 प्रतिशत या 25000 रु0 |
| 16 | सीड ट्रीटिंग ड्रम | 16 | 50 प्रतिशत या 10000 रु0 |
| 17 | एमबी प्लाव | 06 | 50 प्रतिशत या 30000 रु0 |
| 18 | डिस्क प्लाव | 03 | 50 प्रतिशत या 30000 रु0 |
| 19 | कल्टीवेटर | 06 | 50 प्रतिशत या 30000 रु0 |
| 20 | केज व्हील | 06 | 50 प्रतिशत या 30000 रु0 |
| 21 | फरो ओपनर | 03 | 50 प्रतिशत या 30000 रु0 |
| 22 | रीजर | 03 | 50 प्रतिशत या 30000 रु0 |
| 23 | पोटेटो प्लांटर | 06 | 50 प्रतिशत या 40000 रु0 |
| 24 | पोटेटो डीगर | 06 | 50 प्रतिशत या 40000 रु0 |

लाभुक का चयन :-
1. इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10-12 सदस्य का होना आवश्यक है।
3. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम-से-कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. विहित आवेदन प्रपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता-
1.कार्यालय-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा।
(कैम्प कार्यालय कोडरमा)

PR 289784 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)D
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,कोडरमा।

महत्वपूर्ण न्यूज

## कांग्रेस के हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान को गति देने के लिए कांग्रेसियों का दौरा




धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के निर्देशानुसार संगठन सशक्तिकरण व मजबूती को लेकर गुरुवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में वासेपुर, पांडरपाला में हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान को गति देते हुए बूथ स्तरीय दौरा किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के सशक्तिकरण व संगठनात्मक मजबूती को लेकर पार्टी जिला के सभी क्षेत्रों में निरंतर हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ो अभियान कर संगठन को धारदार व सशक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को वासेपुर पांडरपाला में हाथ जोड़ो-बूथ जोड़ों अभियान के तहत बूथ स्तरीय दौरा किया गया। इस दौरान दर्जनों लोग कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि जिला के सभी प्रखंडों-नगरों के हर बूथ में हाथ जोडो-बूथ जोडो अभियान चलाकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है। इस मौके पर शब्बीर अली, तबरेज खान, मो तौसीफ राजा, मुन्ना अंसारी, राजा खान, फरमान खान, क्यूम खान, बाबू खान, शमीम और अफरोज कुरैशी आदि थे।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने दिया एक दिवसीय धरना




धनबाद (आजाद सिपाही)। जन वितरण विक्रेताओं ने 10 सूत्री मांगों को लेकर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया। जिला के सभी प्रखंडों से जन वितरण विक्रेता आंदोलन में शामिल हुए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि जन वितरण विक्रेताओं को नाम मात्र का कमीशन दिया जा रहा है जिसमें बढ़ोतरी एवं मानदेय की स्वीकृति के लिए संगठन सरकार से लगातार गुहार लगा रहा है। विक्रेताओं को आए दिन राशन वितरण के दौरान कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समय पर सर्वर उपलब्ध नहीं होने से रोज फजीहत होती है। समय पर खाद्यान्न नहीं मिलने, खाद्यान्न की लगातार कटौती होते रहने, बकाये कमीशन का भुगतान नहीं होने से परेशानी होती है। एसोसिएशन के 10सूत्री मांगों में कमीशन में 300 रुपये प्रति क्विंटल की स्वीकृति दिए जाने, दुकान खर्च, राशन तोलने वाले एक सदस्य का खर्च आदि के लिए 30 हजार रुपए मानदेय की स्वीकृति देने, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, केरल और हिमांचल प्रदेश जैसे राज्यों में मानदेय की स्वीकृति और कमीशन में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है जो प्रक्रिया में है। पूर्व से चली आ रही अनुकंपा की व्यवस्था को बहाल रखने, उम्र सीमा को समाप्त करने और जिन विक्रेताओं की मृत्यु हो चुकी है उनके आश्रितों को नियुक्त करने आदि की मांग भी शामिल है। धरना प्रदर्शन में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह, वरीय उपाध्यक्ष समीर चंद्र त्रिगुनाईत, सुबोध कुमार सिंह, मोहम्मद हलीम खान, जिला सचिव अखिलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष सतनारायण राम सपन कुमार महतो, सचिव अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार, संयुक्त सचिव वीरेंद्र रजक, मीडिया प्रभारी रंजन राव एवं फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के संगठन सचिव आदि उपस्थित थे।

## कृषि शुल्क के विरोध में खाद्यान्न व्यवसायियों का 14 फरवरी तक चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय



धनबाद (आजाद सिपाही)। कृषि बाजार मंडी परिसर में गुरुवार को बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें सरकार द्वारा लागू दो फीसदी कृषि शुल्क के विरोध को लेकर आगे की रणनीति तय की गई। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से रांची में हुई बैठक के निर्णय गया कि 14 फरवरी तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन होगा। इसके बाद खाद्यान्न व्यवसायियों द्वारा अनिश्चितकाल हड़ताल का निर्णय लिया गया। बैठक में बाजार समिति अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, गौरव गर्ग, विकास कंधवे, सुरेंदर जिंदल, दीपू कटेसरिया, बिट्टू लाडिया, विवेक अग्रवाल, अनिल मित्तल, आनंद अग्रवाल, अशोक सराफ, सौरभ कटेसरिया, रिंकू बंसल, हेली सिंह, सुधीर बंसल, अमित गोयल और पिंटू साव आदि मौजूद थे।

## पांचवी बार धनबाद जिला महिला राष्ट्रीय जनता दल की जिलाध्यक्ष बनी अनवरी




धनबाद (आजाद सिपाही)। अनवरी खातुन को पांचवी बार धनबाद जिला महिला राष्ट्रीय जनता दल का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर गुरुवार को धनबाद परिसदन में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। आगामी 12 फरवरी को रांची के कार्निवल वेंकट हॉल में आयोजित राजद कार्यकर्ता मिलन समारोह में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आगमन पर स्वागत की तैयारी की समीक्षा भी की गई। अनवरी खातुन ने पत्रकारों को बताया कि समारोह में धनबाद से हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ता रेल एवं सड़क मार्ग से रांची कूच करेंगें। कहा कि धनबाद की चिर परिचित मांग एम्स, कोलियरियों में फैली आग पर काबू, फ्लाई ओवर ब्रिज, केंद्रीय विश्वविद्यालय, महिला उत्पीड़न पर रोक, यातायात, विस्थापन आदि मुद्दों से तेजस्वी यादव को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मो गुलाम समदानी ने कहा कि कार्यकर्ता मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। तेजस्वी यादव का झारखंड आगमन कार्यकर्ता में नया जोश भरेगा और संगठन को गति मिलेगी। इस मौके पर प्रदेश महासचिव गुलशन खातुन, उमा कुमारी, सुशीला देवी, पिंकी देवी, शवनम प्रवीण, सोनी देवी, राविया खातुन, नासरीन, चानू कुमारी, अजमेरी खातून आदि मौजूद थे।

### रुपये निकाल कर बैंक से निकलते ही बनाया निशाना

# निरसा में दिनदहाड़े दंपति से चार लाख की छिनतई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा थाना क्षेत्र के अति व्यस्तम निरसा चौक पर बाइक सवार दो अपराधियों ने बैंक से रुपया लेकर लौट रहे दंपति से चार लाख रुपये की छिनतई कर धनबाद की ओर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं, भुक्तभोगी दंपति निरसा थाने जाकर पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी। शामपुर भुइयांडीह निवासी भुक्तभोगी डब्ल्यू महतो और उसकी पत्नी शोभा ने बताया कि घर बनाने के लिये बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) के निरसा शाखा से चार लाख रुपया निकाल छोटे थैले में रखा और घर जाने के लिए जैसे ही निरसा चौक पहुंचे। वहां पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने झपट्टा मार थैला छीन लिया और फिल्मी अंदाज में किसी के कुछ समय पाने से पहले ही धनबाद की ओर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने बताया कि थैले में पैसे के अलावा बैंक का पासबुक और आधार कार्ड भी था। अपराधियों के चेहरे पर कोई नकाब नहीं था। उधर, घटना की सूचना पाकर निरसा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। संभावित लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है।


थाने पहुंचकर छिनतई की शिकायत करने के बाद भुक्तभोगी दंपति।

- बिना नकाब पहने ही बाइक सवार युवकों ने की झपटमारी और धनबाद की ओर भाग निकले
- मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच, विभिन्न जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से छिनतईबाजों का लगा रही पता

## कुमारधुबी में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी ओपी अंतर्गत बंद कुमारधुबी फायर क्ले एंड सिल्का वर्क्स फैक्ट्री के झाड़ीनुमा ग्राउंड में स्थित एक पेड़ से गुरुवार की सुबह एक युवक का शव लटकता बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान राजेश प्रसाद के रूप में हुई है। वह दक्षिण पंचायत पीटर लाइन के शिवली बाड़ी का रहने वाला था। घटना के संबंध में पिता विश्वकर्मा प्रसाद ने अपने शिकायत में बताया कि उसके बेटे राजेश की तबीयत विगत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। उसका इलाज लाइफ लाइन अस्पताल में चल रहा था। घर से दोस्तों से मिलने की बात कहकर वह निकला था। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। इस दिन कुमारधुबी फायर क्ले एंड सिल्का वर्क्स के बंद फैक्ट्री के झाड़ीनुमा ग्राउंड स्थित पेड़ से रस्सी के सहारे उसका शव लटकता पाया गया। वहां से गुजरने वालों की नजर जब शव पर पड़ी तो उसकी सूचना पाकर उन्हें मिली। मौके पर पहुंचे तो बेटे का ही शव लटकता मिला। उन्होंने कहा कि बेटे का किसी के साथ कोई दुश्मनी भी नहीं है। दूसरी ओर, घटनास्थल पर उपस्थित कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप यादव ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। साथ ही कहा कि पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। जांच पड़ताल की जा रही है।

# वित्तीय वर्ष में ही दिलाएं सभी चयनित लाभुकों को योजना का लाभ : डीसी

**बोकारो जिला गव्य विकास कार्यालय की ओर से चास में दुधारू पशु मेला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चास।** प्रखंड में गुरुवार को दुधारू पशु मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीसी कुलदीप चौधरी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य राज्य की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करना और ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाना है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में पोषण तत्वों की कमी को दुध व उसके उत्पादों से दूर करना है। कल्याण विभाग एवं गव्य विकास विभाग द्वारा पूर्ण अनुदानित एवं आंशिक अनुदान के माध्यम से चयनित लाभुकों को बत्तख, मुर्गी, सुकर पालन एवं दो गाय, पांच गाय एवं 10 गाय की योजना की लाभ दी जाती है। डीसी ने बताया कि प्रखंड स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची अनुमोदित होकर जिला स्तरीय समिति को आती है। जिसमें माननीय जन प्रतिनिधि व उनके प्रतिनिधियों की सहमति से चयनित लाभुकों की सूची का अनुमोदन किया जाता है। लक्ष्य के अनुरूप कुल 72 लाभुकों को वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए चयनित किया गया है। चयनित लाभुकों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई गई है, जिसे अगले वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप योजना से जोड़ा जाएगा। मेले में डीप बोरिंग/चैप कटर आदि से भी चयनित लाभुकों का लाभांवित किया जायगा। इससे पूर्व, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मणि और प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित पशुपालन पदाधिकारी ने चयनित लाभुकों को योजना एवं मेले से गाय लेने की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया। मौके पर बीडीओ मिथिलेश कुमार, सीओ दिलीप कुमार, हरे कृष्णा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि थे।




## मजदूर नेता स्वर्गीय रामाधार सिंह की 21 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जरीडीह बाजार (बेरमो)।** बेरमो के मजदूर नेता रामाधार सिंह की 21वीं पुण्यतिथि उनके आवास कुरपनिया में मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा जनप्रतिनिधियों एवं सीसीएल के अधिकारियों ने स्वर्गीय रामाधार बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उनके पुत्र सह भाजपा नेता रामचंद्र सिंह और संचालन खुर्शीद अख्तर ने किया। वक्ताओं ने कहा बेरमो के दीर्घकालीन इतिहास में जिन अत्यंत शक्तिशाली नेताओं ने अपनी छाप छोड़ी उनमें से रामाधार सिंह जी भी एक थे। स्वर्गीय रामाधार बाबू के कार्यकाल कितने बड़े क्यों ना हो समाज एवं श्रमिकों के बीच इनका व्यक्तित्व उनसे बडा रहा। वहीं, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि स्व रामाधार सिंह श्रमिकों के मसीहा थे। उनका आदेश सीसीएल अधिकारियों के लिए पत्थर की लकीर होती थी। आज श्रमिक प्रतिनिधियों में वह जज्बा व ताकत नहीं दिखती है। आज श्रमिकों में बिखराव है। इसी कारण प्रबंधन हावी है। कहा कि एकजुटता से ही श्रमिकों को हक मिल सकता है। बीएंडके जीएम एमके राव ने कहा कि रामाधार बाबू जैसे कई ट्रेड यूनियन के नेताओं व पूर्वजों ने आपसी मेल मिलाप से बेरमो को सींचा है, कोलियरी के विस्तारीकरण में सभी ट्रेड यूनियन के पूर्वजों की जो भुमिका रही उनसे सीख लेने की जरूरत है।



### प्रमाण पत्र पाने के लिए जुटा दिव्यांगजनों का हुजूम

# दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र जारी करने में कोताही नहीं होगी बर्दास्त : डीसी

**शिविर में पहुंचे 212 दिव्यांग, 193 को मौके पर ही मिला दिव्यांगता प्रमाण पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चास प्रखंड परिसर में विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण डीसी कुलदीप चौधरी और डीडीसी कीर्तीश्री जी ने किया। शिविर में शामिल दिव्यांगजनों से डीसी-डीडीसी ने उनकी दिव्यांगता की जानकारी ली। डीसी ने अलग-अलग डेस्क पर उपस्थित चिकित्सकों से अब तक प्राप्त आवेदन एवं स्वीकृत दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जानकारी ली। डीसी ने मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद को शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों का ऑन द स्पॉट दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने को कहा। साथ ही, सभी दिव्यांगजनों को पेंशन योजना से लाभांवित करने के लिए बीडीओ मिथिलेश कुमार एवं अंचलाधिकारी दिलीप कुमार को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। वहीं, चास प्रखंड परिसर में आयोजित विशेष दिव्यांग शिविर में कुल 212 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिसमें से 193 को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी पीयूष कुमार, जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, जिला परिषद सदस्य निशा हेंब्रम व प्रखंड प्रमुख बेला देवी आदि उपस्थित थे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0–RWD/SD/GARHWA/18/2022-23**

**विशेष केन्द्रीय सहायता**

1. कार्य का विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड बड़गड़ अंतर्गत ग्राम–मदगड़ी च में मदगड़ी पुलिस पिकेट से पंचायत भवन जाने के रास्ते में आर0सी0सी0 कलभर्ट का निर्माण कार्य। | 60,77,000.00 | 10000.00 | 1,21,600.00 | 03 माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.02.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. प्रमण्डलीय कार्यालय गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 21.02.2023 को कार्यालय अवधि में।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 22.02.2023 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.– 7004019730
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. एनेक्चर– 02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ पत्र देना होगा।
11. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
12. निविदा में डाली गई सभी कागजात् सत्यता का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।
13. आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारण वश समयानुसार स्थगित एवं रद्ध किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02, गढ़वा

PR 289737 Rural Development(22-23)#D



e- Procurement Cell
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**BUILDING CIRCLE, HAZARIBAG**

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice)**
**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.-**BCD/BCHZB/BOKARO/20/2022-23Date:-08-02-2023**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDINGAT JARNGDIH ,BLOCK-BERMO,DIST-BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 2 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT KARO , BLOCK-BERMO , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 3 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT LAHARIYATAND , BLOCK-BERMO , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 4 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT BAT BINOR , BLOCK- CHANDANKIYARI , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 5 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT JHABRA , BLOCK- CHANDANKIYARI , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 6 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT KADUABITHA , BLOCK- CHANDANKIYARI , DIST- BOKARO. | रू055,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 7 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT GHATIYALI , BLOCK- CHAS, DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 8 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT KURA , BLOCK- CHAS , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 9 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT KUSAMA , BLOCK- CHAS , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 10 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT NAINATAND , BLOCK- GOMIA , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 11 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT TIKAHARA , BLOCK- GOMIA , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 12 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT WARIDARI , BLOCK- GOMIA , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 13 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT DANTU , BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 14 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT KHUDIBEDA , BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 15 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT MANJURA , BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 16 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT BHENDRA , BLOCK- NAWADIH ,DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 17 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT GONIYATO , BLOCK- NAWADIH , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |
| 18 | CONSTRUCTION OF HSC (Health &Wellness Centre) BUILDING AT PALAMU, BLOCK-NAWADIH , DIST- BOKARO. | रू0 55,25,400.00 | 06(SIX) MONTH |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 13.02.2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 20.02.2023 को अपराह्न 12.30 बजे |
| 3 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवनअंचल हजारीबाग। |
| 4 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546-222640 |
| 5 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer**
e- Procurement Cell
Office OfThe Superintending Engineer,
Building Construction Department
Building Circle, Hazaribag

PR 289686 Building (22-23)_D

## मथुरा कोर्ट में हाजिर हुए लड्डू गोपाल

# जज बोले- हमने मान लिया भगवान आये हैं, अगली डेट पर इनको न लायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्म स्थान शाही ईदगाह मामले में मंगलवार को मथुरा कोर्ट में वादी के रूप में भगवान को कोर्ट में हाजिर किया गया। कोर्ट ने 23 जनवरी को हुई सुनवाई के दौरान दाखिल वाद में 6 नंबर पर वादी बनाये गये भगवान केशव देव को गैर हाजिर माना था। गैर हाजिर होने की एवज में कोर्ट में दाखिल किये गये वाद में अन्य वादी भगवान की प्रतिमा लेकर कोर्ट पहुंचे थे। मंगलवार को मथुरा में सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में वाद संख्या 12/2023 में सुनवाई थी। इस मामले में 6 वादी हैं, जिसमें छठवें वादी के रूप में भगवान केशव देव को भी वादी बनाया गया था। इसी वाद में सुनवाई के दौरान मंगलवार को भगवान की प्रतिमा को लेकर अन्य वादी कोर्ट पहुंचे और कोर्ट के समक्ष भगवान ने हाजिरी लगायी। अदालत ने भगवान की उपस्थिति को स्वीकारा और अगली तारीख पर उनको न लाने के आदेश दे दिये। इस मामले में कोर्ट द्वारा अगली तारीख पर भगवान को न लाने के आदेश देने के बाद अब भगवान के सखा के रूप में अन्य वादी हाजिर होंगे। बता दें, वाद संख्या 12/2023 में भगवान सहित 6 वादी बनाये गये हैं। वाद संख्या 12/2023 में 6 वादी हैं, जिसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट, राष्ट्रीय ब्राह्मण युवाजन सभा, बिजनौर निवासी अनिल कुमार पांडे, महामंडलेश्वर धर्मेंद्र गिरी, सत्यम शर्मा और ठाकुर केशव देव महाराज हैं।



### क्या है श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर विवाद काफी पुराना है। मथुरा का ये विवाद कुल 13.37 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक से जुड़ा है। गौरतलब है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास 10.9 एकड़ जमीन का मालिकाना हक है, जबकि ढाई एकड़ जमीन का मालिकाना हक शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। हिंदू पक्ष शाही ईदगाह मस्जिद को अवैध तरीके से कब्जा करके बनाया गया ढांचा बताता है और इस जमीन पर भी दावा किया है। हिंदू पक्ष की ओर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने और ये जमीन भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान को देने की मांग की गयी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद हाइकोर्ट भी पहुंच गया था।

## हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी हो: लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** बिरनी थाना क्षेत्र के खंगराडीह निवासी बबन सिंह के 17 वर्षीय पुत्र, इंजीनियरिंग के छात्र विशाल सिंह की जला कर निर्मम हत्या कर दी गयी। हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन्हें फांसी देने की मांग को लेकर झंडा मैदान से टावर चौक गिरिडीह में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सजा दी जाये। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि जिस प्रकार खंडोली में बिरनी थाना क्षेत्र खंगराडीह के रहनेवाले इंजीनियरिंग के छात्र विशाल सिंह को जलाकर निर्मम हत्या की गई वह बहुत ही निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार हो रही लगातार घटना से शहर में डर की स्थिति पैदा हो गयी है।

## गोप में तेल और प्राकृतिक गैस की संधान, रिग मशीन लगा कर 10 हजार फीट की खुदाई की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी जिला गोप में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके लिए रिग मशीन लगा दी गई है और प्रारंभिक चरण में 10 हजार फीट नीचे खुदाई का काम शुरू हो गया है। खनन के बाद कच्चे माल को बाहर किया जायेगा। इसके बाद इसे पारादीप ऑयल रिफाइनरी को भेजा जायेगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद पता चलेगा कि यहां से कितना तेल और प्राकृतिक गैस निकलेगी। यदि पुरी गोप क्षेत्र में शुरू की गयी खुदाई उम्मीद के मुताबिक सफल रही, तो पूरे क्षेत्र की आर्थिक तकदीर बदल सकती है। गोप कुशुपुर अंचल के 8 एकड़ क्षेत्र में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज प्रक्रिया शुरू हो गयी है। प्रारंभिक चरण में 140 फीट ऊंची रिग मशीन लगायी गयी है। रिग मशीन लगने के बाद 17 इंच व्यास का बोरवेल 10 हजार फीट तक खोदा जायेगा। तेल की खोज के लिए 21 फुट के पाइप लगेगी।

## खोरधारोड मंडल का अंतर-मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता संगीत का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** खोरधारोड मंडल द्वारा कल्याण मंडप, ट्रैफिक कॉलोनी, खोरधारोड में अंतर-मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता संगीत का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संबलपुर, खोरधारोड, विशाखपट्टनम, मांचेस्वर वर्कशॉप और पूर्व तट रेलवे जोनल मुख्यालय, भुवनेश्वर की सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक संगीत टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अवसर पर खोरधारोड, मंडल रेल प्रबंधक, रिंकेश रॉय और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, शुभलक्ष्मी जेना ने विजेता टीमों को ट्रॉफियां और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये। इस अवसर पर रिंकेश रॉय ने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सांस्कृतिक गतिविधियां प्रतिभागियों के आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाती हैं और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार करती हैं। यह सांस्कृतिक प्रतियोगिता संगीत की 4 श्रेणियों अर्थात क्लासिकल वोकल, लाइट वोकल, इंस्ट्रुमेंटल क्लासिकल और इंस्ट्रुमेंटल लाइट के लिए आयोजित की गयी। मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेताओं ने आने वाले दिनों में होने वाली अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पूर्व तट रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे। समारोह के दौरान खोरधारोड मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (अवसंरचना) एवं मंडल सांस्कृतिक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार, शाखा अधिकारीगण और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यगण उपस्थित थे। खोरधारोड के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एवं मंडल सांस्कृतिक संघ के सचिव, रंजन कुमार मोहंती ने कार्यक्रम का संचालन किया।

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

## जेएसपी फाउंडेशन ने अंगुल के 40 छात्रों को ओपी जिंदल छात्रवृत्ति दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जेएसपी फाउंडेशन, जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सीएसआर शाखा ने अंगुल जिले के 40 मेधावी छात्रों को ओपी जिंदल स्टार स्कॉलरशिप और ओपी जिंदल ज्वेल स्कॉलरशिप से सम्मानित किया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अंगुल संतोष कुमार प्रधान ने चयनित मेधावी छात्रों को दामोदर मित्तल कार्यकारी निदेशक जेएसपी, जिला शिक्षा अधिकारी निरंजन साहू और जेएसपी सीएसआर फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किये।

संतोष कुमार प्रधान ने सभी छात्रों से बुनियादी मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करते हुए जीवन में एक महान व्यक्ति के सपने देखने का आग्रह किया। उन्होंने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए जेएसपी और जेएसपी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया।



दामोदर मित्तल ने इंजीनियर बनने के अपने सपने को पूरा करने की दिशा में अपने निजी जीवन की यात्रा के अनुभव साझा किए और छात्रों के वांछित सपने को प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता/छात्रवृत्ति के महत्व को व्यक्त किया। उन्होंने एक उद्योगपति के साथ-साथ परोपकारी के रूप में समाज के समग्र विकास में संस्थापकओम प्रकाश जिंदल के अनुकरणीय कार्य के बारे में बताया। उन्होंने जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल और जेएसपी फाउंडेशन के अध्यक्ष शालू जिंदल से मिल रही प्रेरणा के बारे में भी कहा। इस अवसर पर निरंजन साहू ने पुरस्कार विजेताओं को मनचाहा लक्ष्य हासिल करने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। ओपी जिंदल छात्रवृत्ति का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा और पेशेवर अध्ययन के लिए प्रेरित करना है। यह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कमजोर वित्तीय पृष्ठभूमि से उच्च प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण छात्रों के लिए योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति के रूप में कल्पना की गयी है। इस वर्ष जिले के 40 मेधावी छात्रों को ओपी जिंदल ज्वेल स्कॉलरशिप के तहत 13 छात्रों और ओपी जिंदल स्टार स्कॉलरशिप के तहत 27 छात्रों को उनकी उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2010 से जिले के कुल 1052 विद्यार्थियों को यह ओपी जिंदल छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की
रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Cort Epiphone Zildjian Roland MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-33303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate
the opening Ceremony of our
New Restaurant
Venue :
Sector-9 Near Hatia More
Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

## पूर्व तट रेलवे जीएम ने अनगुल-झारसुगुडा रोड-संबलपुर रेलवे खंड का किया निरीक्षण

- झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर-अंगुल रेलवे सेक्शन में परेशानी मुक्त ट्रेन संचालन को प्राथमिकता
- सरला में आरओएच सुविधा के साथ मालगाड़ी परीक्षण के लिए निर्माण कार्य का निरीक्षण
- क्षेत्र में चल रही रेलवे परियोजनाओं को गति देने के लिए रेलवे अधिकारियों को निर्देश
- रेलवे अधिकारियों के साथ संबलपुर में चल रहे रेल आधरभूत संरचना कार्यों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (पूतरे) के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने संबलपुर क्षेत्र के साथ अनगुल और झारसुगुड़ा के बीच जरपड़ा-झारसुगुड़ा रोड रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया और संबलपुर में रेलवे अधिकारियों के साथ क्षेत्र में चल रही विभिन्न रेलवे परियोजनाओं और ढांचागत निर्माण कार्यों की समीक्षा की।



श्री शर्मा ने जरपड़ा और झारसुगुड़ा रोड के बीच विंडो ट्रेलिंग वाले डबल लाइन सेक्शन का निरीक्षण किया और मार्ग में स्टेशनों पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं के साथ-साथ सुचारू ट्रेन संचालन के लिए विभिन्न यातायात सुविधा कार्यों और अन्य बुनियादी कार्यों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने सरला में आरओएच सुविधा के साथ मालगाड़ी परीक्षण के लिए निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया और संबलपुर में रेलवे अधिकारियों के साथ चल रहे रेलवे अवसंरचनात्मक कार्यों और निर्माणाधीन रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा की। विनीत सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर और मुख्यालय तथा संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया और निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा की सहायता की।

श्री शर्मा ने रेलवे अधिकारियों को सलाह दी कि वे क्षेत्र में चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों में तेजी लाएं और स्थानीय प्रशासन सहित सभी एजेंसियों के साथ जमीनी स्तर पर तालमेल बनाकर रखें, ताकि चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's Today
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BLUE BANSI
RESTAURANT
PURE VEG
INDIAN
JAIN FOOD
SOUTH INDIAN & CHINESE
NASTA ALSO available
BESIDE OVERBRIDGE, MAIN ROAD
FOR BOOKING CONTACT : 9608168613



## संबलपुर मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर मंडल द्वारा आठ से 12 फरवरी तक रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में अंतर्विभागीय खेल प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में संबलपुर मंडल के सभी विभागों ने भाग लिया। अंतर-विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं अंजनी सिंह, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर और आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारियों को खेलकूद में भाईचारे और खेल भावना की भावना से भाग लेना चाहिए, जो सरकारी कामकाज में भी दिखायी देगा।उद्घाटन वॉलीबॉल मैच लेखा+चिकित्सा+निर्माण (संयुक्त) टीम बनाम विद्युत (टीआरडी) विभाग की टीम के बीच खेला गया, जिसमें लेखा+चिकित्सा+निर्माण (संयुक्त) टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। इस अवसर पर खेल अधिकारी डॉ मनोज कुमार बेहेरा, मंडल के अन्य अधिकारी इस कार्यक्रम के साक्षी बने।



अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं विहित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
ए.एन.एम A.N.M
डी.फार्मेसी D.Pharmacy
बी.एड. B.Ed.
बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing
डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**